# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




- 971 से अधिक लोग घायल
- 10 हजार से अधिक मौतों की आशंका
- देश में इमरजेंसी घोषित की गई

## वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप

### 164 की मौत

# 'ढह' गई राजधानी

40 सेकंड के अंतराल पर 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो बड़े झटके, 60 सेकंड तक हिलती रही राजधानी काराकास

### वेनेजुएला को हर संभव सहायता देने के लिए तत्पर भारत, पीएम मोदी ने जताई संवेदनाएं

एजेंसी ▶▶ काराकास/ नई दिल्ली

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए लगातार दो शक्तिशाली भूकंपों ने भीषण तबाही मचाई है। बुधवार को देश के उत्तरी तट के पास महज 40 सेकंड के अंतराल पर 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो बड़े झटके महसूस किए गए। इस आपदा में अब तक आधिकारिक तौर पर 164 लोगों की मौत हो चुकी है और 971 से अधिक लोग घायल हैं। हालांकि, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने आशंका जताई है कि मलबे और भारी नुकसान को देखते हुए मरने वालों का आंकड़ा 10,000 के पार जा सकता है।

भूकंप का केंद्र राजधानी काराकास के पश्चिम में याराकुय राज्य में था, लेकिन इसके भीषण झटके पूरे मध्य और पश्चिमी वेनेजुएला में महसूस किए गए। काराकास में कई बहुमंजिला इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। दीवारों के गिरने से चारों तरफ धूल का गुबार छा गया और लोग जान बचाने के लिए सड़कों पर भागते नजर आए। आपदा के कारण देश का टेलीकम्युनिकेशन और बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर ▶▶ शेष पेज 4 पर



भूकंप से डरे जान बचाकर भागते लोग

### भारत समेत दुनिया के कई देशों ने बढ़ाया मदद का हाथ

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए वेनेजुएला के प्रति एकजुटता जताई है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में हर संभव मदद के लिए तैयार है। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक विशेष टीम को खोजी उपकरणों और चिकित्सा सामग्री के साथ वेनेजुएला भेजने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी विदेश मंत्रालय और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी वेनेजुएला को इस संकट से उबरने के लिए हर संभव अंतरराष्ट्रीय मदद और राहत सामग्री भेजने का भरोसा दिया है। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### गूगल ने पहले ही जारी किए थे अलर्ट?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, गूगल ने अपने एंड्रॉइड अर्थक्वेक अलर्ट्स सिस्टम के जरिए वेनेजुएला के लोगों को विनाशकारी भूकंप के झटके महसूस होने से कुछ सेकंड पहले ही चेतावनी दे दी थी। गूगल ने दरअसल भूकंप की भविष्यवाणी नहीं की थी, बल्कि उसने भूकंप के शुरुआती ▶▶ शेष पेज 4 पर



घायलों का रेस्क्यू


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### ईपीएफओ का पोर्टल 3 दिन के लिए बंद



**नई दिल्ली।** ईपीएफओ एक बड़े सिस्टम माइग्रेशन के चलते अपने ऑनलाइन क्लेम प्रोसेसिंग पोर्टल को अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। जारी नोटिस के मुताबिक, मेंबर पोर्टल, एम्प्लॉयर पोर्टल और उमंग एप पर सेवाएं 26 जून 2026 की रात 12:00 बजे से 28 जून 2026 की रात 11:59 बजे तक बंद रहेंगी।

### राहुल गांधी ने जताया खेद कार्तिकेय चौहान भी नरम



**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उस याचिका पर सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। राहुल के वकील ने कहा कि बयान में उनका इरादा छग के तत्कालीन सीएम के पुत्र का नाम लेने का था, उन्होंने खेद जताया है। कार्तिकेय ने भी याचिका वापस लेने की इच्छा जताई है।

### निर्मला सप्रे दल-बदल विवाद कांग्रेस की याचिका खारिज



**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट से बीना विधायक निर्मला सप्रे के दल-बदल विवाद में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने स्पीकर को मामले के शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश देने से इंकार कर दिया।

## मप्र में सरकारी कर्मचारियों के प्रमोशन का रास्ता साफ

10 साल बाद राज्य के कर्मचारियों का इंतजार खत्म

# 4.50 लाख सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों का फिर से होगा प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के करीब 4.50 लाख सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सूबे में मई 2016 से पूरी तरह बंद पड़ी पदोन्नति (प्रमोशन) की प्रक्रिया अगले 10 से 15 दिनों में दोबारा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा साल 2025 में किए गए वादे को अमलीजामा पहनाते हुए राज्य सरकार ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। कानूनी अड़चनों को दूर करने के लिए दिल्ली और जबलपुर के वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों से राय मशविरा करने के बाद 17 जून को कैबिनेट की बैठक में 'मध्यप्रदेश लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025' को हरी झंडी दे दी गई थी। इस ऐतिहासिक फैसले के क्रियान्वयन को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 24 जून को उच्च स्तरीय बैठक कर बरसों पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को खत्म करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही संभाग आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिशा-निर्देश जारी कर अलर्ट रहने को कहा गया है।

*अनुमान है कि सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन से करीब 2 लाख पद रिक्त होंगे, जिन पर सरकार नई भर्तियां करेंगी*

10-15 दिनों में शुरू होगी पदोन्नति प्रक्रिया



***कैबिनेट की मंजूरी के बाद विभाग अलर्ट मोड पर***

***'मध्यप्रदेश लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025' को हरी झंडी***

### मुख्यमंत्री ने किया था ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2025 में ही बंद पड़ी पदोन्नति प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने कई दौर की बैठकों और कानूनी सलाह-मशविरों के बाद नया पदोन्नति नियम तैयार किया। अब अंतिम प्रशासनिक तैयारियां पूरी होने के साथ कर्मचारियों का लंबा इंतजार खत्म होता दिखाई दे रहा है।

### युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

'राज्य सरकार के इस कदम से जहां एक तरफ एक ही पद पर सालों से जमे 4.50 लाख शासकीय सेवकों को उच्च पदों पर जाने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी तरफ बड़े पैमाने पर खाली होने वाले पदों से युवाओं के लिए नौकरियों का नया रास्ता खुलेगा। अनुमान है कि सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन से करीब 2 लाख पद रिक्त होंगे, जिन पर सरकार नई भर्तियां करेगी।

### 2016 से क्यों थमा था प्रमोशन का पहिया?

मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति मई 2016 से आरक्षण विवाद और न्यायालय में लंबित मामलों के कारण पूरी तरह ठप पड़ी थी। इस 10 साल की लंबी रुकावट के चलते प्रदेश के लाखों कर्मचारी बिना किसी प्रमोशन के ही सेवानिवृत्त (रिटायर) हो गए। अब नए नियमों में अनुसूचित जाति (एससी) को 16% और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को 20% प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए मैरिट और वरिष्ठता के संतुलन के साथ नया मसौदा तैयार किया गया है, जिससे सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके।

## नीट परीक्षार्थी ने की आत्महत्या

# कुए में कूदने से पहले वीडियो बना अपनी मां से मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ हिंगोली

वीडियो में गहरे दर्द का किया जिक्र



महाराष्ट्र के हिंगोली जिले से एक झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां नीट (यूजी) की परीक्षा देने वाले 18 वर्षीय छात्र सुशील धागे ने कथित तौर पर कुए में कूदकर खुदकुशी कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से ठीक पहले सुशील ने मोबाइल पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल

### तेजस एक्सप्रेस में परोसी गई मक्खी वाली बिरयानी



रेलवे की कैटरिंग पर उठे सवाल अधिकारियों ने मांगी माफी

**मुंबई/अहमदाबाद।** भारतीय रेलवे की प्रीमियम और वीआईपी ट्रेनों में शुमार 'तेजस एक्सप्रेस' में खानपान की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अहमदाबाद से मुंबई सेंट्रल के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 82902) में सफर कर रहे एक यात्री को परोसे गए वेज बिरयानी कॉम्बो मील में मरी हुई मक्खी मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित यात्री ने ▶▶ शेष पेज 4 पर






## अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामले में एक्शन शुरू

ट्रस्ट महासचिव चंपत राय अनिल मिश्रा और गोपाल राव को बचाया गया

# एसआईटी की सिफारिश पर 8 नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, सभी हिरासत में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ लखनऊ

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की कथित चोरी के मामले में अब तक का सबसे बड़ा एक्शन सामने आया है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की सिफारिश के बाद श्रीराम जन्मभूमि कोतवाली में आठ से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सूत्रों के मुताबिक, यह मुकदमा खुद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से लिखवाया गया है, जिसके बाद जांच का दायरा और गंभीर हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं (जैसे 306, 316(5), 317(4), 317(5), 61 और ▶▶ शेष पेज 4 पर




एआई इमेज

***एफआईआर में मुख्य रूप से टिन्नू यादव, लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा सहित आठ लोगों को नामजद किया गया***

### आप सांसद संजय सिंह ने लगाए गंभीर आरोप

### एसआईटी को सौंपे 11 सौदों के दस्तावेज

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह राम मंदिर चढ़ावा चोरी और जमीन खरीद में कथित गड़बड़ी के दस्तावेजी सबूतों के साथ एसआईटी अध्यक्ष विजय विश्वास पंत के दफ्तर पहुंचे। सिंह ने एसआईटी प्रमुख को 3 पन्नों का शिकायती पत्र और 11 जमीन सौदों के दस्तावेज सौंपे। आरोप लगाया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बाजार भाव और सर्किल रेट से कई गुना अधिक कीमत पर जमीनें खरीदी हैं। दावा किया कि 2 करोड़ की जमीन 18.5 करोड़ में और 9 करोड़ की जमीन 55 करोड़ से ज्यादा में खरीदी गई। इन दस्तावेजों को जांच में शामिल कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका 29 जून को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चंदा विवाद और कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मामले में एफआईआर दर्ज करने और सीबीआई की विशेष टीम (एसआईटी) से गबन की जांच कराने की मांग को लेकर शीर्ष अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई है। गुरुवार को ▶▶ शेष पेज 4 पर

# निर्जला एकादशी पर भक्तों ने की व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना, 11 क्विंटल आमों से सजाया खाटू श्याम का बागीचा


राजधानी में 11 क्विंटल आम से सजाया बाबा खाटू श्याम का बागीचा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निर्जला एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को भक्तों ने एकादशी का व्रत रखकर मंदिर में भगवान के दर्शन किए, तो वहीं कई लोगों घर पर ही भगवान विष्णु की सत्यनारायण की कथा व पूजा कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। राजधानी के श्रीजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पुजारियों ने विशेष पूजा-पाठ की, तो वहीं लोगों ने गरीबों को दान दिया। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि साल में आने वाली 24 एकादशियों में से निर्जला एकादशी सबसे अधिक महत्व रहता है। जिन भक्तों ने यह व्रत कर लिया। उन्होंने 24 एकादशी व्रत का फल मिलता है।


खाटूश्याम मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़।

### भगवान को लगाया 56 भोग, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्लेटिनम प्लाजा स्थित मां वैष्णोधाम आदर्श नव दुर्गा मंदिर स्थापित खाटू श्याम महाराज को 11 क्विंटल आम-फूलों के बंगले में विराजमान किया गया। भगवान को 56 भोग भी लगाया गया। सिंधी कॉलोनी (पुतलीघर) स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अखिल भारतीय संत समिति मप्र अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी व मंदिर के मुख्य पुजारी अनिलानंद महाराज ने बताया कि बाबा का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। सुबह से देर शाम तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। कई भक्त बाबा को निशान अर्पित कर 'हारे के सहारे' के जयकारे लगाए। सेवादारों द्वारा श्याम बाबा और सभी देवी-देवताओं का आकर्षक फूलों से श्रृंगार किया गया। सुबह 7:30 बजे श्याम बाबा की मंगला आरती की गई। सुबह 11 बजे और शाम 8:30 बजे भोग आरती हुई। शाम 7:30 बजे सांयकालीन महाआरती के बाद बाबा का भव्य और दिव्य दरबार सजाया गया, जहां ज्योत प्रज्ज्वलित कर आहुतियां प्रदान की गई। दिनभर में अनुमान है कि 17 हजार से अधिक भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन किए। इसी तरह श्री बांके बिहारी लाल जी मार्कण्डेय महाराज मंदिर चौबदारपुरा तलैया में भगवान का विशेष श्रृंगार कर पूजन पाठ किया गया। इस तरह राजधानी में कई जगहों पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

---

## खबर संक्षेप

### प्रदेश का पहला गो स्तंभ बनेगा गो सेवा एवं पर्यटन का संगम

**भोपाल।** गौ-सेवा एवं श्री कृष्ण भक्ति के अनूठे संगम का दर्शन अब राजधानी के पास ही सम्राट अशोक सागर बांध के किनारे बने बृजमोहन रामकली गौ-संरक्षण केंद्र में हो सकेगा। राजस्थान के किशनगढ़ से मंगवाए गए नक्काशीदार पत्थरों से यहां प्रदेश का पहला गौ-गोपाल मंदिर एवं गौ-स्तंभ अब पूर्णाकार की ओर है। मंदिर के ऊपर बने गो-स्तंभ की ऊंचाई 37 फिट है, जिसमें 6 फिट की संगमरमर से निर्मित गाय-बछड़े की प्रतिमा लगाई गई है। केंद्र के अध्यक्ष प्रहलाद दास मंगल एवं सचिव प्रमोद नेमा ने बताया कि भोपाल संभाग में मॉडल गौशाला का खिताब प्राप्त इस केंद्र में शिवालय, हनुमान मंदिर एवं अखंड धूना 35 वर्षों से प्रज्वलित है, वास्तु पर आधारित इस मंदिर की अनुमानित लागत लगभग 50 से 60 लाख रुपए होगी। यहां पर गौ माता की पूजन करते हुए श्री कृष्ण की प्रतिमा के साथ केंद्र में रह रही लगभग 1500 गायों का पूजन भी प्रतिदिन होगा।

### आईईएचई एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के बीच एमओयू



**भोपाल।** राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, रांची के बीच गुरुवार को एक एमओयू किया गया। एमओयू के तहत रिसर्च स्कॉलर्स एवं फैकल्टी एक्सचेंज, वैज्ञानिक शोध, अकादमिक प्रोजेक्ट्स, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस एवं संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। एमओयू से दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों, रिसर्च स्कॉलर्स एवं फैकल्टी को लाभ होगा। साथ ही दोनों संस्थाओं के बीच जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट एवं पेटेंट पर भी कार्य किया जाएगा। एमओयू के दौरान सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के कुलगुरु, प्रोफेसर सारंग मेडेकर, रजिस्ट्रार, के. खोसला राव, डीन, प्रोफेसर मनोज कुमार तथा आईईएचई के संचालक, डॉक्टर प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल, प्रोफेसर अमित जैन, प्रोफेसर महेंद्र सिंह, प्रोफेसर सभाकांत द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. वट्टी ने अमेरिका के विवि से पूर्ण किया लंग्स ट्रांसप्लांट प्रशिक्षण



**भोपाल।** एम्स भोपाल के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विक्रम वट्टी ने अमेरिका के वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में फेफड़ा प्रत्यारोपण (लंग ट्रांसप्लांट) संबंधी विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह प्रशिक्षण वेंडरबिल्ट लंग ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के सर्जिकल निदेशक एवं थोरेसिक सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. कोनराड होएप्सनेकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जो फेफड़ा प्रत्यारोपण शल्य चिकित्सा के क्षेत्र के विश्व-प्रसिद्ध सर्जन हैं।

---

### अधूरी तैयारी में शुरू हुई आरएसएस मार्केट की शिफ्टिंग

# दुकानों में घुस रहा बारिश का पानी नहीं बने बैरिकेड्स, व्यवसाई नाराज

**दुकानदारों ने शिफ्टिंग से किया इंकार, पीने का पानी तक नहीं, अभी तक नहीं दिए गए हैं दस्तावेज**


पांच नंबर स्थित आरएसएस मार्केट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

5 नंबर स्टॉप स्थित आरएसएस मार्केट के री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत दुकानदारों को अस्थाई दुकानों में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन सुविधाओं की कमी को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी है। गुरुवार को 65 में से 26 दुकानदारों का अस्थाई दुकानों का आवंटन किया गया, जबकि कई व्यापारी वहां जाने के लिए तैयार नहीं हैं।

मार्केट व्यवसाई संघ के अध्यक्ष फैजान हैदर ने आरोप लगाया कि जिन अस्थाई दुकानों में व्यापारियों को भेजा जा रहा है, वहां अभी तक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। पीने के पानी, शौचालय, पार्किंग और बिजली कनेक्शन जैसी जरूरी व्यवस्थाएं अधूरी हैं। उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में व्यापार करना संभव नहीं है। विशेष रूप से महिला दुकानदारों और ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### अभी तक नहीं मिले एग्रीमेंट के दस्तावेज

दुकानों में सेल्टर और बैरिकेट्स तक नहीं हैं, जिसकी वजह से बारिश का पानी दुकानों में घुस रहा है, दुकानदारों ने कहा कि अभी शिफ्टिंग करने को हम तैयार नहीं हैं। अभी तक एग्रीमेंट का पेपर भी नहीं मिला है। बारिश के बाद शिफ्ट करेंगे।

#### जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं

व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानें पिछले करीब 50 वर्षों से इसी मार्केट में संचालित हो रही हैं। वर्षों की मेहनत से खड़ा किया गया कारोबार अचानक दूसरी जगह ले जाना आसान नहीं है। उनका कहना है कि जब तक अस्थाई परिसर में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो जातीं, तब तक शिफ्टिंग का दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए।

#### आरएसएस मार्केट का पुनर्विकास लगभग 650 करोड़ रुपए से

आरएसएस मार्केट का पुनर्विकास लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।



परियोजना के तहत पुराने मकानों और दुकानों की जगह आधुनिक सुविधाओं वाला नया परिसर बनाया जाएगा। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि ढाई साल पहले जिन आवासों को तोड़ा गया था, वहां रहने वाले कई परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है और कुछ लोग आज भी जर्जर एवं खंडहरनुमा भवनों में रहने को मजबूर हैं।

#### दो दुकानदार शिफ्ट हो गए



हाउसिंग बोर्ड के सहायक यंत्री अर्जुन गौर ने बताया कि अब तक 26 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है और दो दुकानदार शिफ्ट भी हो गए हैं। शेष दुकानों का आवंटन जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

---

### इलाज के लिए भटक रहे कैंसर के मरीज, बजट का अभाव

# हमीदिया अस्पतालः 75 करोड़ से बंकर तैयार लेकिन उपकरण खरीदने 45 करोड़ का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया में जिन कैंसर मरीजों को सर्वसुलभ उपचार दिया जाना था, उन उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। कारण है कि ढांचागत सब व्यवस्थाएं होने के बाद जिन ट्रीटमेंट उपकरणों को खरीदना है, उसके लिए शासन ने राशि प्रदान नहीं की है। शासन की नीति के अनुसार अस्पताल में बढ़ते कैंसर रोगियों को यहीं पर समुचित इलाज दिया जाना था। वर्तमान में कमला नेहरू में व्यवस्थाएं हैं। लेकिन मौजूदा तकनीक के हिसाब से यहां इलाज सुविधा शून्य है। नतीजतन गांधी मेडिकल कॉलेज के हमीदिया में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ ही मरीजों को लाभ देने की भूमिका तैयार की थी। इसके लिए यहां प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत 75 करोड़ रुपए से बंकर तैयार किए हैं। जिनमें मरीजों की समुचित गामा किरणों से सुरक्षा के विशेष इंतजाम हैं। एक साल से बंकर बनकर तैयार हैं। अब दिक्कत यह है कि जब तक उपकरण नहीं आएंगे। तब तक यहां मरीजों का इलाज नहीं हो सकता है। रेडिएशन थैरेपी मशीन लीनियर एक्सलरेटर, साइबर नाइफ, गामा नाइफ, इमेजिंग एण्ड प्लेनिंग जैसे सीटी सिम्युलेटर, पेट सिटी स्कैन एमआरआई जैसी मशीनों की खरीदी की जाना है।





हमीदिया अस्पताल।

#### इन उपकरणों की जाना है खरीदी

▶▶ रेडिएशन ▶▶ थैरेपी, लीनियर
▶▶ एक्सलरेटर, ▶▶ गामा और
▶▶ इमेजिंग प्लेनिंग

#### बंद पड़ी कीमो मशीन

गांधी मेडिकल कॉलेज के अधीन चलने वाले कमला नेहरू गैस राहत अस्पताल में कैंसर रोगियों के उपचार की व्यवस्था की गई थी। यहां बाकायदा कीमों की मशीन भी आई थी। लेकिन वह बंद पड़ी हुई है। उसको सुधार नहीं गया है। इसकी शिकायतें कलेक्टर से भी की गई। लेकिन आज तक सुधार नहीं हो पाया है।

#### मशीनों की खरीदी के लिए भेजा है प्रस्ताव

कैंसर रोगियों के उपचार के लिए अस्पताल में बंकर तैयार है। लेकिन मशीनों की खरीदी नहीं हुई है। इसके लिए करीब 45 करोड़ रुपए की आवश्यकता है, जिसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। राशि प्राप्त होते ही मशीनों की खरीदी होगी।
**डॉ कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी**

---

### पदस्थापना-स्थानांतरण विवाद गहराया

# छात्रावास वार्डनों की पदस्थापना में नियमों की अनदेखी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में छात्रावास वार्डनों की पदस्थापना एवं स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता दिखाई दे रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जिला शिक्षा केंद्र में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र के नियमों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से पदस्थापनाएं की जा रही हैं, जिससे पात्र अभ्यर्थियों में भारी असंतोष व्याप्त है। ताजा मामला कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेमलीजदीद से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार ज्योति कुशवाह, जो पूर्व में बालक छात्रावास सीहोर में वार्डन पद पर कार्यरत थीं, उन्हें निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद पुनः वार्डन पद पर पदस्थ कर दिया गया। आरोप है कि यह नियुक्ति राज्य शिक्षा केंद्र के नियमों की भावना के विपरीत की गई है, जबकि उक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों द्वारा विधिवत आवेदन भी प्रस्तुत किए गए थे। इसके साथ ही जिला शिक्षा केंद्र में एक शिक्षक को स्थापना शाखा का प्रभार दिए जाने पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

#### 10 से 14 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ

दूसरी ओर जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों में पदस्थ वार्डनों को लेकर भी गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार कई वार्डन 10 से 14 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं। जबकि इन छात्रावासों में पदस्थापना एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया गत वर्ष ही पूर्ण हो चुकी थी, इसके बावजूद आज तक संबंधित आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

---

### विद्यार्थियों में कौशल, योग और सामाजिक सरोकार किए जाएं विकसित

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को मिले अधिक से अधिक अवसरः राज्यपाल पटेल

**राज्यपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई विवि समन्वय समिति की बैठक**

**विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के जज्बे को सुदृढ़ करने का काम करें विश्वविद्यालय**


राज्यपाल की अध्यक्षता में बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को लोकभवन में विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 102वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत_ 2047 की संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रदेश के युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए सभी वर्गों से सतत विचार-विमर्श करते रहे हैं, जिसमें युवा भी शामिल हैं। विश्वविद्यालयों का दायित्व है कि विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के जज्बे को और अधिक सुदृढ़ करने में अपना सक्रिय योगदान दें। बैठक में शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के संचालन एवं समन्वय संबंधी विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को सेवायोजित पूर्व विद्यार्थियों के लिए हर 2 वर्ष में प्लेसमेंट सम्मेलन आयोजित करने की सलाह दी है। प्लेसमेंट सम्मेलन में वर्तमान छात्र-छात्राओं को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलेगा। विश्वविद्यालय का गौरव भी बढ़ेगा।

#### सामाजिक संवेदनशीलता से जोड़ना भी जरूरी

राज्यपाल पटेल ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के विश्वास के साथ उन्हें विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने भेजते हैं। इस विश्वास को बनाए रखना कुलगुरुओं और प्राध्यापकों की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को ज्ञान और कौशल के साथ सामाजिक संवेदनशीलता से भी जोड़ना जरूरी है। विवि गांव को गोद लेकर ग्रामीणों के साथ संवाद और विकास गतिविधियों में विद्यार्थियों की सहभागी बनाएं। पिछड़े समुदायों एवं क्षेत्रों के विकास की अभूतपूर्व योजना पीएम-जनमन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विद्यार्थियों को भी जोड़ें।

---

### मीसाबंदी पं. दुबे का महापौर ने किया शॉल-श्रीफल से सम्मान


मीसाबंदी पं. दुबे को सम्मानित करती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इशारे पर देश में आपातकाल लगाया गया। 25 जून को आपातकाल काला दिवस पर सांसद आलोक शर्मा व महापौर मालती राय ने मीसाबंदी मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे का शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि आपातकाल को इसलिए याद किया जाता है कि जिन्होंने आपातकाल नहीं देखा जिन्होंने उन विपरीत परिस्थितियों का सामना नहीं किया वे उन परिस्थितियों से अवगत हों। देश के युवा को यह पता होना चाहिए कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर बुद्धिजीवियों के आंदोलनों को उनकी आवाज को उनके विचार को कुचलने का काम किया।

---

### मातमी धुनों के बीच निकलेंगे पांच सौ से अधिक छोटे-बड़े ताजिए

शीरीन नदी और गिन्नौरी घाट पर होगा विसर्जन

# यौम-ए-आशूरा पर आज निकलेगा मातमी जुलूस, या हुसैन की रहेगी गूंज, बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे धर्मावलंबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईराक के करबला मैदान में शहीद हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल. के नवासे और उनके परिवार के 72 लोगों की शहादत मोहर्रम की दसवीं तारीख आशूरे के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करेंगे। जिनकी याद में ताजिए निकालकर मातमी जत्थे निकाले जाएंगे। शहर के अलग-अलग जगहों से जुलूस के रूप में छोटे बड़े तीन सौ से अधिक ताजिए पीर गेट पर जमा होंगे। जहां से उन्हें गिन्नौरी घाट और शीरीन नदी में विसर्जित किया जाएगा।

**सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा जुलूस**



शिया समुदाय का मोहर्रम का जुलूस सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा। रेलवे स्टेशन स्थित ईरानी इमामबाड़ा और काजी कैम्प स्थित इमामबाड़ा से मातमी जत्थे भोपाल टाकीज पर जमा होंगे। वहां से वह पीरगेट की ओर रवाना होंगे। इस मौके पर मजलिस करते हुए समुदाय के उलेमा इमाम हुसैन की यहादत पर तकरीर करेंगे।

#### हिंदू परिवार और किन्नर निकालेंगे ताजिये

मोहर्रम में निकलने वाले विशाल ताजियों में मंगलवारा और बुधवारा के किन्नर गुरु के ताजिए निकाले जाएंगे। नवाबी रियासत से निकाले जाने वाले एक दर्जन हिंदू परिवारों के ताजिये भी इसमें शामिल होंगे। ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष अहमद खुर्रम का कहना है कि ताजिये हमारे शहर की गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे का प्रतीक हैं। इसमें मुसलमानों के साथ कई अन्य समाज के हजारों लोग शामिल होते हैं।

#### मोहर्रम की दसवीं तारीख का महत्व

मोहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता, इस महीने से इस्लाम का नया साल शुरू होता है। करीब 1400 वर्ष पहले इसी दिन इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत हसन और हुसैन को कत्ल किया गया था। इसी घटना की याद में मुस्लिम समाज का एक तबका हर साल मोहर्रम महीने की दस तारीख को गम के रूप मनाता है। बंदे इस दिन रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं।

---

### जनशिक्षक पदों के लिए आयुसीमा की मांग

# स्थानांतरण नीति को लेकर शिक्षक संगठनों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों के तबादले के लिए इस बार लागू की गई स्वैच्छिक स्थानांतरण नीति-2026 को लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। शिक्षक संगठनों के अनुसार, नीति की विसंगतियों के कारण प्रदेश में बड़ी में शिक्षक इस प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित हो गए हैं। पोर्टल पर तय नियमों, तकनीकी खामियों एवं अव्यवहारिक शर्तों के चलते पात्र शिक्षक आवेदन तक नहीं कर सके हैं। वहीं तबादले को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवेदन के लिए 24 जून तक की तिथि तय की थी। शिक्षक संगठनों ने कहा है कि पोर्टल पर शिक्षकों की सेवा संबंधी जानकारी त्रुटिपूर्ण प्रदर्शित हुई, कई पात्र शिक्षकों को गलत तरीके से अपात्र बताया गया तथा रिक्त पदों की जानकारी भी स्पष्ट एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई।

शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल का कहना है कि ने राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के संचालक को ज्ञापन सौंपकर विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक पदों के लिए तय अधिकतम आयु सीमा 52 वर्ष के स्थान पर 56 वर्ष किए जाने की मांग की है। बता दें कि राज्य शिक्षा केंद्र ने विकासखंड अकादमिक समन्वयक (बीएसी) और जनशिक्षक के पदों के लिए आवेदन बुलाए हैं। इसके लिए 15 जुलाई तक आवेदन बुलाए गए हैं।

भोपाल
शुक्रवार, 26 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -12
वर्ष : 13, अंक : 85
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 26

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## विदेश जाना हुआ महंगा
### पासपोर्ट फीस में इजाफा, 1 जुलाई से लागू होंगी नई दरें



नई दिल्ली। विदेश यात्रा, पढ़ाई या नौकरी के लिए पासपोर्ट बनवाने वाले नागरिकों को अब अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी होगी। केंद्र सरकार ने नया पासपोर्ट बनवाने और पुराने को रिन्यू कराने के शुल्क में बड़ा इजाफा किया है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026 के तहत नई दरें 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में प्रभावी हो जाएंगी। नए नियमों के मुताबिक, 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्कों ▸▸ शेष पेज 4 पर

[1] ऐसी दहशत : मोहर्रम के जुलूस में प्रदर्शन के दौरान हुई घटना

# क्रेन पर वैन लटकाई और 'विस्फोट' से उड़ा दिया, लिखा-ले फिर आ गए

पुलिस ने कहा- जुलूस की अनुमति थी, विस्फोटक की नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

बड़नगर में मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक वैन (टाटा मैजिक) में किए गए विस्फोट का वीडियो सामने आया है। घटना 23 जून की रात की बताई जा रही है। बड़नगर के अडान मोहल्ले से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस में एक वैन को क्रेन की मदद से करीब 40 फीट ऊंचाई पर लटकाया गया। वैन ▸▸ शेष पेज 4 पर



वैन को क्रेन पर लटकाया, फिर धमाका

### वैन को उड़ाने वाले 4 लोगों पर केस

उज्जैन के एडिशनल एसपी करनदीप सिंह ने बताया कि अड़ान मोहल्ले में जेसीबी से गाड़ी को ब्लास्ट करने के मामले में 4 लोगों (आयोजक शोएब खान, गाड़ी पर झंडे लहरा रहे तालीम खान और जाहिद खान, क्रेन ▸▸ शेष पेज 4 पर

[2] ऐसी अमानवीयता: राजधानी में करंट से युवक की मौत

# चार घंटे लटका रहा शव, पुलिस बनाती रही पंचनामा... लाइनमैन मौके से भागे

युवक को 500 रुपए देने का दिया था लालच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



जितेंद्र कुशवाहा

राजधानी के बिलखिरिया क्षेत्र में बिजली लाइन पर काम करने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने बिजली विभाग के दो कर्मचारियों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि लाइनमैन ने खुद काम करने के बजाए एक निजी युवक को खंभे पर ▸▸ शेष पेज 4 पर



बिजली के तार पर मृतक

### मृतक को कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे

बंटी कुशवाहा ने बताया कि जितेंद्र पहले भी बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ निजी तौर पर काम कर चुका था। इस दौरान उसे दो बार करंट लग चुका था। दोनों बार उसे किसी तरह के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### ट्रेनों में भाला और भारी खेल उपकरण ले जाने की अनुमति



नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने देश के खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए ट्रेनों में भाला (जैवलीन) और अन्य भारी खेल उपकरण ले जाने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, तकनीकी कारणों से पोल वॉल्ट के पोल को इस छूट से बाहर रखा गया है। जारी सर्कुलर के अनुसार, खिलाड़ी तय माल ढुलाई शुल्क का भुगतान कर इन बड़े और नाजुक उपकरणों को ट्रेन के पार्सल वैन में प्राथमिकता के आधार पर ले जा सकेंगे।

### कमर्शियल पैक्ड एलपीजी पर लगी पाबंदियां हटीं



नई दिल्ली। अमेरिका-ईरान के बीच समझौता होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्या खुल गया है। इसी के चलते सरकार ने एलपीजी सप्लाई को संकट से पहले के स्तर पर बहाल करने का फैसला किया है। सरकार ने होटलों और अन्य जगहों पर कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई को वेस्ट एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया है और सेक्टर-वाइज पाबंदियां हटा ली हैं।

### नकली दवाओं पर लगाम अब क्यूआर कोड अनिवार्य



नई दिल्ली। देश में नकली और घटिया दवाओं की बिक्री रोकने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब वैक्सीन, एंटी-कैंसर, एंटी माइक्रोबियल्स और नारकोटिक्स दवाओं पर क्यूआर कोड या बारकोड लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने औषधि नियम में संशोधन कर इन्हें शेड्यूल एच2 में शामिल किया है। इस नई ट्रैक-एंड-ट्रेस तकनीक ls दवा का यूनिक कोड, बैच नंबर, निर्माता का नाम आ जाएगा।

यह 56 साल पुराना कानून, पिछले 12 साल से इसमें कोई बदलाव नहीं

केंद्र सरकार ने कहा था- पासपोर्ट कभी भी नागरिकता का प्रमाण नहीं रहा, इसी से अब उठा सवाल

# विपक्ष: नागरिकता का प्रमाण कौन सा कागज ? सरकार: जन्मतिथि व जन्मस्थान के दस्तावेज

किसी भी व्यक्ति की नागरिकता का कानूनी निर्धारण केवल नागरिकता अधिनियम, 1955 और जन्म या वंश से जुड़ी योग्यताओं के आधार पर ही होता है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ कहा है कि पासपोर्ट कभी भी नागरिकता का प्रमाण नहीं रहा है। साथ ही ये भी साफ कर दिया कि इस फैसले में बीते 12 वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके लिए सरकार ने पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 20 और बॉम्बे हाईकोर्ट के 2013 के फैसले का भी हवाला दिया है। पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 20 के अनुसार अगर सरकार को लगता है कि ऐसा करना जनहित में जरूरी है, तो केंद्र सरकार किसी भी ऐसे व्यक्ति को पासपोर्ट जारी कर सकती हैं, या जारी करवा सकती हैं, जो भारत का नागरिक नहीं हैं।

सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट के एक फैसले का भी जिक्र किया, जिसमें साफ किया गया था कि पासपोर्ट होने से ही कोई भारतीय नागरिक नहीं माना जा सकता। इस पर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा-विदेश मंत्रालय के 24 जून 2026 के बयान के अनुसार पासपोर्ट एक यात्रा दस्तावेज है और यह नागरिकता का प्रमाण नहीं ▸▸ शेष पेज 4 पर

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2013 में इस संबंध में दिया था फैसला पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 20 भी यही कहती है




एआई इमेज

सरकार आधार पासपोर्ट, वोटर आईडी और पैन कार्ड में से किसी को भी नागरिकता सिद्ध करने का अंतिम या पूर्ण दस्तावेज नहीं मानती

### भारत में पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण क्यों नहीं?

विदेश मंत्रालय ने कहा कि कानूनी रूप से भारतीय नागरिकता का निर्धारण नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत होता है, जबकि पासपोर्ट शुरुआत से ही पासपोर्ट अधिनियम के तहत आते हैं। अगर विदेश में पासपोर्ट ही पहचान बताता है तो भारत में यह नागरिकता का प्रमाण क्यों नहीं? विदेश में भारतीय पासपोर्ट किसी व्यक्ति की राष्ट्रीयता और पहचान स्थापित करता है, ▸▸ शेष पेज 4 पर

### तो क्या है नागरिकता का सबसे पुख्ता प्रमाण?

कानूनी रूप से नागरिकता का सबसे निर्णायक प्रमाण गृह मंत्रालय की तरफ से जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र या प्राकृतिककरण प्रमाणपत्र होता है। हालांकि, ये प्रमाणपत्र आमतौर पर सिर्फ उन लोगों को जारी किए जाते हैं, जिन्होंने विदेशी मूल का होने के बाद कानूनी प्रक्रिया से भारत की नागरिकता ली हो। अधिकतर भारतीय, जो जन्म से नागरिक हैं के पास यह प्रमाणपत्र नहीं होता ▸▸ शेष पेज 4 पर

### तो फिर आधार, पैन, वोटर आईडी कार्ड का क्या?

भारत सरकार और अदालतों ने बार-बार स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड भारतीय नागरिकता के निर्णायक प्रमाण नहीं हैं। इन दस्तावेजों को कुछ खास मकसदों और सेवाओं के लिए जारी किया जाता है, न कि किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने के लिए। आधार कार्ड सिर्फ व्यक्ति की पहचान स्पष्ट करने और भारत में निवास का प्रमाण है। पैन कार्ड (परमानेंट अकाउंट नंबर) एक वित्तीय और टैक्स पहचान दस्तावेज है। वोटर आईडी कार्ड मुख्य रूप से मतदाता सूची में नाम दर्ज होने और पहचान का प्रमाण है। साल 2020 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संसद (राज्यसभा) में एक सवाल के जवाब में साफ कर दिया था कि सरकार आधार, पासपोर्ट, वोटर आईडी और पैन कार्ड में से किसी ▸▸ शेष पेज 4 पर

हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी पुलिस

# कार के अंदर खून से लथपथ मिले युवक-युवती के शव

50 मीटर दूर 3 मोबाइल, टोपियां मिलीं

पिता बोले- बेटे के सिर में गोली मारी गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

ईसागढ़ रोड स्थित महाना गांव के पास एक कार के भीतर युवक और युवती के खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई है।



रितिक, मुस्कान (मृतक)

कार के अंदर से एक पिस्टल, खून लगी कुल्हाड़ी और कटर भी बरामद हुआ है। मृतकों की पहचान अशोकनगर निवासी रितिक सोनी (26) और मुस्कान जैन (24) के रूप में हुई है। दोनों बुधवार शाम को अपने घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जब दोनों के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की, तो वह ईसागढ़ रोड पर मिली। रात करीब 3 बजे ▸▸ शेष पेज 4 पर

मंदसौर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा

# औरंगाबाद के चार लोगों की मौत, दो गंभीर जख्मी

सभी दिल्ली मोबाइल इक्विपमेंट का सामान लेने जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंदसौर

मंदसौर में दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।



यहां एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो ▸▸ शेष पेज 4 पर

राजगढ़ में तालिबानी क्रूरता

# चोरी के शक में युवक को ट्रैक्टर से बांधकर पीटा, गर्म तार से दागा



चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

जिले के खारपरस कालीपीठ थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक खौफनाक घटना सामने आई है। यहां बकरी चोरी के आरोप में एक दलित युवक को भीड़ ने न केवल ट्रैक्टर-ट्रॉली से बांधकर बेरहमी से पीटा, बल्कि उसे गर्म लोहे के तार से बेरहमी से दागा भी गया। इस तालिबानी सजा के दौरान पीड़ित दर्द से चीखता रहा, लेकिन ग्रामीणों का दिल नहीं पिघला और वे तमाशाई ▸▸ शेष पेज 4 पर

बाघों की मौत पर हाईकोर्ट सख्त

# कान्हा में बफर जोन से कुत्तों को क्वारंटीन करने के आदेश



मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व में लगातार हो रही बाघों की मौतों पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत बाघों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने आदेश दिया है कि ▸▸ शेष पेज 4 पर

दो अधिकारी लोकायुक्त के हत्थे चढ़े

# रुका हुआ वेतन दिलवाने की एवज में मांगी 1 लाख की घूस



रिश्वत की राशि सरकारी कार्यालय में ली गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नीमच

नीमच जिले में लोकायुक्त पुलिस ने आदिम जाति कल्याण विभाग के दो अधिकारियों को विभागीय जांच में सहयोग करने और रुका हुआ वेतन जारी कराने के नाम पर एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। कार्रवाई गुरुवार को की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार कुकड़ेश्वर ▸▸ शेष पेज 4 पर

सुप्रीम कोर्ट: वे जनता की सेवा कर रहे

# सरकारी डॉक्टरों के लिए कट ऑफ कम करने का 'सुझाव'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी

शीर्ष अदालत ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत डॉक्टरों के पक्ष में एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से कहा कि सेवारत (इन-सर्विस) सरकारी डॉक्टरों के लिए सुपर-स्पेशलिटी सीटों का कट-ऑफ कम किया जाना चाहिए। कोर्ट का मानना है कि ये डॉक्टर अपनी उच्च शिक्षा के साथ-साथ सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली में लगातार जनता की सेवा भी करते हैं। ऐसे में जो छात्र पूरा समय देकर परीक्षा की तैयारी ▸▸ शेष पेज 4 पर

अहमदाबाद एयरपोर्ट पर आमने-सामने भिड़ने से बचे दो विमान

# इंडिगो ने कहा- विमान हटाने के बाद रवाना हुए

200 मीटर दूरी रह गई थी एयर इंडिया फ्लाइट ने लिया था रॉन्ग टर्न

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एक बड़ा विमान हादसा टल गया। एयर इंडिया और इंडिगो के दो विमान एक ही टैक्सीवे (रनवे का एक हिस्सा) पर आमने-सामने आ गए। हालांकि दोनों विमानों को समय रहते रोक लिया गया। सूत्रों के अनुसार, मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान मुंबई से अहमदाबाद पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट पार्किंग बे की ओर जाते समय गलती से गलत मोड़ ले बैठी और उसी टैक्सीवे पर पहुंच गई, जहां इंडिगो का विमान मौजूद था। दोनों विमानों के बीच करीब 200 मीटर की दूरी रह गई थी। बाद में एयर इंडिया विमान को टो करके ▸▸ शेष पेज 4 पर




एआई इमेज

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के बाद आईपीएस अवार्ड लिफाफे में हुए बंद

कुछ अधिकारियों के खिलाफ विभागीय प्रकरण

# राज्य पुलिस सेवा के 9 अधिकारियों को मिल सकता है आईपीएस का दर्जा

- ▸▸ 1997 और 1998 बैच के 27 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया
- ▸▸ चार अधिकारियों के नामों को लेकर अब भी स्थिति स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्य पुलिस सेवा (एसपीएस) के अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नति देने के लिए गुरुवार को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक तथा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान वर्ष 1997 और 1998 बैच के 27 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया। इस बार नौ अधिकारियों को भारतीय ▸▸ शेष पेज 4 पर




एआई इमेज

### लंबित मामलों से प्रभावित हो सकती है चयन प्रक्रिया

कुछ अधिकारियों के प्रकरण सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया के तहत रखे जा सकते हैं। ऐसे में यदि संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लंबित मामले समय पर समाप्त नहीं होते हैं, तो चयनित अधिकारियों की संख्या नौ से घटकर सात रह सकती है। राजेश मिश्रा का फिलहाल लिफाफा बंद रखा गया है राजस्थान की महिला फैशन डिजाइनर से 20 से 25 लाख रुपए का लेन-देन किया था। बाद में पैसा देने से राजेश ▸▸ शेष पेज 4 पर

### इन अधिकारियों के नामों पर हुआ विचार

डीपीसी में जिन प्रमुख अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया उनमें सीताराम सस्तया, अमृत मीणा, निमिषा पांडे, राजेश कुमार मिश्रा, सत्य जैन, अमित सब्बरवाल, मनीषा पाठक सोनी, युगम गुर्जर, संदीप मिश्रा, सत्यप्रकाश सारंग, समर वर्मा, सत्येंद्र सिंह तोमर, अंजना तिवारी और मनोज कुमार खड़िया। संदीप मिश्रा और सत्येंद्र सिंह तोमर के लिए भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नति पाने का यह अंतिम अवसर माना जा रहा है। दोनों अधिकारियों का सेवानिवृत्ति वर्ष 2029 है और यदि इस बार उनका चयन नहीं हो पाता तो भविष्य में अवसर सीमित हो सकते हैं। कुछ ▸▸ शेष पेज 4 पर

# अंग्रेजों से भी अधिक यातनाएं आपातकाल में कांग्रेस सरकार ने दी: डॉ. महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर गुरूवार को प्रदेशभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने जबलपुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बैतूल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सागर, कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद पटेल ग्वालियर, पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तानसिंह सोलंकी इंदौर, राज्य वित आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया उज्जैन एवं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने रीवा में मीसाबंदियों का सम्मान किया।

पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोपा था। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है।

## आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम | वरिष्ठ नेताओं ने संगोष्ठी को किया संबोधित, मीसाबंदियों का हुआ सम्मान



सम्मान के बाद फोटो सेशन में सभी मीसाबंदी।

## लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों का त्याग अतुलनीय : खंडेलवाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरूवार को आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर बैतूल जिले के भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर मीसाबंदियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार सत्ता पर अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने से भी पीछे नहीं हटे। इसी मानसिकता के कारण 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपा गया, जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही आज देश लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों से देश को वास्तविक स्वतंत्रता मिली है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जिन लोगों ने अपने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग किया, उनका सम्मान करना समाज और राष्ट्र का दायित्व है। खंडेलवाल ने कहा कि जो कांग्रेस आज लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की बात करती है, उसी ने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं और मूल्यों को कमजोर करने का काम किया है और आज भी लगातार कर रही है।



बैतूल के भाजपा जिला कार्यालय में मीसाबंदियों को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल।

## आपातकाल के काले सच को जनता तक पहुंचाएं: शुक्ल

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था।



## लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र सिंह ने लोकतंत्र सेनानियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। उन्होंने आपातकाल दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

## इन जगहों पर भी हुए सम्मान समारोह

### कांग्रेस ने हमेशा संविधान का अपमान किया : मंत्री प्रह्लाद



कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने ग्वालियर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी और संजय गांधी ने जिस तरह से न्यायालय और संविधान का अपमान किया, आज भी उस परिवार के लोग वही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते समय कहा था कि इस सरकार के पीछे कई पीढ़ियों का बलिदान है, संघर्ष है, त्याग और तपस्या है।

### कांग्रेस ने स्वार्थ के लिए संविधान में कई संशोधन किए : जयभान



राज्य वित आयोग के अध्यक्ष जयभानसिंह पवैया ने उज्जैन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल दिवस देश की जनता को यह याद दिलाता है कि संविधान का गला घोंटने वाली ताकतों से कैसे लड़ना चाहिए। इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अपने निज स्वार्थों के लिए संविधान में कई संशोधन किए। लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया।

### कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी : प्रो. सोलंकी



भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तानसिंह सोलंकी ने इंदौर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाने के लिए कैबिनेट की सामूहिक जिम्मेदारी की परंपरा को भी नष्ट किया। जेल के अंदर लोकतंत्र सेनानियों को तरह-तरह की यातनाएं दी गईं, बीमार होने पर उनका इलाज नहीं कराया गया। कई राष्ट्रवादी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### कांग्रेस ने हमेशा स्वयं को संविधान से ऊपर माना : डॉ. मिश्रा



पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आपातकाल केवल इतिहास की एक घटना नहीं, बल्कि कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का आईना है। कांग्रेस हमेशा स्वयं को संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं से ऊपर मानती रही है। कांग्रेस को जब भी सत्ता मिली, उसने लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने और सत्ता को सर्वोपरि रखने का प्रयास किया, जो लोकतंत्र के लिए घातक है।

## सतपुड़ा के कुकरू हिल स्टेशन में सीएम का दो दिवसीय दौरा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पचमढ़ी के बाद एक और हिल स्टेशन को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। बैतूल जिले के सतपुड़ा क्षेत्र में स्थित कुकरू हिल स्टेशन को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय प्रवास पर यहां पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार और रविवार को कुकरू में रात्रि विश्राम भी करेंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के इस दौरे का उद्देश्य क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं का आकलन करना और स्थानीय विकास को गति देना है। प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीणों से संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और विकास से जुड़े सुझाव प्राप्त करेंगे। साथ ही किसी ग्रामीण परिवार के यहां भोजन करने और स्थानीय जनजीवन को करीब से समझने का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। कुकरू में पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, डेली कॉरिडोर, रॉक क्लाइम्बिंग और अन्य एडवेंचर गतिविधियों की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि योजनाबद्ध विकास होने पर कुकरू आने वाले वर्षों में प्रदेश का प्रमुख एडवेंचर पर्यटन केंद्र बन सकता है। ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे मुख्यमंत्री दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों से सीधे चर्चा करेंगे।

## डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए 203 करोड़

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा: सीएम

# निर्धन परिवार, वृद्धजन और दिव्यांग स्वयं को न समझें बेसहारा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी कोशिश है कि राज्य का कोई भी निर्धन परिवार, माताएं, बहनें या हमारे दिव्यांग साथी स्वयं को बेसहारा न समझें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय का संकल्प सिद्ध हो रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार भी गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के कल्याण में जुटी है।

डॉ. यादव ने गुरुवार को सिंगल क्लिक से सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण के लिए मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने 33 लाख 92 हजार 695 से अधिक भाई-बहनों और बुजुर्गों के खातों में मई माह की 203 करोड़ 56 लाख रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। कार्यक्रम से विभिन्न जिलों के हितग्राही वर्चुअली जुड़े, जिनसे मुख्यमंत्री ले संवाद किया।

» मध्य प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध

» सूबे के मुखिया ने मंत्रालय से हितग्राहियों को किया वर्चुअली संबोधित



हितग्राहियों को राशि का ऑनलाइन वितरण करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

### पेंशन सरकार के स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं है, अपितु निर्धन परिवारों, दिव्यांग साथियों में आपके प्रति सरकार का स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन है। राज्य सरकार सभी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है। सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसान हितैषी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज दिया जाएगा और इसे चुकाने की समयावधि 31 मार्च नहीं होगी, बल्कि किसान जिस तारीख को कर्ज लेंगे, उसे अगले 12 माह की अवधि में ऋण भरना होगा।

### गरीबी से बाहर आए 25 करोड़ से ज्यादा लोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव सोनाली वायंगणकर मौजूद थे।

### आपदा में बचाव पर ब्रेल लिपि में प्रकाशित पुस्तक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निःशक्तजन के लिए आग, हीटवेब (लू) और आकाशीय बिजली से बचाव के संबंध में ब्रेललिपि में प्रकाशित पुस्तक का गुरूवार को मंत्रालय में लोकार्पण किया। पुस्तक का मुद्रण आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से कराया गया है। केरल और असम के बाद निःशक्तजन के लिए आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में इस तरह की पहल मध्यप्रदेश द्वारा की गई है।



शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों

## दिव्यांगता के बारे में स्कूली स्तर पर सभी को बनाएं संवेदनशील

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन के आवागमन के लिए सभी शासकीय भवनों को बाधारहित बनाना आवश्यक है। बच्चों में दिव्यांगता के बारे में संवेदनशीलता विकसित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में आवश्यक सामग्री शामिल की जाए। उन्होंने नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली और महाविद्यालयीन स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरूद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए। डॉ. मोहन यादव ने यह निर्देश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए।

### दिव्यांगजन के लिए की गईं 168 स्मार्ट क्लास

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान वर्ष 2025 अंतर्गत प्रदेश में 6 करोड़ 52 लाख रुपए के कृत्रिम अंग एवं सहायक यंत्र दिव्यांगजन को उपलब्ध कराए गए। प्रदेश में दिव्यांगजन के लिए संचालित विशेष विद्यालयों में दिव्यांगजन के लिए 168 स्मार्ट क्लास तैयार की गई हैं। दिव्यांगजन को रोजगार उपलबध कराने के लिए संस्थानों से एमओयू किया गया है। इन संस्थाओं द्वारा 12 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

## गांवों में हर घर नल कनेक्शन पर लगेगा मासिक शुल्क, 3 माह बिल नहीं देने पर कटेगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं के संचालन और रखरखाव के लिए नए नियम लागू किए हैं। इसके तहत अब ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शन पर मासिक जल शुल्क लिया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी नियमों के अनुसार जल शुल्क 60 से 120 रुपए प्रतिमाह तक निर्धारित किया गया है। साथ ही लगातार तीन माह तक बिल जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन बंद किया जा सकेगा। जनजातीय विकासखंड क्षेत्रों के परिवारों से 60 रुपए प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। मास्टर प्लान के अधिसूचित क्षेत्रों में शामिल पंचायतों के परिवारों को 120 रुपए प्रतिमाह जल शुल्क देना होगा। अन्य पंचायतों में प्रति परिवार 100 रुपए मासिक जल शुल्क निर्धारित किया गया है।

### नए कनेक्शन के लिए अलग-अलग शुल्क

नए नल कनेक्शन लेने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवारों को 1,000 रुपए, जबकि अन्य परिवारों के लिए यह राशि 2,500 रुपए है। सार्वजनिक संस्थानों के लिए 5,000 रुपए, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए 8,000 रुपए देने होंगे।

मंत्रालय में हुई जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा

## स्लीमानाबाद टनल का शीघ्र होगा उद्घाटन सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषक कल्याण वर्ष में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

इस वर्ष 14 जिलों में जिन सिंचाई परियोजनाओं के कार्य पूर्ण हो गए हैं, उनके लोकार्पण की तैयारी कर ली गई है। आगामी 6 माह में लगभग 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि करने वाली इन परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को मंत्रालय में हुई जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि कृषक कल्याण वर्ष में बड़वानी, सीहोर, झाबुआ, खण्डवा, खरगोन, आदि जिलों की सिंचाई परियोजनाएं के लोकार्पण होंगे।

भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

## मंत्री काश्यप ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का निवारण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।



कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री काश्यप।

'छात्रों की गूंज' अभियान से कांग्रेस-एनएसयूआई ने शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

## शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें, परीक्षा प्रणाली का हो स्वतंत्र ऑडिट: सांसद मसूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं, पेपर लीक और परीक्षा प्रबंधन की खामियों को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भोपाल में आयोजित छात्रों की गूंज प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा व्यवस्था को गंभीर संकट में बताते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की।

इस दौरान लोकसभा सांसद इमरान मसूद, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और एनएसयूआई के राष्ट्रीय सह प्रभारी एवं कोऑर्डिनेटर अंशुल त्रिवेदी मौजूद रहे।

जीतू व इमरान ने किया संबोधित 28 शहरों में चलाया जाएगा जनजागरण अभियान




प्रेस वार्ता को संबोधित करते पटवारी, मसूद व त्रिवेदी।

**छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए**

प्रेस वार्ता में छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए। खंडवा की नीट अभ्यर्थी खुशी ने कहा कि दो वर्षों की कठिन तैयारी के बावजूद परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े विवादों ने उनके मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के सपने को प्रभावित किया है। कांग्रेस और एनएसयूआई ने घोषणा की कि अगले 40 दिनों तक प्रदेश के 28 शहरों में छात्रों के बीच जनसंपर्क और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### शिक्षा निःशुल्क होः जीतू

सांसद इमरान मसूद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली के हर चरण पेपर निर्माण, मुद्रण, परिवहन और परीक्षा केंद्रों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ऑडिट होना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मप्र परीक्षा घोटालों और भर्ती अनियमितताओं का केंद्र रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक निःशुल्क नहीं किया जाना चाहिए।

### छात्रों की गूंज अभियान शुरू

देश की शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं, पेपर लीक और परीक्षा प्रबंधन की खामियों के खिलाफ कांग्रेस और एनएसयूआई ने गुरुवार को भोपाल में छात्रों की गूंज अभियान की शुरुआत की। पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं के खिलाफ इंदौर से भोपाल तक साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। 9 अगस्त को दिल्ली में शिक्षा बचाओ, भविष्य बचाओ अभियान के तहत देशभर के छात्रों की भागीदारी से एक स्टूडेंट चार्टर जारी किया जाएगा।

## भोपाल शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित... 50 से ज्यादा पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी ने राजधानी भोपाल में संगठन को मजबूती देने के लिए भोपाल शहर जिला कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।

प्रवीण सक्सेना के जिला अध्यक्ष बनने के दस महीने बाद अब जिला कांग्रेस कमेटी का गठन हुआ है। भोपाल शहर कांग्रेस कमेटी में 50 से ज्यादा पदाधिकारी बनाए गए हैं। इनमें अभिषेक शर्मा को जिला संगठन महासचिव बनाया गया है। महेन्द्र जाधव कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। प्रशांत कुमार गुरुदेव और आनंद सबधानी को जिला प्रवक्ता बनाया गया है। राहुल बबेले और मानवेंद्र शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मनीष यादव, वात्सायन जैन, नवीन चौबे, दुलीचंद पटेल, अनस उर रहमान, नईम खान को उपाध्यक्ष, रामराज तिवारी, बावर खान, अनिल जाधव, दान सिंह दानी ठाकुर को राकेश कुरेले को महासचिव, चेतन साहू, रतनपाल पिंकी सागोड़े, तुफैल अहमद सिद्दीकी, रेखा रघुवंशी, लीलाधर पंवार, रजनी दुबे को सचिव बनाया गया है।

सुबह 11 बजे से निकलेंगे ताजिए...

# मोहर्रम के चलते आज पुराने शहर की बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोहर्रम के चलते शुक्रवार को पुराने शहर में ट्रैफिक बदला रहेगा। इसके तहत सुबह करीब 11 बजे से शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले ताजिया इमामी गेट से पीरगेट के बीच एकत्रित होकर मोहर्रम जुलूस के रूप के भवानी चौक, रॉयल मार्केट, हमीदिया अस्पताल के सामने, कोहेफिजा तिराहा, जीएडी, होकर करबला पहुंच कर वापिस अपने स्थान पर जाएंगे। कुछ ताजिया वीआईपी रोड होकर गिन्नौरी पहुचेंगे। तो वहीं दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक आवश्यकतानुसार यातायात व्यवस्था में परिवर्तित रहेगा। इसके चलते वाहन चालक इन रास्तों की जगह वैकल्पिक मार्ग से आना-जाना करेंगे नहीं तो परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### दो पहिया, चार पहिया वाहनों के लिए यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

- नए शहर से पुराने शहर जाने के लिए रोशनपुरा चौराहा से कंट्रोल रूम, लिली चौराहा, काली मन्दिर तलैया, भारत टॉकीज चौराहा, हमीदिया रोड होकर शाहजहांनाबाद, ईदगाह से कैंसर अस्पताल, वीआईपी गेस्ट हाउस, लालघाटी होकर आवागमन कर सकेंगे।
- बैरागढ़ एवं राजगढ़-ब्यावरा की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहे से दाएं मुड़कर, नाथू बरखेडा रोड, मुगालिया छाप, खजुरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।
- सीहोर-इंदौर की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़, रातीबढ़, झागरिया होकर आवागमन कर सकेंगें।
- भोपाल शहर से सीहोर-इंदौर एवं राजगढ़-ब्यावरा की ओर जाने वाले प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरि, अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करौंद चैराहा, नई जेल, गांधीनगर तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।

### यात्री बसों के लिए यह रहेगा प्लान

- इंदौर,उज्जैन की ओर से आने-जाने वाली यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ये बसें हलालपुर बस स्टैंड पर समाप्त होंगी।
- राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की ओर से हलालपुर बस स्टैंड आने-जाने वाली यात्री बसें हलालपुर बस स्टैंड पर अपनी यात्रा समाप्त करेंगी।

### एयरपोर्ट की ओर जाने के यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

- राजाभोज विमानतल की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारत माता चैराहा, भदभदा चैराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहे से दाएं मुड़कर, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।
- राजाभोज एयरपोर्ट की ओर जाने वाले प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरी, अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करौंद चौराहा, नई जेल, गांधीनगर तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे ।

### भारी एवं मालवाहक प्रतिबंधित

- नए शहर से रेलवे स्टेशन की ओर जाने के लिए प्रभात चौराहा, परिहार चौराहा, 80 फीट रोड, बजरिया तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।

### पुराने शहर में भी रहेगा प्रतिबंध

- पुराने शहर में भारत टॉकीज, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज, शाहजहांनाबाद, रॉयल मार्केट, कोहेफिजा तिराहा, करबला पर सभी प्रकार के मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## भोपाल मंडल के लिए तोहफा, कानपुर-मदुरै स्पेशल ट्रेन चलेगी




**भोपाल।** दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले भोपाल और आसपास के यात्रियों के लिए रेलवे ने अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई है। यात्रियों की बढ़ती संख्या और यात्रा मांग को देखते हुए रेलवे ने कानपुर-मदुरै के बीच विशेष रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के बीना, भोपाल और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

राजधानी भोपाल, बीना और इटारसी से यात्रा करने वाले ऐसे रेल यात्रियों को अधिक लाभ होगा, जो नागपुर, विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर और मदुरै मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं तो उनके पास विकल्प के तौर पर एक स्पेशल ट्रेन रहेगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार कानपुर सेंट्रल एवं मदुरै के मध्य विशेष रेलगाड़ी संख्या 01925/01926 का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत यह गाड़ी प्रत्येक बुधवार को 1 जुलाई से 29 जुलाई तक कुल 5 फेरों के लिए कानपुर सेंट्रल से सुबह 08:10 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी बीना (15:40 बजे), भोपाल (17:20 बजे) एवं इटारसी (19:25 बजे) ठहराव लेते हुए मदुरै पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01926 मदुरै-कानपुर सेंट्रल प्रत्येक शनिवार को 4 जुलाई से 1 अगस्त तक कुल 5 फेरों के लिए मदुरै से प्रस्थान करेगी। वापसी दिशा में यह गाड़ी इटारसी (15:05 बजे), भोपाल (17:05 बजे), बीना (20:25 बजे) एवं ललितपुर (21:13 बजे) ठहराव लेते हुए कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी।

**इन स्टेशनों पर लेगी हॉल्ट**

पोखरायन, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, चंद्रपुर, वल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, तेनाली, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेणिगुंटा, कटपडी, जोलारपेट्टई, सेलम, नमक्कल, करूर, डिंडीगुल।

### 40 कोचिंग संस्थानों को नोटिस, सात दिन की मोहलत

# बेसमेंट में पढ़ाई करते मिले बच्चे, आईबी लाइब्रेरी सील

लखनऊ हादसे के बाद भोपाल में कोचिंग सेंटर्स की चेकिंग जारी

लगा रखे थे फायर एक्टिंगुशर,लेकिन फायर सिस्टम नहीं लगे मिले

*कोचिंग के साथ स्टे हॉस्टल की भी टीम ने की जांच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लखनऊ में कोचिंग हादसे के बाद भोपाल में तीन दिन बाद जिला प्रशासन के अफसरों ने कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच शुरू कर दी गई है। गुरुवार को एमपी नगर एसडीएम एलके खरे नगर निगम की टीम के साथ एमपी नगर जोन-2 स्थित नीट मेंटर कोचिंग, औरस कोचिंग, आईबी लाइब्रेरी, संजीवनी गर्ल्स हॉस्टल, बैठक लाइब्रेरी और जैन्स गर्ल्स स्टे हॉस्टल में आग से बचाव के इंतजामों को जांचा, जिसमें आईबी लाइब्रेरी के बैसमेंट में छात्र पढ़ाई करते नजर आए। जिसके आधार पर लाइब्रेरी को सील कर दिया गया है।

यहां फायर एक्टिंगुशर लगा रखे थे, लेकिन फायर सिस्टम नहीं लगाया गया था। नगर निगम अमले ने गुरुवार को 40 कोचिंग संस्थानों को नोटिस देकर सात दिन की मोहलत दी है।



एमपी नगर के एक कोचिंग सेंटर में जांच करती जिला प्रशासन की टीम।

### संजीवनी गर्ल्स हॉस्टल में मिलीं सड़ी सब्जियां

टीम जब संजीवनी गर्ल्स हॉस्टल पहुंची तो वहां किचन में गंदगी, फंगस लगी सब्जियां और खराब खाद्य सामग्री मिली। अफसरों ने नगर निगम को संचालक के खिलाफ नोटिस जारी करने की हिदायत दी।

### इंतजाम सुधारने सात दिन का अल्टीमेटम दिया

फायर इंचार्ज सौरभ पटेल ने नीट मेंटर कोचिंग, कौटिल्य एकेडमी, स्टेप अप कोचिंग, दुरानी कोचिंग, औरस कोचिंग, अनएकेडमी, फिजिक्स वाला सहित अन्य संस्थान में फायर सिस्टम की जांच की है। सभी संस्थानों को सात दिनों के अंदर फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने का अल्टीमेटम दिया गया है।


इमरजेंसी ब्रेक, स्पीड लिमिट सिस्टम को दिल्ली से आई टीम ने परखा

# पहली बार एक ट्रैक ही पर आमने-सामने आईं दो मेट्रो ट्रेन, टीम ने जांचा सिग्नलिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो के सिग्नलिंग सिस्टम की जांच करने के लिए भोपाल आई कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम ट्रैक पर उतरी। दो टीमों ने अलग-अलग मेट्रो में सवार होकर निरीक्षण किया। इस दौरान रानी कमलापति से एमपी नगर स्टेशन के बीच पहली बार दो मेट्रो एक ही ट्रैक पर आमने-सामने आईं। यहां पर करीब 30 मिनट तक सिस्टम की जांच हुई। दरअसल, ये सीएमआरएस टीम की जांच का ही हिस्सा है। अफसरों के मुताबिक टीमें देख रही है कि दो टीमें यदि आमने-सामने आ जाए तो सिस्टम कैसे काम करेगा। अचानक ब्रेक, स्पीड समेत अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है।

मेट्रो की इस जांच के बाद सिग्नलिंग सिस्टम शुरु कर दिया जाएगा, जिससे मेट्रो का नया शेड्यूल और टाइमिंग तय होगी। जुलाई में सिग्नलिंग सिस्टम शुरु होने के बाद नया शेड्यूल जारी होगा।



दो ट्रेनों को आमने सामने लाकर ब्रेक सिस्टम परखा।

### आज से तय समय पर चलेगी मेट्रो

मेट्रो प्रबंधन के अनुसार निरीक्षण और जांच पूरी होने के बाद 26 जून से मेट्रो फिर से अपने तय समय पर दौड़ने लगेगी। सुभाष नगर से एम्स के बीच करीब 7 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर सिग्नलिंग सिस्टम का काम पूरा हो गया है।

### अभी एक ही ट्रैक पर दौड़ रही मेट्रो

भोपाल में सिग्नलिंग सिस्टम नहीं होने की वजह से मेट्रो प्रबंधन को केवल एक ही ट्रैक (डाउन ट्रैक) पर ट्रेन चलानी पड़ रही हैं। यही वजह है कि भोपाल में ट्रेनों की फ्रिक्वेंसी 75 मिनट रखी गई है, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। यहां दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बाद ही मेट्रो दौड़ रही है। ऐसे में जिस ट्रेक पर मेट्रो जाती है, उसी पर उसकी वापसी होती है।

### किसानों को पहली बार मिलेगा 4 गुना दाम

## बरखेड़ा नाथू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीलबड़ के नजदीक स्थित बरखेड़ा नाथू में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का काम शुरू कर दिया गया है। इसमें एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, 10 हजार दर्शकों की क्षमता वाला एक फुटबॉल ग्राउंड और चार-चार हजार लोगों की क्षमता को दो हॉकी ग्राउंड भी बनाए जाएंगे। कॉम्पलेक्स के लिए अतिरिक्त सड़क और बाउंड्रीवॉल भी बनाई जानी है, जिसके लिए आसपास की साढ़े तीन एकड़ निजी जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण का काम हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने शुरू कर दिया है, जिसके तहत हुजूर क्षेत्र के किसानों को पंचायत क्षेत्र होने की वजह से गाइडलाइन का चार गुना रेट पर मुआवजा दिया जाएगा।

पहले फेस के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग ने 137.60 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। इसके लिए कुल 200 करोड़ का शुरुआती बजट रखा गया है। इस काम की जिम्मेदारी मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन को दी है।

### 28 करोड़ की सड़क, बाउंड्रीवॉल तोड़ी

## बरखेड़ा नाथू, बिलखिरिया और कलखेड़ा में चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर एसडीएम ने पिछले एक हफ्ते के दौरान अवैध कॉलोनियों को लेकर पांचवीं बड़ी कार्रवाई की है, जिसके तहत बरखेड़ा नाथू, कलखेड़ा और बिलखिरिया क्षेत्रों में करीब 28 करोड़ रुपए की जमीन पर अवैध कॉलोनियों में सड़क और बाउंड्रीवॉल को बुलडोजर की मदद से ढहाया गया।

इन क्षेत्रों में अवैध रूप से प्लॉट काटकर बिक्री किए जाने की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद राजस्व अमले ने बरखेड़ा नाथू में 0.2309 हेक्टेयर भूमि, बरखेड़ा क्षेत्र की करीब दो एकड़ भूमि, बिलखिरिया की चार एकड़ जमीन और करीब 15 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि पिछले 10 दिनों में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह पांचवीं बड़ी कार्रवाई है। बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

एमएलए रेस्ट हाउस में बीती रात 12 बजे की वारदात

# शराबियों को रोका तो मुरैना विधायक के बेटे से मारपीट, अड़ीबाजी, छीना झपटी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एमएलए रेस्ट हाउस में मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर के बेटे देवराज गुर्जर से मारपीट, अड़ीबाजी और छीनाझपटी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे की है।

दरअसल, एमएलए रेस्ट हाउस के पास कैंपस में आठ-नौ युवक शराब पी रहे थे और गदर कर रहे थे। देवराज ने उनका विरोध किया तो वह सीढ़ियों से चढ़कर रेस्ट हाउस में घुसने का प्रयास करने लगे। देवराज ने उनका विरोध किया तो मारपीट करते हुए अड़ीबाजी करने के बाद उनसे छीना झपटी का प्रयास करने लगे। मारपीट में देवराज को चोट आई है। पुलिस ने देवराज की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। उक्त मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चार की तलाश जारी है।

### रेस्ट हाउस के नीचे शराब पी रहे थे उपद्रवी

देवराज सिंह गुर्जर पिता दिनेश गुर्जर (29) एन 1/3 एमएलए रेस्ट हाऊस मालवीय नगर में परिवार के साथ रहते हैं। मूलतः एमआईजी 753 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना निवासी देवराज ने बताया कि वह बिजनेस करते हैं और परिवार के साथ रेस्ट हाउस में रहते हैं। बुधवार रात करीब साढ़े 12 बजे वह खाना खाकर एमएलए रेस्ट हाउस की बालकनी में टहल रहे थे। इसी दौरान रेस्ट हाउस के नीचे कुछ युवक शराब पी रहे थे। देवराज ने नीचे पहुंचकर उन्हें परिसर से जाने का कहा। इस पर वह भड़क गए और गाली गलौज शुरू कर दी। देवराज ने गाली देने से मना किया तो युवक रेस्ट हाउस की सीढ़ियों पर चढ़ने का प्रयास करने लगे। देवराज ने उन्हें रोका तो वह शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगे। उनका विरोध करने पर उन्होंने देवराज से मारपीट और छीना झपटी का प्रयास किया। इसी रेस्ट हाउस से उनके दोस्त दोस्त हर्ष वर्मा और सौरभ बकोरिया पहुंचे और बीच बचाव किया। बदमाश जाते समय यह कहने लगे कि हमारे नाम विक्की, पंकज, मयंक व सोहन हैं, याद रखना आज तो बच गया। आइंदा हमसे उलझे तो जान से खत्म कर देंगे।

### क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 23वीं बैठक

सदस्यों ने दिए यात्री सुविधाओं से संबंधित अहम सुझाव

# आरकेएमपी एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने सहित तिरुवनंतपुरम के लिए भोपाल से 'राजधानी एक्सप्रेस' देने की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे के विकास एवं यात्री सुविधाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 23वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जेडआरयूसीसी के 28 सदस्यगणों एवं सांसद के 04 प्रतिनिधि सहित कुल 32 लोगों ने हिस्सा लिया। इन सदस्यों में भोपाल से कृष्ण मोहन सोनी, निरंजन वाधवानी, मुकेश अवस्थी शामिल हुए ।

### भोपाल से मुंबई के बीच ट्रेन में यात्रियों की ज्यादा भीड़




बैठक में मौजूद रेलवे के अधिकारी और परामर्शदात्री समिति के सदस्य।

### आरक्षण चार्ट पहले की तरह 4 घंटे पहले बने

इन दिनों सभी मंडलों में रेलवे चार्ट गाडी छूटने के 10 घंटे पहले बन जाता है। सदस्यों ने मांग की है कि रेलवे चार्ट पहले की ही तरह 4 घंटे पहले बनाया जाए। वहीं इंदौर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में भोपाल से तत्काल कोटा बढ़ाया जाए। बैठक में भोपाल के अलावा जबलपुर, कटनी सहित नितेश लाल, सागर रीवा सतना सहित इंदौर और सांसद के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। सदस्यों ने क्षेत्र से संबंधित सुझाव नई ट्रेनें चलाने, फेरे बढ़ाने, स्टेशनों पर ठहराव सहित यात्रीं सुविधाओं में विकास के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में भोपाल से शामिल हुए सदस्यों में से मुकेश अवस्थी ने बताया कि भोपाल मुंबई के बीच गाड़ियां कम हैं इसलिए जबलपुर की बैठक में महाप्रबंधक से मांग की गई है कि रानीकमलापति -मुंबई के बीच चलने वाली गाड़ी के फेरे बढ़ाए जाएं। वहीं तिरूवंतपुरम के लिए भोपाल से राजधानी एक्सप्रेस दी जाए। दयोदय एक्सप्रेस को बीना होकर चलाया जाय।

### नागदा-मथुरा रेलखंड पर कवच 4.0 प्रणाली स्थापित

महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिम मध्य रेल देश का पहला रेलवे जोन बन गया है जहां नागदा-मथुरा रेलखंड पर कवच 4.0 प्रणाली स्थापित की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 117 किमी नई रेल लाइन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 58.07 मिलियन टन की रिकॉर्ड माल लदान उपलब्धि हासिल की गई है। यात्रियों के लिए 06 नई रेल सेवाओं का शुभारंभ, विभिन्न ट्रेनों को नए ठहराव तथा त्योहारों एवं अवकाश में 150 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया है। महाप्रबंधक सिंह ने क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों के सुझावों को गंभीरता से सुना और उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।




## जैकेट का शेष....

### ढह गई राजधानी...

बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे पूरे वेनेजुएला में इंटरनेट कनेक्टिविटी ठप हो गई है। भूकंप इतना जोरदार था कि इसका असर 1,700 किलोमीटर दूर पड़ोसी देश कोलंबिया और ब्राजील के अमेजन क्षेत्र तक देखा गया, जहां ऐहतियातन इमारतें खाली करानी पड़ीं। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने देश में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी है।

### गूगल ने पहले ही ...

संकेतों को बहुत तेजी से डिटेक्ट करके यह अलर्ट भेजा था। यह पूरी प्रणाली तकनीक और विज्ञान के इस दिलचस्प तालमेल पर काम करती है।

### कुए में कूदने से पहले ...

33 सेकंड का एक भावुक वीडियो रिकॉर्ड कर परिजनों को भेजा, जिसमें वह हाथ जोड़कर रोते हुए मां से माफी मांग रहा है। वीडियो में उसने कहा कि मां, मैं बहुत गहरे दर्द में हूं और मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है। प्लीज मेरी चिंता मत करना, अगले जन्म में मैं फिर तुम्हारी कोख से पैदा होऊंगा। सुशील दोबारा आयोजित हुई नीट परीक्षा को लेकर भारी मानसिक तनाव में था, उसे इस बार का प्रश्नपत्र कठिन लगा था।

### तेजस एक्सप्रेस ...

इस खराब खाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए रेल मंत्री और आईआरसीटीसी को टैग कर दिया, जिसके बाद यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई। यात्री ने अपनी पोस्ट में नाराजगी जताते हुए लिखा कि प्रीमियम ट्रेन में भारी-भरकम किराया देने के बावजूद इस तरह का दूषित और घटिया खाना परोसा जाना बेहद निराशाजनक और सेहत के साथ खिलवाड़ है। मामला तूल पकड़ते ही ट्रेन के ऑन-बोर्ड कैटरिंग मैनेजर और ट्रेन कैप्टन तुरंत यात्री के पास पहुंचे। इस गंभीर लापरवाही के लिए यात्री से लिखित में माफी मांगी और उन्हें दूसरा भोजन देने की पेशकश की, हालांकि यात्री ने दोबारा खाना लेने से साफ इनकार कर दिया।

### एसआईटी की सिफारिश ...

3(5)) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में मुख्य रूप से टिन्नू यादव, लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा सहित आठ लोगों को नामजद किया गया है, जो सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते और उनकी मदद करते नजर आए थे। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इन सभी आठों नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जिनके पास से चोरी की रकम भी बरामद होने की सूचना है। गौरतलब है कि राम मंदिर ट्रस्ट की मांग पर सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने छह दिनों तक अयोध्या में रहकर ट्रस्ट के सदस्यों से पूछताछ और गहन जांच के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर यह बड़ी कार्रवाई हुई है। आने वाले दिनों में कुछ और बड़ी गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका ...

अधिवक्ता अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव द्वारा दायर इस याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ के समक्ष पेश किया गया।

## पेज एक का शेष....

### पासपोर्ट फीस में ...

के लिए 36-पेज के साधारण पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़ाकर सीधा 2,500 रुपए कर दी गई है। वहीं, यदि कोई आवेदक इस 36-पेज के पासपोर्ट को तत्काल सेवा के तहत बनवाना चाहता है, तो उसे अब कुल 5,000 रुपए का भुगतान करना होगा।

### क्रेन पर वैन ....

पर दो युवक खड़े होकर लाल झंडे लहराते रहे। इसके बाद वैन में विस्फोट कर उसे उड़ा दिया गया। जिस वैन में ब्लास्ट किया गया, उस पर 'ले फिर आ गए' लिखा था। वीडियो वायरल होने के बाद हरिद्वार के संत स्वामी शिवानंद गिरि ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऐसा लगता है जैसे संदेश दिया जा रहा हो कि हम काफिरों की गाड़ियों को इसी तरह उड़ा देंगे। सकल हिंदू समाज की मांग है कि जिला प्रशासन स्पष्ट करे कि इस तरह की गतिविधि की अनुमति दी गई थी या नहीं।

### वैन को उड़ाने ....

मालिक गोपाल माली) के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 285, 286, 287 के तहत केस दर्ज किया गया है। जल्द ही चारों को गिरफ्तार किया जाएगा। एएसपी ने बताया कि जुलूस की अनुमति थी, लेकिन विस्फोटक की कोई परमिशन नहीं थी।

### चार घंटे लटका....

चढ़ा दिया और बिजली सप्लाई बंद कराए बिना ही मरम्मत का काम शुरू करा दिया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना रायसेन रोड स्थित बिलखिरिया क्षेत्र की है। मृतक की पहचान जितेंद्र कुशवाहा (22) पुत्र सेवाराम कुशवाहा निवासी बिलखिरिया के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। मृतक के भाई बंटी कुशवाहा ने आरोप लगाया कि बुधवार शाम क्षेत्र में एक फेज की बिजली बंद होने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर लाइनमैन आजाद ठाकुर और रिंकू राजपूत मौके पर पहुंचे थे। दोनों कर्मचारियों ने स्वयं खंभे पर चढ़कर काम करने के बजाए जितेंद्र को बुलाया और मरम्मत कार्य करने के एवज में 500 रुपए देने की बात कही। हादसे के बाद जितेंद्र का शव करीब तीन से चार घंटे तक बिजली के तार और खंभे के बीच लटका रहा। पुलिस मौके पर मौजूद रही और नीचे खड़े होकर पंचनामा कार्रवाई करती रही।

### मृतक को कोई ....

नहीं कराए गए थे। इन घटनाओं के बाद उसने यह काम छोड़ दिया था, लेकिन लाइनमैन उसे पैसों का लालच देकर कार्यों में लगा देते थे।

### विपक्ष: नागरिकता ....

है। तो फिर नागरिकता का प्रमाण कौन सा दस्तावेज है? ऐसे तो बीएलओ मेरी भी नागरिकता पर शक कर सकता है और मुझे वोट देने से वंचित कर सकता है। इसका नतीजा ये होगा कि भाजपा चुनाव जीत जाएगी। अब सुप्रीम कोर्ट ही इस पर कुछ कहे। इस पर भाजपा के अमित मालवीय ने पोस्ट किया-बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 2013 में इसे साफ किया था कि नागरिकता का निर्धारण नागरिकता अधिनियम, 1955 के आधार पर किया जाता है। भारत में नागरिकता जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता के नागरिकता रिकॉर्ड, स्कूल रिकॉर्ड, मतदाता सूची में नाम, सरकारी सेवा रिकॉर्ड, भूमि और निवास रिकॉर्ड, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के माध्यम से स्थापित की जाती है। यह कानूनी तौर पर स्पष्ट है। विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि नागरिकता जन्मतिथि और जन्मस्थान के दस्तावेज से सिद्ध हो सकती है। गीतकार जावेद अख्तर और विपक्ष के कई नेताओं ने भी नागरिकता के सबूत को लेकर सवाल पूछे। हालांकि, कहीं भी यह साफ नहीं हो सका कि आखिर देश का कानून नागरिकता पर क्या कहता है और किन दस्तावेजों को इसका प्रमाण माना जा सकता है।

### भारत में पासपोर्ट ...

लेकिन भारत के अंदर इसे कानूनी रूप से नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं माना जाता। इसकी तीन बड़ी वजहें हैं। पहली- गैर-नागरिकों को भी पासपोर्ट जारी करने का प्रावधान। दूसरी- नागरिकता नहीं, विदेश यात्रा के लिए जारी होता है पासपोर्ट। तीसरी-पासपोर्ट के लिए अलग, नागरिकता के लिए अलग कानून।

### तो क्या है ....

है। ज्यादातर भारतीयों को नागरिकता जन्म या वंश के आधार पर मिलती है। ऐसे मामलों में नागरिकता साबित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र और माता-पिता के दस्तावेजों के संयोजन की जरूरत होती है, जो अलग-अलग समय के कानूनों पर निर्भर करता है।

### तो फिर आधार....

को भी नागरिकता सिद्ध करने का अंतिम या पूर्ण दस्तावेज नहीं मानती है। ये दस्तावेज सिर्फ सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने या अलग-अलग कार्यों- (जैसे वोट देने या टैक्स भरने) के लिए हैं। किसी भी व्यक्ति की नागरिकता का कानूनी निर्धारण केवल नागरिकता अधिनियम, 1955 और जन्म या वंश से जुड़ी योग्यताओं के आधार पर ही होता है।

### कार के अंदर...

मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क किनारे खड़ी कार की अगली सीट पर दोनों के शव मिले। युवक के सिर पर गोली लगने का निशान है, जबकि युवती के शरीर पर गंभीर चोटें पाई गई हैं। रितिक के पिता राकेश सोनी का दावा है कि उनके बेटे का चेहरा और कार की पिछली सीट जली हुई थी। इसके अलावा, घटनास्थल से करीब 50 फीट दूर तीन मोबाइल फोन और कुछ टोपियां भी बरामद हुई हैं। पिता के अनुसार मौके के हालात एक सुनियोजित हत्या की ओर इशारा करते हैं। बताया जा रहा है कि रितिक और मुस्कान पहले इंदौर की एक कंपनी में साथ काम करते थे और पिछले दो-तीन साल से एक-दूसरे को जानते थे। रितिक इंदौर में कार इंटीरियर का बिजनेस करता था और करीब 15 दिन पहले ही अशोकनगर आया था। वहीं, परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि रात 12 बजे लापता होने की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा ने बताया कि पुलिस हत्या, आत्महत्या और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से जांच कर रही है। वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### औरंगाबाद...

गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी सचिन गंगाधर, संदीप बोरसे, राजेंद्र कोवडे और रवींद्र काले के रूप में हुई है।

### चोरी के शक...

बनकर वीडियो बनाते रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देश पर पुलिस एक्शन में आई। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर चार मुख्य आरोपियों की पहचान कर बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### कान्हा में बफर ...

कान्हा टाइगर रिजर्व के आसपास के बफर जोन में रहने वाले कुत्तों को क्वारंटीन किया जाए और जरूरी जैव-सुरक्षा उपाय अपनाए जाएं, ताकि घातक कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के प्रसार को रोका जा सके।

### रुका हुआ वेतन...

स्थित कनिष्ठ कन्या छात्रावास की अधीक्षक कुर्दुला एक्का को छात्रावास में कथित अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही थी।

### सरकारी डॉक्टरों के...

करते हैं, उन्हें सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों की तुलना में स्वाभाविक रूप से अधिक फायदा मिल जाता है। यह पूरा मामला तमिलनाडु मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन और एक अन्य याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है।

### इंडिगो ने कहा-....

सही पार्किंग बे तक ले जाया गया। इसके बाद इंडिगो विमान रनवे पर पहुंचा। घटना की जानकारी विमानन नियामक अधिकारियों को दे दी गई है।

### राज्य पुलिस सेवा ...

पुलिस सेवा का दर्जा मिलने की संभावना है, लेकिन चार अधिकारियों के नामों को लेकर अब भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। कुछ अधिकारियों के खिलाफ लंबित विभागीय प्रकरण और अन्य प्रशासनिक कारणों के चलते अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

### लंबित मामलों से...

मिश्रा ने इनकार कर दिया। इस मामले में राजेश मिश्रा के खिलाफ विवादित जांच चल रही है इसलिए फिलहाल प्रमोशन के दायरे से बाहर रखा गया है।

### इन अधिकारियों के ....

अधिकारियों की आयु 56 वर्ष के आसपास होने के कारण भारतीय पुलिस सेवा में चयन के बाद होने वाले अनिवार्य प्रशिक्षण को लेकर भी चर्चा हुई। इस संबंध में अंतिम निर्णय केंद्र सरकार और संघ लोक सेवा आयोग की स्वीकृति के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स, जोन-1, महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपटी आई.डी.नं. B102310004,
आवेदन क्रमांक-11745, आवेदन दिनांक 09/04/2026
क्रमांक 2002/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक 05/05/2026

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की अजंता कॉम्पलेक्स इंद्रपुरी योजना में स्थित प्रकोष्ठ क्रमांक MIG-1/4, श्री अनूप गौड़ आत्मज श्री नरेश चंद्र शर्मा के नाम आवंटित है। आवंटी के स्वर्गवास दिनांक 24/04/2021 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिसगण श्रीमती सरिता गौड़, कुमारी मुस्कान गौड़ एवं वैष्णवी गौड़ सभी पत्नी/पुत्री स्व. श्री अनूप गौड़ द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी की मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति का अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है।

उक्त नामांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**// सूचना //**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण कं.

इश्तहार

आवेदक अभय श्रीवास्तव आ०/पत्नि श्री आर.एल.श्रीवास्तव निवासी नयापुरा द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित खसरा नंबर 22,23,24 व अन्य. क्षेत्रफल 840 का विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 30/06/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अति० तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.- 150 मण्डल द्वारा श्रीमती आयशा पुत्री श्री अली बक्श के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 15/12/2022 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 17/10/2025 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती आयशा द्वारा उक्त सम्पत्ति का मुख्तारआम आम श्री असलम खान आत्मज श्री मुंशी खान को नियुक्त कर दिनांक 13/11/2025 को पंजीकृत किया गया है। उक्त मुख्तारग्रहिता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती शीनम मंसूरी पत्नी श्री मोहम्मद मजहर मंसूरी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 05/01/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता के मुख्तारआम द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती शीनम मंसूरी पत्नी श्री मोहम्मद मजहर मंसूरी के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारा श्रीमती कमरून निशा पति स्व: श्री जहान खान निवासी - 5/56 पुलिस लाईन गोविन्दपुरा, तहसील हुजूर जिला भोपाल म०प्र० द्वारा श्री मधुपति कुमार शर्मा पुत्र श्री भूपेंन्द्र नाथ शर्मा, निवासी मकान नं टी-604 न्यू मीनाल रेसिडेन्सी जे०के०रोड गोविन्दपुरा तहसील हुजूर जिला भोपाल म०प्र० से निम्नलिखित संपत्ति मकान नम्बर - 104 कुल श्रेत्रफल 1800 वर्गफिट (167.28 वर्गमीटर) जिसका खसरा कंमाक 258/1, 258/2, 260/2, 259 एंव 242/257 मे से अंश भाग रजत नगर, ग्राम नरेला शंकरी तहसील हुजूर जिला भोपाल म०प्र० जिसकी चतुर्थसीमा पूर्व मे 25 फिट चौडा रोड, पश्चिम में - प्लाट कंमाक 101, उत्तर में - प्लाट कंमाक 105 दक्षिण मे प्लाट कंमाक 103 है को कय करने हेतु बयाना राशि का भुगतान कर विक्रय अनुबध पत्र का निष्पादन कर लिया गया है यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति के संबध में किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कही दान, बंधक गिरवी हस्तांतरण, विक्रय अनुबंध इत्यादी हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरी पक्षकारा उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष मे करा लेगी, ऐसी स्थिति मे कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय
**अनिल कुमार खोदरे (गुर्जर) (अधिवक्ता)**
कार्यालय - टी.एफ 01 न्यु कानपुर स्वीट्स् के उपर विद्या सागर कालेज के सामने अवधपूरी भेल भोपाल म.प्र. । मो. न.-9669531033

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 16-07-26

आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R-5,6,7,10,11,12,19,20,21,25,26/6/26, 01,02,05,06,08

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/Computer)



PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
भारत का सबसे सस्ता और अच्छा सोलर
COMPLETE Solar Solutions
Sirf ₹72,000 Mein!
Solar Lagaye
3.3kW Bachat ka Naya Tareeka!
BEST OFFER
HURRY UP!
Na 2 Lakh Mein..
Na 1.5 Lakh Mein..
BRANDS we deal with!
TATA POWER SOLAROOF
WAAREE
adani Solar
ECE INDIA
Contact us
99932-41867
Aura Mall, Bhopal, 462010
सोलर लगवाने से पहले एक बार हमसे जरूर संपर्क करें।

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है!
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है!
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी
(अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
Timing 10:30 am to 8:00 pm
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 6268



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6267 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | ■ | ■ | ■ | मु | का | ब | ला |
| मी | ■ | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | ■ | ज |
| श | ब | ■ | न | या | ■ | न | दी | ■ | जी | वा |
| न | र | क | ■ | न | म | क | ■ | ख | रा | ब |
| ■ | दा | म | न | ■ | जा | ■ | न | फा | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ख | त | ■ | म | न | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | सा | रा | ■ | आ | ■ | द | म | न | ■ |
| अ | ना | र | ■ | र | स | म | ■ | त | ह | री |
| मा | ता | ■ | ल | क | ■ | सौ | त | ■ | र | त |
| न | ■ | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | ■ | स |
| त | क | दी | र | ■ | ■ | ■ | ल | ल | का | र |

## सूडोकु नवताल- 6278

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6277 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## खबर संक्षेप

### फंड्स इंडिया ने जुटाई 446 मिलियन की राशि

**बेंगलुरु।** फंड्स इंडिया ने सिक्योर्ड नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स का अपना पहला प्राइवेट प्लेसमेंट पूरा कर लिया है और इसके जरिए 446 मिलियन की राशि जुटाई हैं। इन पैसों का इस्तेमाल फंड्सइंडिया की टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाने और अपने प्लेटफॉर्म को और मज़बूत करने जाएगा। कंपनी के ग्रुप सीईओ, अक्षय सप्रू ने कहाकि निवेशकों को फंड्सइंडिया के प्लेटफ़ॉर्म और लंबे समय के लिए हमारी सोच पर कितना भरोसा है।

### नामदेव फिनवेस्ट बनी लिमिटेड कंपनी

**जयपुर।** नामदेव फिनवेस्ट लिमिटेड ने अपनी विकास यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की घोषणा की है। इनमें कंपनी का लिमिटेड कंपनी में परिवर्तन तथा आईसीआरए द्वारा इसकी दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग को बढ़ाकर ए- किया जाना शामिल है। ये उपलब्धियां कंपनी के विकास के अगले चरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं ।

### एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल का सर्वाइवर मीट

**इंदौर।** राष्ट्रीय कैंसर सर्वाइवर माह के अवसर पर एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल इंदौर ने कैंसर सर्वाइवर्स मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में कैंसर सर्वाइवर्स, उनके देखभालकर्ता, डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा कैंसर के बाद के जीवन, साहस, दृढ़ता और जीत का उत्सव मनाया। यह कार्यक्रम कैंसर सर्वाइवर्स के लिए एक ऐसा मंच बना, जहां कैंसर से उबरने तक की अपनी व्यक्तिगत यात्राओं को साझा किया।

### आस्था स्पिनटेक्स का आईपीओ 29 से शुरू

**मुंबई।** आस्था स्पिनटेक्स लिमिटेड अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग को सोमवार, 29 जून 2026 को खोलने जा रही है। । कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिए 170 करोड़ रुपए जुटाने का है। आईपीओ का कुल आकार 170 करोड़ रुपए है, जबकि इसका प्राइस बैंड 125 से 136 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह निर्गम सोमवार, 29 जून 2026 को खुलेगा और बुधवार, 1 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### क्रतिकाल टेक का आईपीओ 30 को खुलेगा

**मुंबई।** साइबर सुरक्षा कंपनी क्रतिकाल टेक लिमिटेड 30 जून 2026 को अपना आईपीओ खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 39.69 करोड़ रुपए जुटाने का है। आईपीओ के तहत 10 अंकित मूल्य वाले 29.40 लाख इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। प्राइस बैंड 128 से 135 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर पोर्शन सोमवार 29 जून 2026 को खुलेगा। इश्यू मंगलवार 30 जून 2026 को खुलेगा और गुरुवार, 2 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### कॉपरटेक ने रखा 2.35 करोड़ रुपए का लक्ष्य

**मुंबई।** वेदांता रिसोर्सेज द्वारा स्थापित कॉपर एवं कोबाल्ट उत्पादक कंपनी कॉपरटेक मेटल्स ने अपने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए रोडशो शुरू कर दिया है। कंपनी न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है और उसका प्रस्तावित टिकर सिंबल सीयूएक्स होगा। कंपनी 2.35 करोड़ शेयर जारी कर लगभग 423.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। शेयरों का मूल्य दायरा 16 से 18 अमेरिकी डॉलर प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।

### नेटफ्लिक्स के दिखेगा हाई-वोल्टेज ड्रामा

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स पर 27 जून से चर्चित कैप्टिव रियलिटी शो लॉक अपः सच या सजा लांच होगा। निर्माताओं ने शो के फॉर्मेट, जेलर्स और कुछ चर्चित इनमेट्स के नामों से पर्दा उठाया। बालाजी टेलीफिल्म्स और कोलोसियम द्वारा सह-निर्मित इस रियलिटी शो में कुल 14 सेलिब्रिटी इनमेट्स हिस्सा लेंगे।

---

## 80 हजार से अधिक घरों तक पीएनजी की पहुंच, 8 से ज्यादा रिहायशी सोसाइटी बनीं एलपीजी-फ्री जोन

# भोपाल और राजगढ़ में बढ़ रहा थिंक गैस का नेटवर्क 206 किमी पाइपलाइन नेटवर्क का विकास कार्य तेज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी थिंक गैस ने भोपाल और राजगढ़ में अपने प्राकृतिक गैस नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है। कंपनी ने लगभग 100 किलोमीटर स्टील पाइपलाइन चालू कर दी है, जबकि कुल 206 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क का विकास कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही पीई पाइपलाइन का व्यापक नेटवर्क भी तैयार किया गया है, जिससे 80 हजार से अधिक घरों तक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पहुंच सुनिश्चित हुई है।

उक्त जानकारी गुरूवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में थिंक गैस के भोपाल एवं शिवपुरी के रीजनल हेड डीएस दुर्गेश ने दी। इस मौके पर थिंक गैस के वाइस प्रेसीडेंट अमूल कुलकर्णी, ब्रम्हानंद तिवारी, शलभ शर्मा, मनीष विश्वकर्मा और आशुतोष गौतम मौजूद थे।



प्रेसवार्ता

इस मौके पर डीएस दुर्गेश कहा कि कंपनी कुछ महीनों में 6,000 नए घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके अलावा 25 से अधिक नए औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। वर्तमान में कंपनी इस क्षेत्र में 42 सीएनजी स्टेशन संचालित कर रही है, जिनमें बगरोदा स्थित एक एलसीएनजी स्टेशन भी शामिल है।

### स्टेशनों के उन्नयन की योजना

आने वाले छह महीनों में नए सीएनजी स्टेशन शुरू करने तथा मौजूदा स्टेशनों के उन्नयन की योजना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के सहयोग से थिंक गैस भोपाल और राजगढ़ क्षेत्र में घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों तक स्वच्छ, सुरक्षित और भरोसेमंद ऊर्जा पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। कंपनी के पास वर्तमान में 43,000 से अधिक स्थापित पीएनजी कनेक्शन हैं, जिनमें से 29,139 उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति शुरू की जा चुकी है। इसके अलावा कंपनी 117 व्यावसायिक और 49 औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी सेवाएं प्रदान कर रही है।

### कंपनी की एक महत्वपूर्ण पहल एलपीजी-फ्री जोन

नेटवर्क विस्तार के तहत बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र, गोविंदपुरा, अचारपुरा और पीलूखेड़ी जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों तक भी पीएनजी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। कंपनी की एक महत्वपूर्ण पहल एलपीजी-फ्री जोन है, जिसे उन क्षेत्रों में लागू किया जाता है जहां पीएनजी नेटवर्क पूरी तरह स्थापित हो चुका है। भोपाल की 8 से अधिक रिहायशी सोसायटियों को पहले ही एलपीजी-फ्री जोन घोषित किया जा चुका है और आने वाले समय में कई अन्य सोसायटियों को भी इसमें शामिल किए जाने की संभावना है। इस पहल के तहत किसी घर में पीएनजी कनेक्शन सक्रिय होने के बाद परिवार को अपने एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाता है। यह प्रक्रिया एलपीजी कंपनियों के पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त मायपीएनजीडॉट इन के जरिए भी आवेदन किया जा सकता है, जहां डिस्ट्रीब्यूटर घर से सिलेंडर संग्रहण की सुविधा उपलब्ध कराता है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि थिंक गैस घर-घर तक पीएनजी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन कनेक्टिविटी, मीटर एवं प्रेशर कंट्रोल सिस्टम, डिजिटल ग्राहक पंजीकरण सुविधाओं तथा सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बना रही है।

---

## बोवनी के इस महत्वपूर्ण समय में डीजल की उपलब्धता प्रभावित

# डीजल संकट गहराया: भोपाल सहित मप्र में सप्लाई प्रभावित, 3 दिन में मिल रही आपूर्ति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश में डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने से पेट्रोल पंप संचालकों और किसानों की चिंता बढ़ गई है।

प्रदेश के भोपाल, सागर, जबलपुर सहित अधिकांश डिपो ड्राई होने की कगार पर पहुंच गए हैं। स्थिति यह है कि जहां पहले पेट्रोल पंपों को एक दिन में डीजल की आपूर्ति हो जाती थी, वहीं अब ऑर्डर के बाद 3 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के



अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में खरीफ सीजन की बोवनी का दौर चल रहा है। खेतों में ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों के संचालन के लिए किसानों की डीजल पर निर्भरता बढ़ गई है। ऐसे समय में डीजल की सप्लाई प्रभावित होने से ग्रामीण क्षेत्रों में किल्लत के हालात बनने लगे हैं।

### जामनगर रिफाइनरी में मेंटेनेंस कार्य, असर ऑयल कंपनियों के डिपो पर

अजय सिंह ने कहाकि गुजरात के जामनगर स्थित रिफाइनरी में मेंटेनेंस कार्य चलने के कारण वहां से डीजल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसका असर मध्यप्रदेश के डिपो पर दिखाई दे रहा है, जहां पर्याप्त मात्रा में स्टॉक नहीं पहुंच पा रहा है। परिणामस्वरूप प्रदेशभर में डीजल की सप्लाई बाधित हो रही है।


अजय सिंह

### सप्लाई चेन प्रभावित, दबाव बढ़ा

पंप संचालक समीर भार्गव का कहना है कि ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में किसान डीजल लेने पहुंच रहे हैं। यदि अगले कुछ दिनों में आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो कई पंपों पर डीजल का स्टॉक समाप्त होने की आशंका है। जबलपुर के एक पंप संचालक का कहना है कि सप्लाई चेन प्रभावित होने से दबाव बढ़ गया है।

### प्रशासन और तेल कंपनियों की नजर

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि तेल कंपनियां सप्लाई व्यवस्था को सामान्य बनाने के प्रयास कर रही हैं। उम्मीद है कि रिफाइनरी में मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद आगामी दिनों में स्थिति में सुधार आएगा। फिलहाल प्रदेश के अधिकांश डिपो सीमित स्टॉक के सहारे मांग पूरी करने में जुटे हुए हैं।

---

## बीएमडब्ल्यू ग्रुप के चेन्नई प्लांट में बनी

# मिनी कंट्रीमैन सी भारत में लांच शुरूआती कीमत 47.50 लाख

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मिनी ने भारत में अपनी ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी लांच कर दी है। नई पीढ़ी की यह प्रीमियम एसयूवी अब 'मेड इन इंडिया' होगी और इसका निर्माण बीएमडब्ल्यू ग्रुप के चेन्नई स्थित प्लांट में स्थानीय स्तर पर किया जाएगा।

फिलहाल इसे केवल पेट्रोल वेरिएंट में उपलब्ध कराया गया है। कंपनी ने बताया कि ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी की बुकिंग देशभर में मिनी इंडिया की अधिकृत डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी भी तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कर दी गई है। हरदीप सिंह बरार ने लांच के अवसर पर कहा कि ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी मिनी की विरासत और आधुनिक एसयूवी डिजाइन का बेहतरीन संगम है। उन्होंने कहा कि भारत में स्थानीय




उत्पादन शुरू होने से कंपनी के पोर्टफोलियो को मजबूती मिलेगी और ग्राहकों को बेहतर वैल्यू प्रपोजिशन उपलब्ध होगा। नई मिनी कंट्रीमैन सी को विशेष रूप से स्टाइलिश 'फेवर्ड पैक' में पेश किया गया है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 47.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। कंपनी के अनुसार, मिनी स्मार्ट फाइनेंसके तहत ग्राहकों को तीन वर्ष की अवधि पूरी होने पर 66 प्रतिशत तक की सेगमेंट-बेस्ट एश्योर्ड बायबैक वैल्यू मिलेगी। साथ ही, वाहन की फाइनेंसिंग पर मासिक किस्तें 56,990 रुपए से शुरू होंगी और यह सुविधा शून्य डाउन पेमेंट के साथ उपलब्ध रहेगी।

---

### लॉरिट्ज ने किया 50 गीगावॉट सोलर को सक्षम बनाने का मुकाम हासिल

**मुंबई।** लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल ने घोषणा की, कि उसकी इलेक्ट्रिकल और डिजिटल टेक्नोलॉजीज ने भारत और दुनिया के अन्य बाजारों में 50 गीगावॉट से ज़्यादा सोलर क्षमता को संचालित करने में अहम भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि दिखाती है कि लॉरिट्ज नुडसेन का फोकस सिर्फ सोलर क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सोलर ऊर्जा को बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचाने पर है।

---

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की स्टडी सर्किल बैठक संपन्न

# जीएसटीएटी प्रक्रिया, चुनौतियां और मुकदमेबाजी पर हुई चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल द्वारा आयोजित मासिक स्टडी सर्किल बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

वाणिज्यिक कर भवन, अरेरा हिल्स स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और कर सलाहकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक



सम्मानित करते हुए

के प्रथम सत्र में वरिष्ठ कर विशेषज्ञ सीए संदीप मुखर्जी ने जीएसटीएटी प्रक्रिया, व्यावहारिक चुनौतियां और उभरते मुकदमेबाजी परिदृश्य विषय पर व्याख्यान देते हुए जीएसटीएटी की कार्यप्रणाली, अपील प्रक्रिया, व्यवहारिक चुनौतियों और उभरते विवादों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीएसटीएटी की स्थापना से करदाताओं और कर पेशेवरों को विवादों के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच मिलेगा। दूसरे सत्र में सीए अंकुर अग्रवाल ने जीएसटीएटी के समक्ष अपील दायर करते समय महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश विषय पर प्रस्तुति देते हुए अपील दाखिल करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, समय-सीमा और तकनीकी त्रुटियों से बचने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों का भी विस्तार से उत्तर दिया।

---

# वी बिजनेस ने एमएसएमई ग्रोथ इनसाइट्स स्टडी 2026 पेश की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और इसका असर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) क्षेत्र में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

वोडाफोन आइडिया (वीआई) बिज़नेस की एमएसएमई ग्रोथ इनसाइट्स स्टडी 2026 के अनुसार, सर्वे में शामिल 57 फीसदी एमएसएमई उद्यमों का मानना है कि एआई व्यवसाय वृद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम है, जबकि 25 फीसदी व्यवसाय पहले से ही अपने संचालन और वर्कफ़्लो में एआई टूल्स का उपयोग कर रहे हैं। यह अध्ययन वी बिज़नेस के रेडी फॉर नेस्ट प्लेटफॉर्म से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है, जिसने 16 क्षेत्रों के 2.5 लाख से अधिक एमएसएमई के साथ काम किया है।

---

# राधारमण आयुर्वेद में एक माह तक चला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज रिसर्च हॉस्पिटल में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगा फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग) थीम पर आयोजित एक माह लंबे योग जागरूकता अभियान का भव्य समापन स्वामी विवेकानंद सभागार में हुआ।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा समाज के विभिन्न वर्गों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई।



अभियान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि महाविद्यालय के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, शिक्षण एवं अशैक्षणिक स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने ऑनलाइन 100 योगा चैलेंज में उत्साहपूर्वक भागीदारी की और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सक्सेना, डॉ. पी. के. लहरी, डॉ. एस. बी. खरे, डॉ. अनुराग जैन, डॉ. राजीव मालवीय, डॉ. भूपेन्द्र कुमार मिश्रा तथा डॉ. प्रमेन्द्र रघुवंशी सहित सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

### डब्लूपीयू ने उच्च शिक्षा में कई विषयों की जानकारी होने की वकालत की

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तेजी से बदलती तकनीकों के प्रभाव से दुनिया भर के उद्योगों में हो रहे बदलावों के बीच उच्च शिक्षा संस्थानों को छात्रों को केवल पहली नौकरी के लिए तैयार करने के बजाय उन्हें जीवनभर सीखने और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढलने योग्य बनाना चाहिए। यह विचार वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी गोवा द्वारा आयोजित 'ओपन हाउस' कार्यक्रम में व्यक्त किए गए। प्रोफेसर वाल्टर लील ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना ट्रांसडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण के साथ की जा रही है, जो छात्रों और शिक्षकों को पारंपरिक विषयगत सीमाओं से आगे बढ़कर सोचने और कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। डॉ. आशीष भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय अब केवल छात्रों को पहली नौकरी के लिए तैयार करने तक सीमित नहीं रह सकते।

---

## एक प्रदेश-दो कानून, 'विसंगति' न्यायसंगत नहीं

चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष की नगर निगम आयुक्त से भेंट

# भोपाल में लागू व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क को समाप्त करने की मांग उठाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों को व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन से मुलाकात कर भोपाल में लागू व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क को समाप्त करने की मांग उठाई।

प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को बताया कि मध्यप्रदेश के अन्य किसी भी नगरीय निकाय में यह शुल्क लागू नहीं है, जबकि भोपाल में अब भी व्यापारियों पर इसका बोझ बना हुआ है। चेंबर का कहना है कि यह स्थिति "एक प्रदेश–दो कानून" जैसी


चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल

विसंगति पैदा करती है और व्यापारियों के साथ न्यायसंगत नहीं है। बैठक में चेंबर के संचालक एवं समिति संयोजक अनिल चुग ने बताया कि 21 अप्रैल 2023 को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क लागू किया गया था, लेकिन व्यापारियों के विरोध और विभिन्न विसंगतियों के चलते 25 अप्रैल 2023 को इसे पूरे प्रदेश में स्थगित कर दिया गया। इसके बावजूद भोपाल में यह शुल्क जारी है।

### शुल्क को समाप्त कराने के लिए प्रयासरत

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे संबंधित दस्तावेजों और शासन के आदेशों का अध्ययन कर मामले की विस्तृत जानकारी लेंगी तथा इसके समाधान और संभावित समाप्ति के लिए सकारात्मक प्रयास करेंगी। इस अवसर पर गोविंद गोयल ने कहा कि भोपाल चेंबर लंबे समय से इस शुल्क को समाप्त कराने के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में सांसदों, मंत्रियों, महापौर, विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार पत्राचार और संवाद के माध्यम से व्यापारियों की भावनाएं पहुंचाई गई हैं।

---


पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank

मंडल कार्यालय, भोपाल
अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755-2550020

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:–

**ई नीलामी दिनांक : 27.07.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 26.07.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे।
मंडल कार्यालय, भोपाल | प्राधिकृत अधिकारी : श्री संदीप साहू | फोन नं. 0755-2550020/7000086955

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| **श्री प्रफुल्ल देशमुख** (सांकेतिक आधिपत्य)<br>संपत्ति का वह भाग जिसमें आवासीय फ्लैट नं.टी–300,तृतीय तल, ''आस्था अपार्टमेंट'' प्लाट नं. 143–ए, पटवारी हल्का नं. 39, कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम– बंजारी, तहसील– हुजूर, जिला– भोपाल । सीमाएँ: पूर्व– मकान नं. 144–ए, पश्चिम– मकान नं. 142–ए, उत्तर– कॉलोनी रोड, दक्षिण– मकान नं. 154–ए | (₹) 10,80,000/-<br>(₹) 1,08,000/- | 09-01-2026<br>20-03-2026<br>₹ 993282.43 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **1.श्री अनुप कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव (सह-उधारकर्ता), 2.मनसा श्रीवास्तव पुत्री श्री अनुप कुमार श्रीवास्तव (स्वर्गीय श्रीमती उमा श्रीवास्तव की पुत्री एवं कानूनी उत्तराधिकारी), 3. श्री/मास्टर अंश श्रीवास्तव पुत्र श्री अनुप कुमार श्रीवास्तव (स्वर्गीय श्रीमती उमा श्रीवास्तव के पुत्र एवं कानूनी उत्तराधिकारी)**<br>फ्लैट नंबर 05104 का वह संपूर्ण भाग एवं हिस्सा, जो ब्लॉक नंबर 5 की प्रथम मंजिल पर स्थित है, जिसका कुल सुपर बिल्ट–अप क्षेत्रफल 939 वर्ग फुट (87.27 वर्ग मीटर) है, जो 'सौम्या पार्क लैंड' नामक आवासीय परियोजना का हिस्सा है। यह परियोजना खसरा नं. 150-K/2, 309/1-K/2, 310/2-K/2,150/1-K/1,309/1-K/1, 310/2-K/1, 150/5/2 K, 309/3/2, 309/2-K, 310/3, 311/2 और 311/2/1-K की भूमि पर निर्मित है, जो नगर निगम सीमा के अंतर्गत वार्ड नंबर 60, ग्राम खजूरी कलां, पटवारी हल्का नंबर 19, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है सीमाएँ : पूर्व फ्लैट नं. 05101, पश्चिम: –सड़क, उत्तर– फ्लैट नं. 05103, दक्षिण– फ्लैट नं. 04103, सपंत्ति मालिक :: श्रीमती उमा श्रीवास्तव (मृत्यु) एवं श्री अनुप कुमार श्रीवास्तव (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 20,28,240/-<br>(₹) 2,02,824/- | 23-12-2025<br>09-03-2026<br>₹1992790.48 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **पद्मा अय्यर, जमानतदार : श्री संतोष राव** (सांकेतिक आधिपत्य)<br>बंधक संपत्ति फ्लैट नं. एफ–2, मधुरम प्लाजा, गेहुखेड़ा, पुलिस गृह निर्माण सहकारी संस्थान मर्यादित, कोलार रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश । क्षेत्रफल– 813.70 वर्ग फुट, सीमाएँ: पूर्व – प्लाट नं.13, पश्चिम –कॉरिडोर और फ्लैट नं. एफ–1, उत्तर – फ्लैट नं. एफ–3, दक्षिण – प्लाट नं. 2 अनुसूची बी, सम्पति मालिक : श्रीमती पद्मा अय्यर | (₹) 27,80,460/-<br>(₹) 2,78,046/- | 04-11-2025<br>11-03-2026<br>₹2117294.76 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्तें :–** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई–निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 27/07/2026** को **वेबसाइट https://baanknet.com** पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई–नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 24/06/2026, स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

## चिंतन

# प्रकृति के सामने सब बेबस, तैयारी जरूरी

वेनेजुएला में आए बैक-टू-बैक भूकंप और भूस्खलन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रकृति के प्रचंड प्रकोप के आगे मानव निर्मित आधुनिकता और तकनीक सब बेबस हैं। इस भीषण त्रासदी ने दिखा दिया है कि समूची मानव जाति प्रकृति की अनिश्चित और विनाशकारी शक्तियों के सामने कितनी असहाय है। सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों के प्रभावित होने की खबरें बताती हैं कि आपदा प्रबंधन, भूकंपरोधी निर्माण और त्वरित राहत व्यवस्था कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए मानव जाति को प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाना बेहद जरूरी है। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए केवल राहत और बचाव पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पहले से तैयारियों, सुरक्षित निर्माण मानकों और जनजागरूकता को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनकी विनाशलीला को बेहतर तैयारी और मजबूत व्यवस्थाओं से काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है। समस्या यह नहीं है कि ये आपदाएं आती हैं, बल्कि यह है कि इनके प्रति हमारी तैयारी कितनी है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि आपदा से पहले की तैयारी अपेक्षाकृत कमजोर रहती है। यही कारण है कि प्राकृतिक घटनाएं कई बार बड़े मानवीय संकट में बदल जाती हैं। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। देश का एक बड़ा हिस्सा भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर राज्य और पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिहाज से जोखिम वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। वहीं, हर वर्ष मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। हाल के वर्षों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और केरल में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास इन खतरों को और बढ़ा रहे हैं। ऐसे में केवल आपदा आने के बाद सहायता पहुंचाना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति अपनाई जाए। भूकंपरोधी भवन निर्माण को अनिवार्य बनाया जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नियंत्रण रखा जाए और स्थानीय समुदायों को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाए। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए, ताकि संकट की स्थिति में लोग घबराने के बजाय सही निर्णय ले सकें। दुनिया में जापान इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। जापान हर वर्ष अनेक भूकंपों और सुनामी की आशंका का सामना करता है, लेकिन वहां मजबूत भवन निर्माण मानकों, उन्नत चेतावनी प्रणाली और व्यापक जनजागरूकता के कारण जनहानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। आपदा के बाद पुनर्वास और पुनर्निर्माण की उनकी क्षमता भी उल्लेखनीय है। भारत सहित अन्य देशों को इस अनुभव से सीख लेकर अपनी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना चाहिए। प्रकृति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है, लेकिन उसके खतरों को कम करना जरूर संभव है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। वेनेजुएला की त्रासदी केवल एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। यह हमें याद दिलाती है कि प्रकृति के सामने विनम्र रहना और हर समय तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# ईरान, होर्मुज और बदलती विश्व व्यवस्था

आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है। किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है।

विश्व राजनीति में शक्ति का अर्थ समय के साथ निरंतर बदलता रहा है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में शक्ति के मानक बदलते रहे हैं। कभी विशाल और अजेय सेनाएं किसी साम्राज्य या देश की ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक मानी जाती थीं, तो कभी औद्योगिक क्रांति के बाद औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक क्षमता को वैश्विक शक्ति का मुख्य आधार समझा गया। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, विशेषकर शीतयुद्ध के दौर में, परमाणु हथियारों को सर्वोच्च शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक माना जाने लगा। ऐसा माना जाता था कि परमाणु क्षमता से संपन्न देश ही वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय कर सकते हैं। किंतु 21वीं शताब्दी के आगमन ने इन सभी पारंपरिक धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है। आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है।

किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है। इस संकरे मार्ग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे दुनिया के सबसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों का समुद्री निर्यात इसी मार्ग से होकर गुजरता है। वैश्विक कच्चे तेल की कुल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा रोजाना इस संकरे जलमार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है। इसके अलावा, तरल प्राकृतिक गैस के वैश्विक समुद्री व्यापार का भी एक बहुत बड़ा भाग इसी रास्ते से तय होता है। इसलिए होर्मुज केवल एक साधारण जलमार्ग नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। यदि इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है या तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा और तात्कालिक प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतों, समुद्री परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और दुनिया भर के उपभोक्ता बाजारों पर दिखाई देने लगता है। इस पूरे परिदृश्य में ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे इस क्षेत्र में एक विशिष्ट सामरिक महत्व प्रदान करती है। इस जलडमरूमध्य के उत्तरी तट पर ईरान का सीधा भौगोलिक प्रभाव है और इसी कारण वह लंबे समय से इस मार्ग को अपनी सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति के रूप में देखता रहा है। जब भी पश्चिमी देशों द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए या उसकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की अनदेखी की गई, तब उसने बार-बार यह संकेत दिया कि वह होर्मुज में जहाजों के आवागमन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। कई अवसरों पर ईरान ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह चेतावनी भी दी है कि यदि उसके राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया, तो वह इस मार्ग को पूरी तरह बंद करने अथवा यहां अतिरिक्त नियंत्रण स्थापित करने पर विचार कर सकता



है। यहीं से दुनिया के लिए एक नया भू-राजनीतिक संदेश निकलता है कि आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भूगोल स्वयं एक बहुत बड़ी शक्ति है।

यदि किसी देश के पास कोई ऐसा विशिष्ट स्थान है जो वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति या सामरिक गतिविधियों के लिए अनिवार्य है, तो वह देश अपनी सीमित सैन्य या आर्थिक क्षमताओं के बावजूद वैश्विक मंच पर अत्यंत महत्वपूर्ण प्रभाव रख सकता है। ईरान दशकों से भारी आर्थिक प्रतिबंधों और राजनीतिक दबावों का सामना कर रहा है, लेकिन होर्मुज पर उसकी सामरिक स्थिति उसे विश्व राजनीति में लगातार प्रासंगिक और शक्तिशाली बनाए रखती है। यह स्थिति पारंपरिक शक्ति संतुलन को भी गंभीर चुनौती देती है। लंबे समय तक वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा कि बड़ी सैन्य और परमाणु शक्ति रखने वाले देश किसी भी क्षेत्रीय संकट का समाधान अपने पक्ष में करने में सक्षम होते हैं। होर्मुज का उदाहरण दिखाता है कि कठोर भौगोलिक वास्तविकताएं कई बार विशाल सैन्य शक्ति को भी सीमित कर देती हैं। यदि इस समुद्री मार्ग पर थोड़ा भी तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल एक क्षेत्र पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को भी यहां किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई करने से पहले कूटनीति, समझौतों और क्षेत्रीय संतुलन का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही, ईरान की इस रणनीति ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्न को एक बार फिर केंद्र में ला दिया है। ऊर्जा आधुनिक अर्थव्यवस्था की आधारशिला है जिसके बिना उद्योग, परिवहन, कृषि और संचार जैसे लगभग सभी क्षेत्र ठप हो सकते हैं। जब किसी ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग पर संकट की मामूली आशंका भी उत्पन्न होती है, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव शुरू हो जाता है।

इससे दुनिया भर के निवेशकों में चिंता बढ़ती है और सरकारें वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तलाश करने के लिए मजबूर हो जाती हैं। इस प्रकार एक सीमित क्षेत्रीय तनाव भी व्यापक वैश्विक आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इस परिस्थिति का प्रभाव केवल तेल उत्पादक या पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहता है। जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और यूरोप के अनेक प्रमुख देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से पश्चिम एशिया के इसी मार्ग पर निर्भर हैं। यदि होर्मुज में कोई बाधा आती है तो इन विकासशील और विकसित देशों की ऊर्जा सुरक्षा सीधे प्रभावित होती है। यही कारण है कि दुनिया के तमाम राष्ट्र इस मार्ग को हमेशा खुला और सुरक्षित बनाए रखने के पक्षधर हैं। वे अच्छी तरह समझते हैं कि यहां उत्पन्न होने वाला कोई भी संकट उनके घरेलू आर्थिक हितों को सीधे चोट पहुंचाएगा। ईरान के इस व्यवहार से यह भी स्पष्ट होता है कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा केवल हथियारों के संचय की नहीं होगी। बीते दशकों में परमाणु हथियारों के प्रसार को लेकर व्यापक चिंताएं व्यक्त की जाती रही हैं, लेकिन आज एक नई प्रवृत्ति उभरती दिखाई दे रही है, जिसमें देश उन स्थानों, संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण की तलाश कर रहे हैं जिनके माध्यम से वे संपूर्ण वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर सकें। इन्हें भू-राजनीति की भाषा में चोक प्वाइंट कहा जाता है, जहां से होकर व्यापार, ऊर्जा या संचार का बड़ा भाग गुजरता है। यदि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को अक्षुण्ण रखना है, तो क्षेत्रीय देशों तथा बड़ी शक्तियों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग आवश्यक होगा। अंततः, ईरान के व्यवहार से यही निष्कर्ष निकलता है कि 21वीं शताब्दी में शक्ति का स्वरूप बहुआयामी हो गया है, जहां भौगोलिक स्थिति, समुद्री मार्ग, संसाधन और ऊर्जा नेटवर्क ही भविष्य की विश्व राजनीति की दिशा तय करेंगे।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पाक रक्षा बजट

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



# सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करे भारत

पाकिस्तान की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने वित वर्ष 2026-27 का बजट कुल 18.77 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये अर्थात 67.49 अरब डॉलर का पेश किया है। इस बजट में रक्षा बजट पर विशेष ध्यान दिया गया है, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने भारत तथा अफगानिस्तान के साथ चल रहे तनाव एवं अन्य सैन्य अभियानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अधिक रक्षा बजट की मांग की थी। शरीफ सरकार ने सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर की इस मांग को मानते हुए रक्षा बजट में 18 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोत्तरी कर दी है। इस बढ़ोत्तरी के बाद पाकिस्तान का रक्षा बजट तीन ट्रिलियन अर्थात 3000 अरब रुपये हो गया है। वहां के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेम्बली को बताया कि सरकार जुलाई से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में रक्षा बजट के लिए यह राशि आवंटित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अनिश्चितता के कारण देश को अजेय बनाने के लिए रक्षा खर्च में यह बढ़ोत्तरी सभी प्रांतीय सरकारों के साथ बातचीत के बाद की गई है। पाकिस्तान का रक्षा बजट पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। 2021-22 में यह लगभग 1280 अरब पाकिस्तानी रुपये था। वहीं, 2025-26 में यह 2550 अरब पाकिस्तानी रुपये था। अब नई उल्लेखनीय वृद्धि का निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब पाक गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और गरीबी जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। एक तरफ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सहारे चल रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने रक्षाबजट बढ़ाने का निर्णय लिया है। विदित हो कि पाकिस्तान वर्ष 2023 में डिफॉल्ट होने से बचने के बाद सात अरब डॉलर के आईएमएफ प्रोग्राम को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसी संस्थाएं उसकी आर्थिक स्थिति को चुनौतीपूर्ण बताती हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब करोड़ों नागरिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हों तब रक्षा बजट का बढ़ाया जाना उचित नहीं लगता है, जबकि पाकिस्तान इस निर्णय के पीछे अपनी सुरक्षा चिंताओं, क्षेत्रीय रणनीतिक परिस्थितियों एवं सैन्य जरूरतों का हवाला देता है। सैन्य नेतृत्व का यह मानना है आर्थिक संकट तो अस्थायी है, लेकिन सुरक्षा कमजोर हुई तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। 1947 में हुए बंटवारे के बाद से अब तक पाक की रक्षानीति का सबसे बड़ा केन्द्र भारत ही रहा है और इसी के चलत उसने भारत के साथ 1947-48, 1965, 1971 एवं 1999 में संघर्ष किया और पराजित भी हुआ, लेकिन तनाव बनाए रखा। गत वर्ष की लड़ाई में मात खाना भी उसे अच्छी तरह से याद है। भारत में फैला आतंकवाद उसकी नीतियों की देन है। भारत की बढ़ती आर्थिक व सैनिक ताकत उसके लिए आज भी चिंता का विषय है। भारत लगातार अपनी आधुनिक मिसाइल प्रणालियां, आधुनिक लड़ाकू विमान, वायु रक्षाप्रणाली, ड्रोन एवं नौसैनिक ताकत का लगातार विकास कर रहा है। इस कारण पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत बनाए रखने और भारत के मुकाबले में बने रहने हेतु अपनी रक्षाशक्ति को आधुनिक बनाने के लिए रक्षाबजट में वृद्धि को जायज मानता है। भारत के अलावा अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का संघर्ष जारी है। वहां पर तालिबान का शासन स्थापित होने के बावजूद पाक की सुरक्षा चिंताएं कम नहीं हुई हैं। दोनों देशों के बीच आए दिन संघर्ष होता रहता है। पाकिस्तान का आरोप है कि कुछ आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का उपयोग पाकिस्तान विरोधी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। इसीलिए सीमा सुरक्षा अभियानों पर खर्च बढ़ रहा है। पाकिस्तान को केवल बाहरी ही नहीं बल्कि आंतरिक सुरक्षाचुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अगर पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों, मिसाइल एवं ड्रोन जैसे क्षेत्रों में विकास करता है तो भारत को पाकिस्तानी सीमा पर अपनी निगरानी एवं सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करना होगा। चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ता रणनीतिक सहयोग एक चिंता का विषय है क्योंकि दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक, हथियार प्रणालियां और संयुक्त रक्षा परियोजनाओं का विस्तार भारत के लिए दो मोर्चों की सुरक्षा तैयारी के लिए बाध्य करता है। रक्षा बजट की वृद्धि यदि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता मजबूत करेगी तो भारत पर तत्कालिक खतरा भले ही कम हों, लेकिन दीर्घकालिक रणनीतिक चुनौती तो अवश्य बनेगी। साथ में देखना यह भी होगा कि आर्थिक तंगी के बीच पाकिस्तान का बढ़ा रक्षा बजट उसके लिए कितना लाभदायक सिद्ध होगा।

( लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित

## दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी मे भर कर ले जाए। दोनो निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे। दरअसल लालच ही वह बला है जिससे मनुष्य उबर नहीं पाता और जो इससे उबर जाता है अपनी मंजिल पा लेता हैं ।

## सटाका




## आज की पाती

### महिलाओं में बढ़ा तंबाकू का सेवन

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। तंबाकू का सेवन छुड़वाना एक बड़ी चुनौती है।

*- प्रोमिला शर्मा, बहादुरगढ़*

## ट्रेंड

### भारतीय लोकतंत्र



'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है जब भारतीय लोकतंत्र को बेरहमी से कुचल दिया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाले सभी महानुभावों को मेरा सादर नमन।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### सत्ता का अहंकार



सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री "आतंकवादी" कह रहे हैं। जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, वह आज पीड़ित बच्चों को "दहशतगर्द" बता रहा है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### चंपत राय की हिम्मत



चंपत राय ने प्रधानमंत्री को हिसाब देने से इनकार कर दिया है। उसने इतनी हिम्मत कहां से जुटाई? उसे कौन से राज़ पता हैं कि प्रधानमंत्री भी उनके सामने बेबस हैं? दूसरी तरफ, एसआईटी छोटे कर्मचारियों को तलब कर सबकी आंखों में धूल झोंक रही है।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### आवाजाही सुचारू



एनएच-44 पर कालीबाड़ी के पास रावी नदी और सेहर खड्ड पर बने दो अहम पुल, जो पिछले साल आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें ठीक कर लिया गया है। इससे अमरनाथ तीर्थयात्रियों यात्रियों व सामान की आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी।

- **मनोज सिन्हा,** एलजी, जम्मू-कश्मीर

## करंट अफेयर


# प्रतिबंध के बावजूद बच्चे कर रहे सोशल मीडिया का उपयोग



ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध लागू होने के छह महीने बाद भी 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस कानून की सफलता का आकलन केवल इस आधार पर नहीं किया जाना चाहिए कि बच्चे अब भी इन मंचों तक पहुंच बना रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल की जनस्वास्थ्य शोधकर्ता कोर्टनी बार्नेस के नेतृत्व में किए गए और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि टिकटॉक, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या में बहुत कमी नहीं आई है। शोधकर्ताओं ने 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 408 किशोरों पर सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण दिसंबर 2025 में कानून लागू होने से पहले और तीन महीने बाद किया गया। अध्ययन में 16 वर्ष की आयु सीमा से ठीक नीचे और उससे ऊपर के किशोरों की तुलना कर कानून के प्रभाव को अलग से समझने का प्रयास किया गया। अध्ययन के अनुसार, अनुवर्ती सर्वेक्षण के समय 16 वर्ष से कम आयु के 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे अब भी प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर रहे थे जिनमें से अधिकतर बच्चे अपने स्वयं के खातों के जरिए इन मंचों तक पहुंच रहे थे।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा ( आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पीड़ित युवक ने घटना की शिकायत तत्काल कोहेफिजा थाना पहुंच कर पुलिस से की थी

# मनुआभान टेकरी घूमने आए युवक और युवती के साथ बदमाशों ने चाकू की नोक पर मारपीट कर लूटपाट की, पुलिस ने किए 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित मनुआभान टेकरी पर युवती के गले पर चाकू अड़ाकर साथी युवक से मारपीट कर नगदी, घड़ी, ईयरफोन और यामाहा बाइक की चाबी छीनकर ले जाने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 23 साल का गौरव रावत, अशोका गार्डन में रहता है। गत 23 जून को वह अपनी महिला दोस्त के साथ मनुआभान टेकरी घूमने गया था। वह दोस्त के साथ टेकरी में अंदर की ओर पेड़ के नीचे बैठा था। इसी बीच वहां कुछ अज्ञात युवक आए। उनमें से एक युवक ने गौरव की दोस्त के गले पर चाकू अड़ा दिया। गौरव ने चाकू अड़ाने वाले साथी का विरोध किया तो उसके साथ मौजूद युवकों ने उसे पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। वह कहने लगे कि जो भी पास में है दे दो।



कोहेफिजा थाना पुलिस की गिरफ्त में लूट के तीनों आरोपी।

### आरोपी युवक की बाइक भी ले गए थे

आरोपियों ने मारपीट करते हुए चाकू की नोक पर गौरव से हाथ घड़ी, बाइक की चाभी, इयरफोन और नगदी छीन ली। आरोपी जाते समय गौरव की यामाहा बाइक भी लेकर गए थे। गौरव ने घटना की शिकायत तत्काल कोहेफिजा पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज मनुआभान टेकरी के आसपास संदिग्धों की तलाश की। पुलिस ने उक्त मामले में अंसार उर्फ भैय्यु, फैसल खान समीर खान और उनके साथ एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

## सब्जी खरीद रही महिला की दो तोला सोने की चेन चोरी

अयोध्या नगर थाने के पास मंगल मार्केट की घटना, चोरी का प्रकरण दर्ज

तीन चार महिलाओं का लगा था धक्का, बाद में पता चला गले में नहीं है चेन

अयोध्या नगर थाने के पास लगने वाले मंगल मार्केट में बेटे के साथ सब्जी खरीदने गई मां के गले से दो तोला गोल्ड और पैंडल लगी हुई सोने की चेन चोरी हो गई। घटना गत मंगलवार शाम साढ़े सात बजे की है।

महिला का आरोप है कि भीड़भाड़ में तीन चार महिलाओं का उसे धक्का लगा था। कुछ देर बाद गले पर ध्यान गया तो चेन और उसमें लगा पैंडल चोरी हो चुका था। उन्हें संदेह है कि महिलाओं ने हीं उनकी चेन और पैंडल चुराया है। चोरी गई चेन और पैंडल की कीमत ढाई लाख रुपए ज्यादा बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रतिमा मिश्रा पति वीरेन्द्र मिश्रा (45) एमआईजी जे सेक्टर अयोध्यानगर में रहती हैं। गृहणी प्रतिमा ने थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए पुलिस को बताया कि दो 23 जून मंगलवार शाम वह थाने के पास लगने वाले मंगल मार्केट में अपने बेटे आदर्श के साथ पहुंची थी। बेटे के साथ वह मार्केट में सब्जी खरीद रही थी।

### शाम को मार्केट में भीड़भाड़ में वारदात

*शाम को मार्केट में भीड़भाड़ के बीच तीन-चार महिलओं ने उन्हें धक्का दिया। वह संभली और आगे बढ़ गई। कुछ दूर जाने के बाद उन्हें पता चला कि उनके गले में सोने की चेन नहीं थी। चेन दो तोले की थी। उसमें लाकेट भी लगा हुआ था। उन्हें संदेह है कि धक्का लगाने वाली महिलाओं ने ही उनकी चेन चुराई है।*

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने बड़ी मात्रा में जब्त की अवैध शराब

**औबेदुल्लागंज।** एसडीओपी शीला सुराणा के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक बीपी सिंह के द्वारा टीम गठित कर कस्बे का भ्रमण किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से कुल कुल 117.72 लीटर देशी शराब व 28.22 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसकी कुल कीमत 82,070 रुपए बताई गई। इसके साथ ही अवैध शराब के परिवहन में इस्तेमाल तीन दो पहिया वाहन भी जब्त किया। पुलिस ने कुल 2,27,070 रुपए का माल जब्त किया। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की।

### बाथरूम में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित पतंजलि परिसर विनायक कॉलोनी में बुधवार सुबह एक महिला ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि एक साल पहले महिला के 10 साल के बेटे की खेलते-खेलते फंदा लगने से मौत हो गई थी। तभी से वह गुमसुम और तनाव में रहने लगी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि तनाव में रहने के कारण उन्होंने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार पतंजलि परिसर गांधी नगर निवासी अरुण पांडे प्राइवेट काम करते हैं। पत्नी पूजा पांडे (35) गृहणी थीं। उनका पांच-छह माह का एक बच्चा है। घर में बुजुर्ग सास भी हैं। रोजाना की तरह बुधवार सुबह छह बजे अरुण पांडे काम पर चले गए थे।

### माता परमेश्वरी देवी के पद पर चलने के लिया संकल्प



**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर में गुरुवार को माता परमेश्वरी देवी खटवानी की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों को भोजन कराया गया और फल वितरण भी किया गया। भाजपा नेता महेश खटवानी की माता सदा समाज सेवा के कार्य करती थीं, उनके परिवार के सदस्य उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर लगातार सेवा कार्य कर रहे हैं। गुरुवार को वार्ड 4 के आंगन बाड़ी केन्द्र पर आज बच्चों को भोजन खिलाया। इस अवसर पर भाजपा नेता महेश खटवानी, कला रजक, अमित खटवानी, दुर्गा देवनानी, नीलम आसनानी, राजकुमार माली, प्रकाश पुरोहित सहित कई बच्चों के माता पिता उपस्थित थे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 228 | 21 | 588 |
| रातः | 000 | 00 | 000 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 000 | 00 | 000 |
| रातः | 000 | 00 | 000 |

## आईओसीएल ने नहीं लिया एक्शन, कार्रवाई नहीं होने पर की दोबारा गड़बड़ी

# सैनी गैस एजेंसी ने 6 माह पहले 45 सिलेंडरों से चुराई दो से तीन किलो गैस, नहीं हुई कार्रवाई

एजेंसी संचालक ने करीब 12 हजार गैस उपभोक्ताओं के साथ ठगी की

उपभोक्ताओं के साथ ठगी करने वाले एजेंसी संचालक पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बाइपास स्थित सैनी इंडेन गैस एजेंसी में पिछले छह महीने से गड़बड़ियां चल रही हैं, लेकिन इंडियन ऑयल कंपनी और खाद्य विभाग के अफसरों ने एजेंसी संचालक सुनील सैनी पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिसकी वजह से छह महीने में दूसरी बार उपभोक्ताओं के दिए जाने वाले सिलेंडरों से गैस चोरी का मामला सामने आया है।

ऐसे में पता चलता है कि इस एजेंसी से जुड़े करीब 12 हजार गैस उपभोक्ताओं के साथ ठगी की जा रही है। छह महीने पहले भी खाद्य विभाग की टीम ने अयोध्या बाइपास पर सैनी इंडेन गैस एजेंसी के वाहन को पकड़ा था, जिसमें भरे सिलेंडरों को तौलने पर उसमें दो से तीन किलो प्रति सिलेंडर में गैस कम मिली थी, जिसके बाद केस बनाकर एडीएम कोर्ट में पेश किया गया था। एजेंसी संचालक पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने की वजह से ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान गैस सिलेंडरों की किल्लत के दौरान गैस सिलेंडरों से दो से तीन किलो गैस चोरी कर उपभोक्ताओं से ठगी की गई है।



सैनी गैस एजेंसी का फाइल फोटो

### जांच में 26 सिलेंडरों में कम गैस मिली थी

यहां पर जांच के दौरान 26 सिलेंडरों में कम गैस मिली थी, जबकि पांच सिलेंडरों की सील टूटी थी। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि सिलेंडरों से गैस चोरी के मामले में एजेंसी संचालक सुनील सैनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का प्रतिवेदन एडीएम कोर्ट में पेश किया गया है।

### जांच टीम से की बदसलूकी

ढाई महीने पहले मालीखेड़ी स्थित गैस गोदाम की जांच करने जब टीम पहुंची, तो एजेंसी संचालक ने टीम के साथ बदसलूकी कर दी थी। एजेंसी संचालक का कहना था कि खाद्य विभाग की टीम को सिलेंडरों की तौल करने का अधिकार नहीं है। नोंकझोंक के बाद सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने नापतौल विभाग की टीम को बुलाकर सिलेंडरों की तौल कराई।

देसी-विदेशी ब्रांड की 22 हजार की शराब जब्त

## जूस सेंटर के पीछे चल रही थी शराब की तस्करी

आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार को ग्राम चंदुखेड़ी, थाना परवलिया क्षेत्र से 54 लीटर अवैध देसी और विदेशी शराब जब्त की है। कार्रवाई में एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि एक अन्य फरार है, जिसकी तलाश जारी है। टीम ने मुखबिर की सूचना पर हर्ष मीणा जूस सेंटर के पीछे दबिश दी। मौके से सौरव यादव के कब्जे से अवैध शराब बरामद की। जब्त शराब की कीमत 22 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। न्यायालय में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, तस्कर अजमल मीणा मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।



आबकारी विभाग की टीम ने युवक को गिरफ्तार कर जब्त की अवैध शराब।

15 दिन पहले क्रिकेट खेलते समय हुआ था विवाद

## पुराने विवाद का बदला लेने नौवीं के छात्र पर चाकू से किया जानलेवा हमला

» *आरोपियों ने किशोर को घर से बाहर बुलाकर मारा चाकू*

» *पुलिस ने हमलावरों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



तलैया थाना क्षेत्र स्थित मेघवारपुरा में बुधवार शाम बाइक सवार दो युवकों ने 15 साल के किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे घर से बाहर बुलाया था। इसके बाद चाकू से हमला कर दिया।

गर्दन और सीने पर किए चाकू हमले को किशोर ने अपने दोनों हाथों से रोक लिया। इस घटना में उसके दोनों हाथों में गंभीर चोट आई है। यदि वह चाकू के वार हाथ से नहीं रोकता तो उसकी जान जा सकती थी। पुलिस ने हमलावरों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मेघवारपुरा तलैया निवासी अरहान अली (15) नवीं का छात्र है। करीब 15 दिन पहले इकबाल मैदान के पास क्रिकेट खेलने को लेकर अरहान का कुछ लडकों से विवाद हुआ था। उसी का बदला लेने के इरादे से फाजिल अपने एक साथी के साथ अरहान के घर पहुंचा और उसे बाहर बुलाया। बाहर आने के बाद उनके बीच फिर से विवाद होने लगा।

### चाकू का वार हाथ से रोकने पर आई गंभीर चोट

विवाद बढ़ने पर फाजिल और उसके साथी ने अरहान के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में अरहान के दोनों हाथ बुरी तरह जख्मी हो गए। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे और बाद में तलैया थाने जाकर आरोपी फाजिल और उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद पता चल सकेगा कि आरोपी बालिग हैं या नाबालिग। उनकी तलाश की जा रही

सेवा दिवस के रूप में मनाया उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिवस

## दृष्टिबाधित बच्चों को फल एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया, परिसर में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के तत्वावधान में मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के संरक्षक एवं पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड संस्था में फल एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दृष्टिबाधित बच्चों से मुलाकात कर उन्हें अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता के जन्म दिन पर दृष्टिबाधित बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण करते हुए। वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करते हुए।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक अंबर, योगेश गुप्ता, अशोक अशाठी, तरुण गुप्ता, शरद गुप्ता, बसंत गुप्ता, यतिन जैन, अमन अग्रवाल, अंकित जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तरुण गुप्ता, जिला अध्यक्ष युवा इकाई वैश्य महासम्मेलन, भोपाल ने बताया कि उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिवस प्रतिवर्ष सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी जनसेवा एवं समाजहित के कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, संवेदना और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।*

## मुख्य चौराहे पर बड़े-बड़े गड्ढों से हादसों का खतरा वाहन चालक परेशान

**औबेदुल्लागंज।** नगर के मुख्य चौराहे स्थित सड़क पर बड़े-बड़े और गहरे गड्ढे होने से हादसे का खतरा बढ़ गया है। वहीं गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से वाहन चालकों को भारी परेशान हो रही है। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी निवास के सामने, अंशुल महावीर प्रोविजन के सामने, नेशनल हाईवे पर बने गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इन सड़कों से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन लंबे समय से गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई है। विशेषकर रात के समय और बारिश के दौरान दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। नागरिकों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर गड्ढों को भरवाने की मांग की है।



सड़क पर बना बड़ा गड्ढा।

पंच और उप सरपंचों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की

## जपं में मनरेगा में भ्रष्टाचार के आरोप, फर्जी जॉब कार्ड बनाकर राशि भी निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के अंतर्गत पंचायत तजपुरा, अमोदा, गौहरगंज, तामोट, दाहोद, बिनेका, बोरपानी, बीलखेड़ी, खसरोद, नूरगंज, इमलिया, गोंडी, धामधुसर, पड़ोनिया, प्रेम तालाब, हर्रई, दीवाटिया, सलकनी, तरावली में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप पंचो और उप सरपंचों ने लगाया है। उन्होंने बताया कि पंचों और उप सरपंचों को कोई जानकारी नहीं देते नही बैठक बुलाते हैं। तत्कालीन सरपंच द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान पद का दुरुपयोग करते हुए बुजुर्ग पिता, भाई, रिश्तेदारों और नातेदारों के नाम पर नियम विरुद्ध जॉब कार्ड बनवाए गए तथा उनके नाम से मजदूरी राशि का भुगतान दिखाकर राशि का आहरण किया गया। जिन लोगों के नाम पर जॉब कार्ड बनाए गए, उनमें कई ऐसे लोग शामिल हैं जो कभी मजदूरी नहीं करते वे स्वयं जमीन एवं ट्रैक्टर के मालिक हैं।

### मनरेगा में बिना काम कराए ही मजदूरी का भुगतान कराया

पंच और उपसरपंचों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा के तहत बिना काम कराए ही मजदूरी का भुगतान दर्शाया गया तथा कई मामलों में राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में डालकर वापस निकलवा ली गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पंचायत क्षेत्र में अधिकांश कार्य मशीनों से कराए गए, जबकि रिकॉर्ड में मजदूरों से कार्य कराए जाने का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि मनरेगा राशि का दुरुपयोग कर नियमों के विपरीत भुगतान, गबन और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। पंच और उपसरपंचों ने मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई है और मनरेगा कार्यों, जॉब कार्डों तथा भुगतान संबंधी रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई गई है। इस मामले में जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने फोन पर बताया कि मैं मामले की जांच कराता हूं। जिला सीईओ कमल सोलंकी ने फोन पर बताया कि मनरेगा फर्जीबाड़े की मैं स्वयं जांच कराऊंगा।

ग्रामीणों, पंचों और उप सरपंचों ने लगाए गंभीर अनियमितताओं के आरोप

जहां तालाब का निर्माण होना था, उसकी जगह आज भी मैदान है

## ग्राम पंचायत तामोट में 14.99 लाख की लागत से बनने वाला तालाब भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

ग्राम पंचायत तामोट में 14.99 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे तालाब को लेकर ग्रामीणों, पंचों और उप सरपंचों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जिस तालाब का निर्माण होना था, उसकी जगह मैदान जैसा स्वरूप दिखाई दे रहा है और निर्माण कार्य कथित तौर पर भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया है। ग्राम के राजकुमार पटेल, बाबूलाल पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन इसकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं है।



यहां बनाया जाना था तालाब पर अभी भी मैदान है।



### ग्रामीणों ने सीईओ व एसडीएम से की जांच की मांग

*ग्रामीणों ने जनपद सीईओ निखिलेश कटारे और एसडीओ उमाकांत आर्य से मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, जब इस मामले की जानकारी जनपद सीईओ निखिलेश कटारे को दी गई तो उन्होंने कहा कि वे स्वयं मामले की जांच करेंगे। वहीं, जनपद सदस्य सुरेखा चौहान ने कहा मैं सब देख रही हूं लेकिन किससे क्या कहूं। पटेल संजीव चौहान ने पंचायत की अन्य व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि तामोट में नालियों की सफाई नहीं होती, कचरा और गंदगी की समस्या बनी रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब निर्माण के लिए बजट आता है, लेकिन जमीन पर तालाब के बजाय मैदान बना दिया जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत के पंचों, उप सरपंचों और संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।*

गरीबों को सुविधा देने अस्पताल प्रबंधन ने लिया निर्णय

## अब सेवा सदन में शाम 5 से रात 8 बजे तक निःशुल्क नेत्र ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने आमजन, विशेषकर श्रमिक एवं निर्धन वर्ग की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। अस्पताल प्रबंधन ने आगामी दो माह तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक ओपीडी पंजीयन पूरी तरह निःशुल्क करने का निर्णय लिया है। इस अवधि में नए और पुराने सभी नेत्र रोगियों से दृष्टि परीक्षण एवं नेत्र रोग जांच के लिए कोई ओपीडी शुल्क नहीं लिया जाएगा। अस्पताल का मानना है कि बड़ी संख्या में मजदूर और कामकाजी लोग दिनभर रोजगार में व्यस्त रहने के कारण आंखों की समस्याओं के बावजूद समय पर जांच नहीं करा पाते, जिससे दृष्टिदोष और अंधत्व जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी उद्देश्य से यह विशेष व्यवस्था लागू की गई है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग समय पर नेत्र जांच और उपचार का लाभ उठा सकें। एयरपोर्ट रोड स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय सोमवार से शनिवार तक प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक मरीजों के लिए खुला रहता है। अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे चुनौतीपूर्ण कालखंड था


पूर्व न्यायाधीश अशोक पांडेय, मुख्य वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा संविधान हत्या दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान में इमरजेंसी के ऐतिहासिक, संवैधानिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व न्यायाधीश अशोक पांडेय ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद विपक्षी दलों, छात्र संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से इस्तीफे की मांग की थी, किंतु 16 जून 1975 को उन्होंने त्यागपत्र देने से इनकार कर दिया।

## यंग थिंकर्स फोरम ने की आपातकाल के विभिन्न आयामों पर चर्चा



संविधान हत्या दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### जयप्रकाश ने निष्ठावान रहने का किया आह्वान

उन्होंने कहा कि 23 जून को न्यायालय द्वारा दिए गए अंतरिम आदेश में प्रधानमंत्री को संसद में बने रहने की अनुमति तो दी गई, किंतु मतदान के अधिकार पर रोक लगाई गई थी। इसके पश्चात 25 जून 1975 को रामलीला मैदान में आयोजित सभा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सरकारी कर्मचारियों से संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया।


### मीसा के अंतर्गत बंदियों को जमानत से किया वंचित

उन्होंने कहा कि 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाया गया। बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों को गिरफ्तार किया गया, जबकि अनेक कार्यकर्ता भूमिगत होकर लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष करते रहे। मीसा के अंतर्गत बंदियों को न्यायिक राहत और जमानत से वंचित करने जैसे प्रावधान भी लागू किए गए।

---

### प्रेम, स्मृति और संगीत की कालजयी फ्रांसीसी कृति पर हुई सार्थक चर्चा


## द अम्ब्रेलॉज ऑफ शेरबूर्ग के प्रदर्शन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**भोपाल।** अलियांस फ्रांसेज में प्रसिद्ध फ्रांसीसी क्लासिक फिल्म द अम्ब्रेलॉज ऑफ शेरबूर्ग का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सुधि दर्शकों, विद्यार्थियों, कलाकारों और विश्व सिनेमा के प्रेमियों ने भाग लिया। 1964 में प्रदर्शित निर्देशक जाक देमी की यह कालजयी फिल्म अपने विशिष्ट संगीतमय स्वरूप, रंगों की अद्भुत दुनिया और भावनात्मक प्रेम कथा के कारण विश्व सिनेमा में विशेष स्थान रखती है। फिल्म की सबसे अनूठी विशेषता यह है कि पूरी कहानी गीत और संगीत के माध्यम से कही गई है। मिशेल लेग्रां का संगीत और कैथरीन डेनेव का प्रभावशाली अभिनय फिल्म को एक अविस्मरणीय अनुभव में बदल देते हैं।

### भील आवासों की तर्ज पर बने तीन पारंपरिक घर

दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना **सेल्फी प्वाइंट**




# जनजातीय संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर सजी भील संस्कृति की जीवंत झलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय के मुख्य द्वार में प्रवेश करते ही दर्शकों का स्वागत अब भील जनजाति की समृद्ध संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली की झलक से होता है। संग्रहालय परिसर में भील जनजाति के पारंपरिक आवासों की तर्ज पर तीन सुंदर घरों का निर्माण किया गया है, जिन्हें जनजातीय कलाकारों ने अपनी कला और कौशल से जीवंत रूप प्रदान किया है। इन घरों की दीवारों, प्रवेश द्वार और संरचना में भीली संस्कृति और परंपराओं की स्पष्ट छाप दिखाई देती है।

### जनजातीय संस्कृति, रहन-सहन, वास्तुकला की प्रथम झलक दिखाना है उद्देश्य

संग्रहाध्यक्ष, जनजातीय संग्रहालय अशोक मिश्रा ने बताया कि इन आवासों के निर्माण का उद्देश्य संग्रहालय में प्रवेश करते ही दर्शकों को जनजातीय संस्कृति, रहन-सहन और वास्तुकला की प्रथम झलक दिखाना है। यहां एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया है, जहां आगंतुक इन पारंपरिक घरों की पृष्ठभूमि में तस्वीरें और सेल्फी लेकर अपनी यात्रा को यादगार बना सकते हैं।

### अन्य जनजातियों के पारंपरिक आवासों का भी होगा निर्माण

प्रत्येक सोमवार को संग्रहालय में अवकाश रहता है। कई बार दर्शक परिसर तक पहुंच जाते हैं। ऐसे आगंतुक भी जनजातीय संस्कृति की झलक देख सकें। उन्होंने बताया कि यदि दर्शकों का स्नेह और उत्साह इसी प्रकार मिलता रहा तो भविष्य में अन्य जनजातियों के पारंपरिक आवासों का निर्माण भी मुख्य द्वार पर किया जाएगा, जिससे प्रदेश की विविध जनजातीय संस्कृतियों को एक ही स्थान पर प्रदर्शित किया जा सके।

### पारंपरिक भीली चित्रकला से सजेंगी दीवारें

मिश्रा ने बताया कि इन आवासों को तैयार करने में लगभग डेढ़ माह का समय लगा और करीब पांच जनजातीय कलाकारों ने मिलकर इन्हें आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। निर्माण कार्य में मुख्य रूप से ईंट, लकड़ी और कवेलू का उपयोग किया गया है। आने वाले समय में इन घरों की दीवारों को पारंपरिक भीली चित्रकला से सजाया जाएगा, जिससे यह परिसर जनजातीय कला और संस्कृति का और भी जीवंत एवं आकर्षक केंद्र बन सकेगा।

## दर्शकों को देखने को मिलेंगे टूटे रिश्तों, अनसुलझे सवालों और गहरी भावनाओं से भरा रोमांचक ट्रैक

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में करण का किरदार निभाने वाले हितेन तेजवानी ने कहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

10 साल का 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का लीप, कहानी को पूरी तरह बदल देगा। तुलसी मां एक दशक जेल में बिताने के बाद शांति निकेतन लौट रही हैं, लेकिन जिस परिवार को उन्होंने कभी प्यार और एकता से जोड़े रखा था, वह अब बिखर चुका है। दर्शकों को टूटे रिश्तों, अनसुलझे सवालों और गहरी भावनाओं से भरा एक बेहद रोमांचक ट्रैक देखने को मिलेगा। हितेन इसमें करण का रोल निभा रहे हैं।

### असल जिंदगी की पत्नी गौरी प्रधान निभा रहीं नंदिनी विरानी का रोल

शो की सबसे बड़ी खासियत इस सीरियल में हितेन तेजवानी के साथ उनकी असल जिंदगी की पत्नी, अभिनेत्री गौरी प्रधान भी नंदिनी विरानी के रूप में वापसी कर रही हैं। हितेन कहते हैं कि इससे पहले भी गौरी और मैंने कई सीरियल किए हैं।

### सबसे कठिन पल है करण के लिए

उन्होंने बताया कि इस सीरियल में सबसे कठिन पल करण याने मेरे लिए है, क्योंकि करण को अपनी तुलसी मां से कहना पड़ता है कि शांति निकेतन में अब आपके लिए कोई जगह नहीं है। उसने कभी नहीं सोचा था कि उसे ऐसा कहना पड़ेगा।


### यह वह घर नहीं, जिसकी एकता बचाने लगाई पूरी जिंदगी

क्या तुलसी एक बार फिर परिवार को जोड़ पाएंगी? सवाल पर उन्होंने कहा कि यही इस ट्रैक का सबसे बड़ा सवाल है। जब तुलसी शांति निकेतन लौटती हैं, तो उन्हें एहसास होता है कि यह वह घर नहीं रहा, जिसकी एकता को बचाने के लिए उन्होंने पूरी जिंदगी लगा दी थी।

---

### ऑल टाइम रोमांटिक हिट्स थीम पर प्रस्तुति देंगे 20 से अधिक सिंगर्स

## गंधर्व - कल्चर एंड इवेंट्स की मासिक संगीत श्रृंखला आज



**भोपाल।** गंधर्व कल्चर एण्ड ईवेंट्स द्वारा अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं किशोर कुमार संगीत अकादमी के सहयोग से मासिक संगीत श्रृंखला अंतर्गत 26 जून को सायं 6 बजे से कराओके - म्यूजिकल नाइट का आयोजन कुबेर बैंक्वेट, बाग मुगलिया में किया जा रहा है। जैसा कि गंधर्व की परम्परा रही है कि मासिक संगीत श्रृंखला थीम पर केंद्रित होती है, इसके अनुरूप इस कार्यक्रम की थीम ऑल टाइम रोमांटिक हिट्स है। कार्यक्रम में शहर के 20 से भी अधिक पेशेवर एवं शौकीन गायकों द्वारा गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। गीतों में हिंदी सिनेमा के नए एवं पुराने गीत शामिल होंगे। गंधर्व- कल्चर एण्ड ईवेंट द्वारा भोपाल में संगीत का उत्तम वातावरण बनाने एवं शौकीन गायकों को मंच प्रदान करने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है।

### पद्मश्री अलंकरण पर जन अभियान परिषद में नागर का अभिनंदन

## जल आत्मनिर्भरता का भाव विकसित करने से ही पर्यावरण संकट से बचा सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं प्रख्यात पर्यावरणविद् मोहन नागर के राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने के पश्चात भोपाल आगमन पर परिषद के राज्य कार्यालय में उनका भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नागर ने भावुक होते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान है, जो निरंतर राष्ट्रसेवा और मां भारती की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में जल संरक्षण और जल आत्मनिर्भरता का भाव विकसित कर ही हम बढ़ते पर्यावरणीय संकट से मुकाबला कर सकते हैं।


पद्मश्री मोहन नागर का अभिनंदन करते राज्यपाल मंगूभाई पटेल।


पद्मश्री मोहन नागर का अभिनंदन करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

### जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी आवश्यक

पद्मश्री मोहन नागर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जल, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है तथा समाज को जल आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भोपाल प्रवास के दौरान नागर ने मंगूभाई पटेल एवं डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट भी की।

तान व द्रुत लय में दी तराना की प्रस्तुति

## सुरश्री सुरमई संगत में सजी संगीतमय संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व संगीत दिवस के अवसर पर संगीत गुरु अनुपमा श्रीवास्तव द्वारा सुरश्री सुरमई संगत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों ने शिरकत कर, नए पुराने गीतों की प्रस्तुति से समा बांधा। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों एवं कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति सभी विद्यार्थियों द्वारा राग भूपाली का सामूहिक गायन रही। इस प्रस्तुति में राग का आरोह-अवरोह, पकड़, बंदिश, तान तथा द्रुत लय में तराना प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने अत्यंत सराहा। सभी कलाकारों की मनमोहक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया तथा उपस्थित श्रोताओं को संगीत की सुरमयी अनुभूति से सराबोर कर दिया।


विश्व संगीत दिवस के अवसर पर सजी संगीतमय संध्या में उपस्थित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी।

## मनमोहन चौरे की लिखित लघुकथा संग्रह 'अनदेखा कुछ नहीं' लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ साहित्यकार और भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त अधिकारी मनमोहन चौरे के लघुकथा संग्रह 'अनदेखा कुछ नहीं' का लोकार्पण हिन्दी भवन में आयोजित अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह के भव्य आयोजन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ .देवेन्द्र दीपक, पूर्व निदेशक म.प्र. साहित्य अकादमी भोपाल डॉ. उमेशकुमार सिंह वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व निदेशक साहित्य अकादमी, राकेश शर्मा संपादक वीणा पत्रिका इंदौर, साहित्यकार डॉ.मिथिलेश दीक्षित, डॉ.ध्रुव कुमार पटना, ज्योति जैन, कांता राय निदेशक लघुकथा शोध केंद्र समिति उपस्थित रहीं।


लघुकथा संग्रह का लोकार्पण करते अतिथि।

## सामूहिक प्रयास, संकल्प शक्ति और नवाचार से साकार होगा विकसित मप्र का सपनाः इंजी संजीव



- विकसित मप्र कॉन्क्लेव में बोले सेज समूह के संस्थापक अध्यक्ष एवं पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मप्र अध्याय के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सरकार, उद्योग जगत, शिक्षा संस्थानों और समाज को मिलकर कार्य करना होगा। यह विचार सेज समूह के संस्थापक अध्यक्ष एवं पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मध्यप्रदेश अध्याय के अध्यक्ष इंजी . संजीव अग्रवाल ने विकसित मध्यप्रदेश कॉन्क्लेव 2026 में व्यक्त किए जिसका आयोजन भोपाल में हुआ। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश का वास्तविक विकास केवल आर्थिक आंकड़ों से नहीं, बल्कि शिक्षा, उद्योग, नवाचार और जनभागीदारी के समन्वय से होता है। मध्यप्रदेश के पास प्रतिभाशाली युवा, संसाधन और विकास की अपार संभावनाएं हैं, जो प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने की क्षमता रखते हैं।

### स्टार्टअप, औद्योगिक विकास, अधोसंरचना से मप्र विकास की नई मिसाल कायम करेगाः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी प्रदेश के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के लिए उद्योग निवेश, रोजगार सृजन, कौशल विकास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकार उद्योगों और युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्टार्टअप, औद्योगिक विकास, अधोसंरचना और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर प्रयासों से मध्यप्रदेश विकास की नई मिसाल कायम करेगा।

### तीन दिवसीय प्रस्तुति परक कथक कार्यशाला का शुभारंभ

# प्रतिभागियों ने जाना शारीरिक संतुलन, हस्त मुद्राएं व ताल-लय समझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहर्ष कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रस्तुति परक कथक कार्यशाला का शुभारंभ नादब्रह्म द स्कूल ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स, विंग्स, हलालपुरा में हुआ। कार्यशाला के प्रथम दिवस में मुंबई से आए प्रसिद्ध कथक गुरु हरीश शर्मा ने प्रतिभागियों को कथक की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कथक की मूलभूत तकनीकों, शारीरिक संतुलन, हस्त मुद्राओं तथा ताल-लय की समझ पर विशेष मार्गदर्शन दिया।


परक कथक कार्यशाला में कथक की बारीकियां सीखते प्रतिभागी।

प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुति देने के लिए तैयार करते हुए।



### भावों की प्रभावी अभिव्यक्ति भी की साझा

उन्होंने कथक के भाव पक्ष (अभिनय) को सुंदर एवं सहज रूप में प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार कलाकार संगीत और ताल के माध्यम से भावों की प्रभावी अभिव्यक्ति कर सकता है। सहर्ष कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी के सचिव मोहम्मद फैजान ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तकनीकी प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि उन्हें मंचीय प्रस्तुति के लिए भी तैयार करना है।

# ऑपरेशन चक्र के तहत सीबीआई ने 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी की 200 से अधिक मामलों में शामिल परिचालन नेटवर्क का किया जाएगा खात्मा

डिजिटल अरेस्ट घोटाले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई

## पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने आज 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामले में की गई है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र के तहत यह कार्रवाई की है।

इस ऑपरेशन के जरिए सीबीआई द्वारा साइबर अपराध के बुनियादी ढांचे पर समन्वित कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी सीबीआई डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामलों में कई कार्रवाई कर चुकी है।

### 60 विशेष टीमों का गठन किया

सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-6 के दौरान 60 विशेष टीमों का गठन किया है। इन टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में छापा मारा।

### यह डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच का हिस्सा



साइबर नेटवर्क की पड़ताल करती सीबीआई

सीबीआई की यह कार्रवाई डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश में डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के 200 मामलों में परिचालन नेटवर्क को खत्म करना है। सीबीआई ने शेल कंपनियों के गठन और खातों को खोलने के मामले में दो को गिरफ्तार किया है।

### देश-विदेश के आपराधिक नेटवर्क के अहम हिस्सों की पहचान की

सीबीआई ने भारत और विदेश में चल रहे आपराधिक नेटवर्क के अहम हिस्सों की पहचान की है। अपराधियों ने धोखाधड़ी वाली गतिविधियों को भरोसेमंद दिखाने के लिए जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज अपलोड किए थे, जिनमें अदालतों कानून लागू करने वाली एजेंसियों के आदेशों जैसे फर्जी आदेश भी थे।

### भारतीयों के साथ विदेशी नागरिकों को भी ठगा

सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट घोटाले से जुड़ी एक फर्जी वेबसाइट का भंडाफोड़ किया था। इसकी मदद से देश-विदेश के लोगों को ठगा जाता था। नकली साइट्स बनाई थीं।

गुजरात पुलिस की कार्रवाई

### 'एपीके फाइल' भेजकर साइबर धोखाधड़ी, गिरोह का पर्दाफाश

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने झारखंड के एक साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो 'एपीके फाइल' भेजकर लोगों के मोबाइल फोन तक अनधिकृत पहुंच हासिल करता था और उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लेता था। मुख्य आरोपी पूर्णानंद उर्फ मुकेश तिवारी ने लोगों के मोबाइल फोन तक अनधिकृत पहुंच हासिल करने के लिए 'एपीके फाइल' और एक 'टेलीग्राम बॉट' बनाया था।

## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस के घर मिला बिजनेसमैन का शव

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के राजा-राजेश्वरी नगर में कन्नड़ एक्ट्रेस कृषि थापांडा के घर पर वैशाख नाम के एक



बिजनेसमैन ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा वह डिप्रेशन से जूझ रहे थे। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार रात करीब 8:30 बजे हुई, जब कृषि थापांडा येलाहंका गई हुई थीं। वैशाख पिछले एक हफ़्ते से घर पर रह रहे थे।

### तेलंगाना में 'सर' पर अलर्ट,रेड्डी ने सचेत किया

**हैदराबाद।** कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना में चुनाव आयोग ने एसआईआर का काम बूथ स्तर पर



शुरू कर दिया है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता का वेरिफिकेशन करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस अलर्ट हो गई है और आधी रात में सीएम रेवंत रेड्डी ने मंत्रियों, विधायकों और दिग्गज नेताओं के साथ एसआईआर की रणनीतियों के संबध में अहम बैठक की है।

### अस्वीकृति बर्दाश्त नहीं कर पाते लड़के:हाई कोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए समाज और आज की युवा पीढ़ी की मानसिकता पर



अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि युवा पीढ़ी रिजेक्शन स्वीकार नहीं कर पाती है। कोर्ट 2016 में कॉलेज की क्लास के अंदर अपनी क्लासमेट की हत्या के मामले की सुनवाई कर रहा था। इसमें उसकी सजा और उम्रकैद को बरकरार रखा है।

### सुजाता कार्तिकेयन बीजेडी में शामिल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजनीति में अहम घटनाक्रम सामने आया है। नौकरशाह से राजनेता बने वीके



पांडियन की पत्नी और पूर्व आईएएस अधिकारी सुजाता राउत कार्तिकेयन ने गुरुवार को बीजू जनता दल का दामन थाम लिया। अध्यक्ष नवीन पटनायक की मौजूदगी में बीजेडी में शामिल हुई हैं। कार्यकर्ताओं और महिला विंग ने स्वागत किया।

### बच्ची से रेप, 29 को सजा सुनाएगी पुणे अदालत

**पुणे।** एक विशेष अदालत ने 25 जून को तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले



में 65 वर्षीय भीमराव कांबले को दोषी करार दिया है। बड़ी बात यह है कि इस मामले की सुनवाई महज दो महीने में पूरी कर ली गई।विशेष न्यायाधीश ने कहा है कि दोषी को कितनी सजा दी जाएगी, इसका फैसला 29 जून को सुनाया जाएगा।

## आपातकाल की 51वीं बरसी पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# कभी माफ न करें, कभी न भूलें, यह लोकतंत्र के लिए बड़ा 'काला अध्याय'

1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा ने देश में लगाई थी इमरजेंसी

### इंस्टाग्राम पर हैशटैग 'संविधान हत्या दिवस' के साथ पोस्ट किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से लगाए गए आपातकाल की 51वीं बरसी पर गुरुवार को इस दिन को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने नागरिकों से कहा कि इस दाग को बार-बार याद करने की जरूरत है, ताकि देश में फिर कोई ऐसा पैदा न हो, जिसको इस पाप के रास्ते पर जाने की इच्छा हो जाए। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर हैशटैग 'संविधान हत्या दिवस' के साथ पोस्ट किया, क्या आप जानते हैं कि हमारे लोकतांत्रिक इतिहास में 25 जून इतना महत्वपूर्ण क्यों है? उन्होंने लिखा, आपातकाल लगाने वालों के माथे पर उस गंभीर पाप का कलंक हमेशा के लिए लग गया है। आज हम उन सभी लोगों को सलाम करते हैं, जो डटकर खड़े रहे। उन्हीं की वजह से लोकतंत्र बचा रहा। कभी माफ न करें और कभी न भूलें।

### इंदिरा के आपातकाल की घोषणा का अंश शेयर किया



पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में शुरुआत में इंदिरा गांधी के आपातकाल की घोषणा का अंश शेयर किया, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री को कहते सुना गया, राष्ट्रपति जी ने आपातकाल की घोषणा की है।प्रधानमंत्री ने इसका शीर्षक दिया, आपातकाल की 51वीं बरसी-जानिए क्यों इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना जाता है।

**मैंने इसे बहुत निकट से देखा**

पीएम मोदी ने कहा कि आपातकाल को मैंने बहुत निकट से देखा है। करोड़ों लोगों को यातनाएं दी गईं। जिस संसद के अंदर होता था, वह तो रिकॉर्ड पर है। आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की, लेकिन बहुत कोशिशों, हजारों गिरफ्तारियों और लाखों लोगों पर अत्याचार के बाद भी भारत के लोगों का लोकतंत्र से विश्वास डिगा नहीं, वे सामना करते रहे।

### संविधान की हत्या की कोर्ट को गुलाम बनाया

पीएम मोदी ने संदेश में कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया। इसके अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जॉर्ज फर्नांडिस साहब को जंजीरों में बांधा गया था और अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गईं। मीसा के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया था।

## पीएम मोदी ने वाजपेयी की पंक्तियों से याद किया आपातकाल का दर्द

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान हत्या दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न की एक कविता की पंक्तियां साझा करते हुए आपातकाल के दौर को भारतीय लोकतंत्र के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक बताया। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा लिखी गई यह कविता केवल शब्दों का संग्रह नहीं है, बल्कि उस पीड़ा, घुटन और लोकतांत्रिक अधिकारों पर लगे प्रतिबंधों की सशक्त अभिव्यक्ति है, जिन्हें देश ने आपातकाल के दौरान महसूस किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जी की कालजयी पंक्तियां आज भी भारतीय लोकतंत्र के उस कठिन दौर को आवाज देती हैं, जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, राजनीतिक अधिकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गंभीर दबाव पड़ा था।

मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की संवेदनाओं से उपजी इन पंक्तियों को सुनें और समझें, जो आज भी आपातकाल के उस दौर की याद दिलाती हैं।गौरतलब है कि 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लागू किया गया था।

**अटल जी की कविता की पंक्तियां साझा कीं**

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के साथ अटल बिहारी वाजपेयी की कविता की प्रसिद्ध पंक्तियां भी साझा कीं—

*झुलसाता जेठ मास,*
*शरद चांदनी उदास,*
*सिसकी भरते सावन का,*
*अंतरघट बीत गया,*
*एक बरस बीत गया।*

कोलकाता गोदाम **हादसा**



## मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 11, प्रधानमंत्री देंगे मुआवजा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम कोलकाता के तारातला इलाके में हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मलबे से निकाले गए 20 लोगों का इलाज जारी है।कई की हालत गंभीर है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान जारी है। प्रधानमंत्री ने इस पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख देने की घोषणा की है। घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### खामियों के बावजूद टीएमसी ने नक्शे को मंजूरी दी : सुवेंदु

बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि संरचनात्मक



खामियों के बावजूद भवन का नक्शा मंजूर किया गया था और उस स्वीकृति पर पूर्व महापौर एवं टीएमसीनेता फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### महा विकास अघाड़ी गठबंधन में दरार

## उद्धव की बैठक से 23 विधायक नदारद, शरद पवार भी नहीं पहुंचे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में एक और बड़े भूचाल के संकेत मिल रहे हैं। महा विकास अघाड़ी



गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। बुधवार को गठबंधन की एक अहम रणनीतिक बैठक से 60 में से 23 विधायकों ने दूरी बना ली। इनमें शरद पवार जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

### बैठक से नदारद रहे ये दिग्गज नेता


बैठक मानसून सत्र के लिए रणनीति तैयार करने के मकसद से बुलाई गई थी, लेकिन इसमें कई बड़े नेता नहीं पहुंचे। कांग्रेस नेता नाना पटोले और विजय वडेट्टीवार भी बैठक से गायब रहे।

### दिल्ली-मथुरा पर हाई अलर्ट

## हाइवे, स्टेशनों और ट्रेनों में अचानक जांच से हड़कंप

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के संयुक्त आपरेशन के तहत दिल्ली से मथुरा के बीच सुरक्षा चौकसी को बढ़ाया गया है। आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा के निर्देश पर विशेष सुरक्षा चौकसी अभियान के तहत सेक्शन के बीच रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में नियमित रूप से चेकिंग की जा रही है। बुधवार और गुरुवार को चेकिंग के तहत ओल्ड रेलवे स्टेशन परिसर, बल्लभगढ़, असावटी,



पलवल स्टेशन परिसर पर डॉग स्क्वायड टीम के सदस्य शेरा के साथ यात्री सामानों, डस्टबिन, ट्रेनों में तलाशी ली गई। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जीआरपी के अंबाला हेडक्वार्टर से भी सुरक्षा चौकसी को बढ़ाने अलर्ट आया था। जीआरपी और आरपीएफ पड़ताल की।

### सरकारी बसों का उद्घाटन किया

## सीएम विजय ने 300 बसों को दिखाई हरी झंडी, यात्रा भी की

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और अभिनेता विजय ने जब से सीएम की कुर्सी संभाली है, तब से ही चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने चेन्नई में नई सरकारी बसों का उद्घाटन किया। इसके बाद वेमंच छोड़कर बस पर बैठे। उन्होंने बस कंडक्टर और ड्राइवर से भी बातचीत की। इस मामले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

शहर में 300 नई सरकारी बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद, विजय एक बस में सवार हुए और



शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्रू से बातचीत की और रास्ते में लोगों का अभिवादन किया। इस बीच मुख्यमंत्री सफेद शर्ट और धूप का चश्मा पहने नजर आए। जबकि मंत्री उनके पास में खड़े थे। एक वीडियो में, वह कंडक्टर के साथ लंबी बातचीत करते हुए दिखे।

### राज्यसभा में 10 सांसदों ने ली शपथ, उपराष्ट्रपति ने दिलाई सदस्यता

## कार्यक्रम में दिखा विभिन्न राज्यों और भाषाओं का 'प्रतिनिधित्व'

हिंदी, अंग्रेजी तमिल, तेलुगू में ली शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को अहम शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने यहां नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित 10 सदस्यों को राज्यसभा सदन में शपथ एवं प्रतिज्ञान दिलाया। इस अवसर पर सदन में गरिमामय वातावरण देखने को मिला।विभिन्न राज्यों के कई सांसदों ने अपनी मातृभाषा में यह शपथ ली। जिन सांसदों ने शपथ ली है उनमें प्रवीण चक्रवर्ती, देबाशीष सामंतराय, सना सतीश बाबू, विजय चिंतकायाला,



उपराष्ट्रपति ने टीडीपी नेता विजय चिंताकायाला का अभिवादन किया

भाष्यम राम कृष्ण, लिंगामनेनी रमेश, राजेश परमानंद शुक्ला, बैद्यनाथ राम, परिमल नथवानी और ताई टागाक शामिल रहे।

### 5 सदस्यों ने हिंदी को महत्ता दी

सभी ने औपचारिक सदस्यता ग्रहण कर ली है। समारोह की एक विशेषता देश की भाषाई विविधता भी रही। 10 में से 5 सदस्यों ने हिंदी में राज्यसभा सदस्य की शपथ ली, वहीं एक ने अंग्रेजी में शपथ ली, एक सदस्य ने तमिल में तथा 3 सदस्यों ने तेलुगू भाषा में शपथ व प्रतिज्ञान लिया। यह भारतीय लोकतंत्र की बहुभाषी परंपरा और संविधान द्वारा सभी भाषाओं को दिए गए सम्मान को दर्शाता है।

### समुद्री प्रोटोकॉल से आम का निर्यात खर्च कम हुआ,वैश्विक निर्यात के नए अवसर

## कई टन बेहतरीन बंगनपल्ली आम समुद्री रास्ते से सुरक्षित तरीके से सिंगापुर निर्यात किए गए

आईसीएआर-सीआईएसएच की समुद्री शिपमेंट प्रौद्योगिकी ने आमों की शेल्फ लाइफ को 30 दिन बढ़ाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के ताजे फलों के निर्यात क्षेत्र के मामले में एक बड़ी कामयाबी मिली है, भारतीय आम समुद्री रास्ते से सुरक्षित सिंगापुर निर्यात किये गए। यह अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में किफायती और बड़े पैमाने पर आम के निर्यात को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सिंगापुर में भारतीय आमों को उनके बेहतरीन स्वाद, खुशबू और अच्छी गुणवत्ता के लिए बहुत पसंद किया जाता है। वहां के लोगों के बीच बंगनपल्ली और केसर जैसी आम की किस्मों की बहुत भारी मांग है। निर्यात को ज्यादा किफायती और प्रतिस्पर्धी बनाने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय



उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान (आईसीएआर-सीआईएसएच) ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के साथ आम के निर्यात के लिए समुद्री रास्ते से शिपमेंट का एक वैज्ञानिक प्रोटोकॉल तैयार किया है। आंध्र प्रदेश से 4.3 टन बंगनपल्ली आम एक खास ठंडे कंटेनर में रखकर समुद्र के रास्ते सिंगापुर भेजे गए। हवाई जहाज के मुकाबले समुद्र के रास्ते आम भेजने से खर्चे में भारी कमी आई है। हवाई जहाज से भेजने का खर्च 150 से 250 रुपए प्रति किलो आता है, वहीं समुद्र के रास्ते यह घटकर सिर्फ 13 से 20 रुपए प्रति किलो रह गया है। इससे उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात करना ज़्यादा फायदेमंद हो जाएगा। आईसीएआर-सीआईएसएच द्वारा तैयार नए तरीके में क्वालिटी का पूरा ध्यान रखा गया है। इसमें कीटनाशक मुक्त वाला उत्पादन, खेती के अच्छे तरीकों को अपनाने, वैज्ञानिक तरीके से आम तोड़ने, उन्हें छांटने, पैक करने और टूटने के बाद उनकी सही देखभाल करने जैसी बातें शामिल हैं।

### 16 दिन में सफर पूरा किया

आईसीएआर-सीआईएसएच ने समुद्री रास्ते से भेजे जाने वाले आमों की ताजगी बनाए रखने की अवधि को सफलतापूर्वक 30 दिनों तक बढ़ा दिया है। सिंगापुर भेजी गई खेप ने 16 दिनों में अपना सफर पूरा किया और फल बहुत अच्छी हालत में पहुंचे। उनमें मिठास की मात्रा 20.1 ब्रिक्स टीएसएस था, कोई खराबी नहीं थी और इनकी गुणवत्ता हवाई जहाज से भेजे गए आमों जैसी ही थी। इस मिशन की सफलता से अब सिंगापुर, मलेशिया, हॉन्गकॉन्ग और अन्य देशों में भारतीय आमों का निर्यात बहुत तेजी से बढ़ने की उम्मीद है, जहां अभी लगभग 40 से 50 लाख डॉलर का बाजार है।

### राष्ट्रपति प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलीं

## सेना इंजीनियरी सेवा देश के डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की रीढ़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में सेना



इंजीनियरी सेवा (एमईएस) के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सेना इंजीनियरी सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

### डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर का आधार है एमईएस

राष्ट्रपति ने कहा कि सेना इंजीनियरी सेवा देश के डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की रीढ़ है। सामरिक महत्व के प्रतिष्ठानों के निर्माण और रखरखाव के माध्यम से यह सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने में अहम है। सेना इंजीनियरी सेवा के अधिकारियों का कौशल, समर्पण और कठोर परिश्रम यह सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत अहम है कि सैनिक, नौसैनिक और वायु सैनिक रक्षा के दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

## वेनेजुएला में भूकंप: चंद पलों में लाखों लोगों की जिंदगी हुई बदहाल

# कई परिवारों ने अपनों को खोया हजारों घायल, संपत्ति को नुकसान

एजेंसी ▶▶ काराकस

वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंपों से तबाही मच गई। 39 सेकेंड के अंदर राजधानी काराकस की ऊंची इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं। भूकंप ने कुछ ही पलों में लाखों लोगों की जिंदगी बदहाल हो गई। कई परिवारों ने अपनों को खो दिया, सैकड़ों लोग घायल हुए और बड़ी संख्या में लोगों को घर छोड़ना पड़ा। इस तबाही के बीच कई भावुक और दिल दहला देने वाले दृश्य सामने आए। कोई मलबे से सुरक्षित निकलने के बाद अपनी बेटी को गले लगाकर रो पड़ा, तो कई लोगों ने जान जोखिम में डालकर पालतू जानवरों को बचाया। यह वेनेजुएला में पिछले 100 साल से भी अधिक समय में आया सबसे विनाशकारी भूकंप है।

### युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चल रहा

### 100 साल से भी अधिक का विनाशकारी भूकंप

**मां की ममता**



काराकस में सुरक्षित रहने पर एक मां अपने बच्चे को गले से लगाते हुई

**जमींदोज हुई उम्मीदें**



काराकस में भूकंप से कई इमारतें मलबों में तब्दील हो गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई

**ब्राजील में लोग सुरक्षित रहे**

इसके झटके इतने तेज थे कि वेनेजुएला की राजधानी काराकस से करीब 1,700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन क्षेत्र तक की इमारतें हिल गईं और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिलहाल प्रभावित इलाकों में मलबे के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

**जिंदगी बचाने की कवायद**



अस्पताल में भूकंप प्रभावित लोग चिकित्सा सहायता प्राप्त करते हुए

**अपनों की तलाश...**



ला गुआरा में इमारतों का मलबा हटाकर अपनों को तलाशते लोग

**वैज्ञानिकों की चेतावनी:** यूएस में आ सकता है शक्तिशाली भूकंप

## लॉस एंजेलिस और रिवरसाइड शहरों की जमीन के अंदर धधक रहा है गर्म लावा

भू वैज्ञानिकों ने अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में भूकंप की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि साउथ में सैन एंड्रियास-सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइनों पर पड़ रहा दबाव अपने चरम पर पहुंच चुका है। पिछले 1000 साल से इन लाइनों पर दबाव पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि दोनों फॉल्ट्स की आपस में टकराने के बाद विनाशकारी भूकंप आ सकता है। अगर ऐसा होता हुआ तो सैन एंड्रियास और सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइन के बीच स्थित लॉस एंजिल्स शहर धरती में समा जाएगा। यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई और यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के विशेषज्ञों ने लाइनों पर अध्ययन किया है। फिजिक्स-बेस्ड मॉडल से यह अध्ययन किया गया है। इसमें वैज्ञानिकों ने 1000 ईस्वी से साल 2026 तक इन लाइनों पर पड़ने वाले दबाव का पता चलाया है। अध्ययन में पता चला है कि लॉस एंजेलिस और रिवरसाइड शहरों की जमीन के नीचे लावा धधक रहा है, जिसके कारण धरती गर्म हो रही और दबाव बढ़ता जा रहा है।

**दुनिया ने जताया दुख**

### हम आपके साथ: उर्सुला



यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने प्रभावितों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं और एकजुटता प्रकट की है। उन्होंने लिखा कि कल रात आए विनाशकारी भूकंप के बाद हम सभी वेनेजुएलावासियों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं।

### प्रभावितों के प्रति मेरी संवेदनाएं: मैक्रों



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भूकंप पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने लिखा कि वेनेजुएला के लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और समर्थन।

### सहयोग के लिए तैयार: सिल्वा



ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने लिखा कि तबाही पर मुझे गहरा दुख है। हम प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण में पूरा सहयोग देने का संकल्प दोहराते हैं।

**खबर संक्षेप**

### ट्रिलियनेयर से फिर बिलियनेयर हो गए मस्क



**नई दिल्ली।** एलन मस्क अब ट्रिलियनेयर नहीं है। 12 जून को स्पेसएक्स के शेयर बाजार में शानदार डेब्यू के बाद मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बने थे। अब उनकी संपत्ति घटकर 950 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। 16 जून को स्पेसएक्स का शेयर 225.64 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद स्पेसएक्स का शेयर करीब 31% गिरकर 156 डॉलर के आसपास आ गया। एलन मस्क की संपत्ति घट गई।

### कोलंबिया के नए राष्ट्रपति होंगे डी ला एस्प्रिएला



**बोगोटा।** कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के लिए हुए दूसरे चरण के चुनाव में एबेलार्डो डी ला एस्प्रिएला को विजेता घोषित किया गया है। वह देश के अगले राष्ट्रपति होंगे। 7 अगस्त से पदभार संभालेंगे। उनका कार्यकाल चार साल का होगा। कपड़ों, वाइन और रम के कारोबार तथा एक रेस्तरां समेत कई व्यावसायिक उपक्रमों से जुड़े कारोबारी एस्प्रिएला (47) ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा था, फिर भी उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला।

### पूर्व मंत्री अरोड़ा की 55 करोड़ की संपत्तियां कुर्क



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा, उनके परिवार और उनसे जुड़ी एक रियल एस्टेट कंपनी की 55.57 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क की गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह जानकारी दी। ईडी ने नौ मई को अरोड़ा (62) को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए की जीएसटी धोखाधड़ी को लेकर है।

## पीएम मोदी से अमेजन के सीईओ एंडी जेसी की मुलाकात के बाद बड़ा ऐलान

# भारत में 48 अरब डॉलर निवेश करेगी कंपनी एआई, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भारत में कंपनी की दीर्घकालिक निवेश योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान अमेजन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में वर्ष 2026 से वर्ष 2030 तक 48 अरब डॉलर का कुल नियोजित निवेश करने की घोषणा की।

मुलाकात के बाद एंडी जेसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत में अमेजन की भविष्य की योजनाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में प्रस्तावित 48 अरब डॉलर के निवेश में 21 अरब डॉलर से अधिक राशि एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर खर्च की जाएगी।

> एंडी जेसी के अनुसार, अमेजन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत में 38 लाख रोजगार अवसरों का समर्थन करना, 80 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाना तथा 1.5 करोड़ छोटे व्यवसायों और 40 लाख सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों तक एआई के लाभ पहुंचाना है

- भारत में रोजगार और डिजिटल सशक्तिकरण का लक्ष्य
- छोटे व्यवसियों और स्कूलों तक एआई का लाभ पहुंचेगा



पीएम मोदी से मुलाकात करते अमेजन के सीईओ एंडी जेसी

### भारत में अपार संभावनाएं

एंडी जेसी के अनुसार, अमेजन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत में 38 लाख रोजगार अवसरों का समर्थन करना, 80 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाना तथा 1.5 करोड़ छोटे व्यवसायों और 40 लाख सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों तक एआई के लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत में ग्राहकों, विक्रेताओं, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स के साथ कंपनी की यात्रा अभी शुरुआती दौर में है और भविष्य में विकास की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

### तेज डिलीवरी सेवाएं देंगे

अमेजन ने इस वर्ष देशभर में 20 से अधिक नए फुलफिलमेंट सेंटर और 100 से ज्यादा नए लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशन शुरू करने की योजना बनाई है। इससे विशेष रूप से टियर-3 और टियर-4 शहरों में ग्राहकों को तेज और अधिक भरोसेमंद डिलीवरी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### युवाओं के लिए पैदा होंगे अवसर: पीएम

*पीएम मोदी ने गुरुवार को भारत में अमेजन के 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत किया और कहा कि इससे देश युवाओं के लिए अवसर पैदा होंगे। साथ ही, यह पूरी दुनिया की भारत में निवेश करने को लेकर रुचि को दिखाता है। पीएम मोदी ने लिखा कि एंडी जेसी के साथ बैठक शानदार रही। मैं भारत में अमेजन के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करता हूं।*

### मुंबई और हैदराबाद में होगा विस्तार

*अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के डेटा सेंटर नेटवर्क का विस्तार मुंबई और हैदराबाद में किया जाएगा। इससे स्टार्टअप्स, उद्योगों और सरकारी संस्थानों को एआई चिप्स, प्रबंधित एआई सेवाओं, सुरक्षित क्लाउड तकनीक और डेवलपर टूल्स तक बेहतर पहुंच मिलेगी। कंपनी ने बताया कि वर्ष 2010 से 2030 के बीच भारत में उसका कुल निवेश 88 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा।*

## बांग्लादेशी नागरिकों के लिए बड़ा फैसला

# भारत ने फिर शुरू की टूरिस्ट वीजा सेवा, दे सकेंगे आवेदन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने लगभग दो साल बाद बांग्लादेशी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा सेवा फिर से शुरू करने का फैसला किया है। भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने गुरुवार को घोषणा की कि 28 जून से बांग्लादेश के पांच वीजा आवेदन केंद्रों के जरिए सामान्य टूरिस्ट वीजा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) में घोषणा करते हुए दिनेश त्रिवेदी ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टूरिस्ट वीजा के लिए सामान्य आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जा रही है। इसके तहत रविवार 28 जून 2026 से आवेदन जमा किए जा सकेंगे।



- पांच केंद्रों से शुरू होगी सेवा

### सुरक्षा कारणों से सीमित करनी पड़ी थीं सेवाएं

5 अगस्त 2024 को धनमंडी स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना हुई थी। इसके अलावा बांग्लादेश के विभिन्न शहरों में पांच इंडियन वीजा एप्लीकेशन सेंटर (आईवीएसी) पर हमले हुए थे। विकास परियोजनाओं पर काम कर रहे भारतीय कर्मचारियों को भी हमले की धमकियां मिली थीं। सुरक्षा खतरों और भारतीय उच्चायोग परिसर पर हमलों के कारण भारत को बांग्लादेश में वीजा संबंधी गतिविधियां सीमित करनी पड़ी थीं।

### राष्ट्रपति को सौंपा परिचय पत्र

ढाका में नियुक्त भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने गुरुवार को बंगभवन में बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन को अपना परिचय पत्र सौंपा। इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने उनका स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। इसके बाद त्रिवेदी ने जमुना फ्यूचर पार्क स्थित इंडियन वीजा एप्लीकेशन सेंटर का दौरा किया और वहीं से बांग्लादेशी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीज़ा सेवा बहाल करने की घोषणा की।

## समुद्री सहयोग को मिलेगी नई मजबूती

# कल से तीन दिवसीय दौरे पर सेशेल्स जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और सेशेल्स के बीच मजबूत दोस्ती, समुद्री सहयोग और आपसी साझेदारी को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम मोदी की सेशेल्स की यह राजकीय यात्रा राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर हो रही है।

पीएम मोदी इससे पहले वर्ष 2015 में सेशेल्स गए थे। इस बार सेशेल्स अपने राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती 50वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिसमें पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में भारतीय रक्षा बलों का एक दल और भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी हिस्सा लेंगे।

## सेना के अधिकारी का वाहन रोका

# थाने में की मारपीट, कमांडिग ऑफिसर समेत 40 जवानों पर एफआईआर दर्ज




एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर पुलिस ने किश्तवाड़ जिले में एक थाने में घुसकर पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में सेना के एक कमांडिंग ऑफिसर सहित कई सैन्य कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सेना ने गुरुवार (25 जून 2026) को कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और संयुक्त जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब पुलिस दल ने कथित यातायात उल्लंघन के चलते सेना के एक अधिकारी के निजी वाहन रोककर जब्त कर लिया।

अथोली पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि यह घटना 24 जून को उस समय हुई जब थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमृत कोटाच एक बैठक में शामिल होने के लिए पड्डर ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के कार्यालय गए हुए थे।

## कामाख्या मंदिर में शक्ति उपासकों की भीड़



### अंबुबाची मेला का आज अंतिम दिन

*गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी में नीलांचल पहाड़ियों पर इन दिनों शक्ति उपासकों की भारी भीड़ जमा है क्योंकि यहां पर हर साल की भांति अंबुवाची मेला जारी है। मां कामख्या के पावन धाम पर लगने वाले इस महापर्व में शामिल होने के लिए पूरे भारत से लाखों की तादाद में देवी के भक्त, साधु-संन्यासी और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। शक्ति की उपासकों से जुड़ा यह धार्मिक उत्सव 22 जून की शाम को शुरू हुआ था और 26 जून तक चलेगा।*

## खाड़ी से भारत के लिए बड़ी राहत, एलपीजी एलएनजी लेकर निकले

# 30 भारतीय जहाज ने पार किया होर्मुज, 26 कतार में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद से वैश्विक व्यापार के लिए सबसे संवेदनशील माने जाने वाले समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर गहरा असर पड़ा था। हालांकि, अब इस मार्ग से राहत की खबर आ रही है। जहाजरानी मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत आने वाले कुल 30 व्यावसायिक जहाज होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं। वहीं 26 अन्य जहाज अभी भी इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को पार करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



होर्मुज की खाड़ी में जहाज

### 10 जहाज ला रहे उर्वरक

*सूत्रों ने बताया कि 30 में से 19 जहाजों ने 1 मार्च से 17 जून के बीच इस मार्ग को पार किया था। इन 30 जहाजों में से 17 विदेशी ध्वज वाले जहाज हैं, जिनमें सबसे अधिक 5 जहाज मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले हैं। फारस की खाड़ी में अभी भी भारत से जुड़े 26 जहाज फंसे हुए हैं। इन जहाजों में से 3 जहाजों में ऊर्जा/ईंधन (एलपीजी, एलएनजी, तेल आदि) से लदे हैं। 10 जहाज उर्वरक लेकर आ रहे हैं। वहीं, 13 जहाज अन्य आवश्यक सामग्रियां लेकर आ रहे हैं। इन जहाजों के सुरक्षित पार होने का इंतजार किया जा रहा है। मार्च 1 से 17 जून के बीच कुल 19 जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट पार किया था।*

## आसमान में उड़ती स्वदेशी आंख दुश्मन की गतिविधि पर रखेगी नजर

### सभी जरूरी परीक्षणों और मानकों को पूरा किया

# ऑपरेशन सिंदूर को ताकत देने वाली 'नेत्रा' अब पूरी तरह ऑपरेशनल हुई

- नेत्रा प्रमाणित रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की सुरक्षा को नई ताकत देने वाली 'नेत्रा' अब पूरी तरह ऑपरेशनल हो गई है। आसमान में उड़ती यह स्वदेशी आंख दुश्मन की हर गतिविधि पर दूर से नजर रख सकती है और भारतीय वायुसेना को रियल-टाइम इंटेलिजेंस उपलब्ध कराती है। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सेंटर फॉर एयर बॉर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) में विकसित स्वदेशी टोही और निगरानी विमान नेत्रा अवॉक्स को फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेन्स यानी एफओसी मिल गया। इसका मतलब ये है कि बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली आसमान में हमारी आंख 'नेत्रा' अब पूरी तरह से वायु सेना को और सशक्त बनाने के लिए तैयार है।



### नेत्रा की खासियत

*नेत्रा भारत द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) प्रणाली है। यह हवाई निगरानी एवं कमांड-एंड-कंट्रोल प्रणाली है।*

### मिशन के लिए पूरी तरह तैयार

बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में उप वायु सेना प्रमुख अवधेश भारती ने एफओसी सर्टिफिकेट रिसीव किया और नेत्रा को प्रमाणित रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल करने की घोषणा की। एफओसी वह अंतिम चरण होता है।

### वायु सेना की ताकत बढ़ेगी

*एम्ब्रेयर विमान पर बना यह सिस्टम आसमान में दुश्मन की मिसाइलों और विमानों पर नजर रखकर भारतीय वायु सेना की ताकत को कई गुना बढ़ाने का काम करेगा। इस प्रोजेक्ट ने तहत अत्याधुनिक सर्विलांस सेंसर ब्राजीलियाई एम्ब्रेयर विमान पर फिट किए गए हैं। इस सिस्टम का मुख्य काम भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोनों, मिसाइलों और यहां तक कि समुद्री सतह पर मंडराने वाले खतरों की बहुत पहले ही टोह लेना और अर्ली वॉर्निंग जारी करना है।*

# ग्रुप बी में टॉप पर रहा स्विट्जरलैंड
# हारकर भी कनाडा नॉकआउट राउंड में

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

रुबेन वर्गास और योहान मंजांबी के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया। कनाडा इस मैच में हार के बावजूद स्विट्जरलैंड के साथ अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा। प्रॉमिस डेविड ने कनाडा के लिए मैच के आखिर में एक गोल किया।

इससे कनाडा ने ग्रुप बी में स्विट्जरलैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। उसने पहली बार नॉकआउट राउंड में जगह बनाई। स्विट्जरलैंड दो जुलाई को वैंकूवर में राउंड ऑफ 32 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना करेगा। स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहा, जबकि कनाडा ने चार अंक हासिल किए। बोस्निया-हर्ज़ेगोविना ने भी चार अंक हासिल किए लेकिन वह गोल अंतर के कारण तीसरे स्थान पर रहा।



### ग्रुप बी में बोस्निया से हारकर कतर टूर्नामेंट से बाहर

ग्रुप बी के दूसरे मैच में बोस्निया ने कतर को 3-1 से हराया और तीसरे स्थान के आधार पर अगले दौर में पहुंच सकता है। कतर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। विश्व कप की शुरुआत में स्विट्जरलैंड कतर के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद उसने बोस्निया को हराया।विश्व कप में तीसरी बार हिस्सा ले रहे कनाडा ने बोस्निया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप की शुरुआत की थी।

### स्थानापन्न खिलाड़ी मंजांबी का बेहतरीन प्रदर्शन

बोस्निया के खिलाफ स्विट्जरलैंड की 4-1 की जीत में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मंजांबी ने कनाडा के खिलाफ शुरुआती एकादश में जगह बनाई। दूसरे हाफ के शुरू होने के लगभग 40 सेकंड बाद ही वर्गास ने स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागा। उनका शॉट कनाडा के गोलकीपर मैक्सिम क्रेपेउ को चकमा देते हुए पोस्ट से टकराया और नेट में जा गिरा। इसके बाद 57वें मिनट में ब्रील एम्बोलो ने मंजांबी को क्रॉस दिया, जिनका शॉट क्रेपेउ के हाथों से निकलकर गोल में चला गया और स्विस टीम को 2-0 की बढ़त मिल गई। कनाडा ने 76वें मिनट में एक गोल करके वापसी की। डेविड ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर आने के लगभग एक मिनट बाद ही वॉली शॉट से गोल दाग दिया।

## विनीसियस के दो गोल से स्कॉटलैंड को हराकर ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा ब्राज़ील



**मियामी गार्डन्स।** विनीसियस जूनियर ने अपना जादुई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल किए जबकि मैथियास कुन्हा ने भी एक गोल दागा जिससे पांच बार के चैंपियन ब्राजील ने बुधवार को स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। ब्राज़ील ग्रुप सी में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक हासिल किए। मोरक्को ने भी सात अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया लेकिन वह गोल अंतर के कारण ब्राजील के बाद दूसरे नंबर पर रहा। स्कॉटलैंड के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम में जगह बनाकर अब भी अगले दौर में पहुंच सकता है। ज्ञात हो कि स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार विश्व कप में खेल रहा है। वह विश्व कप में कुल मिलाकर नौ बार भाग ले चुका है लेकिन कभी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है।

### विनीसियस ने तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए

विनीसियस ने ब्राजील के तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए। स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सातवें मिनट में और फिर हाफ टाइम से ठीक पहले इंजरी टाइम में गोल किया। कुन्हा ने 60वें मिनट में गोल दागा। विनीसियस वर्तमान टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे के चार गोल की बराबरी पर आ गए। अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अभी तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए हैं।

## दक्षिण कोरिया को हराकर पहली बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा द.अफ्रीका



**ग्वाडालूप (मैक्सिको)।** थापेलो मासेको के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार रात को दक्षिण कोरिया पर 1-0 से रोमांचक जीत हासिल करके पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मासेको ने त्शेपांग मोरेमी के सटीक क्रॉस पर 63वें मिनट में गोल किया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप ए में मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर रहा। मैक्सिको ने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को नॉकआउट मुकाबले में कैलिफोर्निया के इंगलवुड में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली कनाडा की टीम से भिड़ेगी।

## मैक्सिको ने पहली बार जीते ग्रुप चरण के तीनों मैच

**मैक्सिको सिटी।** माटेओ शावेज़ और जूलियन क्विनोन्स ने दूसरे हाफ में 6 मिनट के अंतराल में गोल किए जिससे मैक्सिको ने चेक गणराज्य को 3-0 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। मैक्सिको पहले ही नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुका था, लेकिन उसने शान से अगले दौर में कदम रखा। चेक गणराज्य केवल एक अंक ही हासिल कर पाया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया। अपने पहले विश्व कप में खेल रहे 22 वर्षीय शावेज़ ने 55वें मिनट में पहला गोल किया और क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागा।






## मोरक्को की हैती पर जीत में चमके रहीमी और यासीन




**अटलांटा।** सोफियान रहीमी और गेसिम यासीन ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरकर शानदार खेल दिखाया जिससे मोरक्को ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हैती को 4-2 से हराकर कैरेबियाई देश की विश्व कप फुटबॉल में पहली बार अंक हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मोरक्को इस तरह से ब्राजील के समान सात अंक लेकर ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल करके नॉकआउट राउंड में पहुंचा। ब्राजील ने बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। हैती ने अपने तीनों मैच गंवाए और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। पांच बार की चैंपियन ब्राजील ने एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया।

### मोरक्को ने पिछड़ने के बाद की वापसी

चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनी मोरक्को ने 52 वर्षों में पहली बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर खेल रही हैती की टीम के खिलाफ दो बार पिछड़ने के बाद वापसी की। रहीमी ने 78वें मिनट में मोरक्को को 3-2 से आगे कर दिया और यासीन ने 89वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-2 कर उलटफेर की किसी भी संभावना को खत्म कर दिया।

## कतर के असीम मदीबो पर पांच मैच का प्रतिबंध

**अटलांटा।** कतर के खिलाड़ी असीम मदीबो पर विश्व कप में कनाडा के मिडफील्डर इस्माइल कोने के पांव में फ्रैक्चर करने के लिए बुधवार को पांच मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया। वैंकूवर में पिछले बृहस्पतिवार को खेले गए मैच के दौरान यह घटना घटी। कनाडा ने इस मैच में कतर को 6-0 से करारी शिकस्त दी थी। मदीबो को गलत तरीके से टैकल करने के लिए तुरंत ही लाल कार्ड दिखाया गया था। फीफा की अनुशासनात्मक समिति ने अब उनका प्रतिबंध पांच मैच तक बढ़ा दिया है। समिति ने कहा है कि ऐसा अनुचित खेल के लिए किया गया है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जा सकती है। कोने को तब स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया और बाद में उनके बाएं पैर की टूटी हुई हड्डी की सर्जरी की गई। विश्व कप के दौरान घटी घटना के लिए यह सबसे बड़ी सजा नहीं है। ब्राजील में 2014 में खेले गए विश्व कप में उरुग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज़ को इटली के डिफेंडर जियोर्जियो चिएलिनी को काटने पर नौ मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया था।



## आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच आज वैभव होंगे टीम में तो कौन होगा बाहर ?



एजेंसी ▶▶| बेलफास्ट

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत जब आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने नए युग की शुरुआत करेगा तो उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना होगा।

15 वर्षीय सूर्यवंशी ने श्रीलंका ए के खिलाफ फाइनल में 29 गेंद पर 94 रन की तूफानी पारी खेली थी जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। आम क्रिकेट प्रेमी यही चाहता है कि सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिले, लेकिन टीम प्रबंधन के लिए यह काम आसान नहीं होगा।ये मुकाबला 26 जून को बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से शुरू होगा।

**भारत के शीर्ष क्रम बल्लेबाजों में ये शामिल:** भारत के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन हैं। उनके टी20 रिकॉर्ड को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मार्च में आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली जीत में सैमसन, अभिषेक और किशन ने अर्धशतक बनाए थे। टीम प्रबंधन अगर सूर्यवंशी को सलामी बल्लेबाज के रूप में शामिल करता है तो फिर सैमसन या अभिषेक में से किसी एक को या तो बल्लेबाजी क्रम नीचे खेलना होगा या टीम से बाहर होना पड़ेगा।

**चौथे से छठे नंबर तक बल्लेबाजी में फंसा पेंच:** टीम प्रबंधन सैमसन को मध्य क्रम में भेज सकता है, क्योंकि वह पहले भी चौथे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर चुके हैं। लेकिन अब उन स्थान पर कप्तान अय्यर और उप-कप्तान तिलक वर्मा खेलेंगे। ऐसे में छठे नंबर पर ही जगह ही खाली रह जाएगी।

**टीम इंडिया को पांच गेंदबाजों के साथ उतरना पड़ेगा मैदान में**

सैमसन को छठे नंबर पर उतारने से भारत को केवल पांच गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरना पड़ेगा। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और वरुण चक्रवर्ती की अनुपस्थिति में यह विभाग पहले से ही कमजोर नजर आता है।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अगले माह बेल्जियम दौरे पर जाएगी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम अगले महीने बेल्जियम के दौरे पर जाएगी जहां वह मेजबान बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ छह मैच खेलेगी। यह दौरा टीम के नए कोच फ्रेडरिक सोयेज के मार्गदर्शन में इस साल के आखिर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप की तैयारी का अहम हिस्सा होगा। इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो-दो मैच और जर्मनी तथा नीदरलैंड के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी।

## कोच राष्ट्रीय रिकॉर्ड पर ध्यान देने को कहते हैं: देव

**भुवनेश्वर।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव मीना ने पिछले दो वर्षों में पांचवीं बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है और उन्होंने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय अपने कोच को दिया जो उनसे हर प्रतियोगिता में अपना स्तर बढ़ाने के लिए कहते थे। बुधवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देव ने 5.46 मीटर की ऊंचाई पार करके अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (5.45 मीटर) तोड़ा। पिछला रिकॉर्ड उन्होंने बीते महीने रांची में फेडरेशन कप के दौरान अपने राज्य के साथी और ट्रेनिंग साझेदार कुलदीप कुमार के साथ साझा किया था।

## साई की एथलीट पूजा ने बनाई एशियन गेम्स-26 में जगह



**भोपाल।** साई एनसीओई भोपाल की एथलीट पूजा ओला ने भुवनेश्वर में चल रही 65वीं राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला वर्ग 800 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2:04.37 सेकंड का समय दर्ज किया। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया तथा एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पोडियम पर दूसरा स्थान दिलाया और आगामी एशियन गेम्स महाकुंभ में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया। यह उपलब्धि पूजा की निरंतर मेहनत, अनुशासन और साई एनसीओई भोपाल के कोचिंग एवं स्पोर्ट्स साइंस दल के समर्पित सहयोग का परिणाम है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय निदेशक, साई सीआरसी भोपाल अभिषेक सिंह चौहान ने पूजा को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा एशियन गेम्स में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।


DSJDW/6/1/0003/2025-O/oSJDW-BPL-COLL    I/1111488/2026

**कार्यालय संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण भोपाल संभाग भोपाल**
**(शेड क्रमांक 1 पुराना सचिवालय कमिश्नर आफिस के पीछे भोपाल)**
{Email:pswbho@mp.nic.in}

क्रमांक/पोषक/2026-27/I/1111488/2026    भोपाल दिनांक 23-06-2026

**//निविदा//**

मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक/बालिकाओं का आवासीय छात्रावास भोपाल में संचालित है, जिसमें दिव्यांग बालक/बालिकाऐं छात्रावास में निवासरत है। वर्ष 2026-27 में छात्रावासी दिव्यांग बालक/बालिकाओं को चाय नाश्ता एवं भोजन की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मस/एजेंसियों से सीलबंद निविदाएँ दिनांक 17/07/2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। अंतिम तिथि तक प्राप्त निविदाएँ, उसी दिनांक को सायं 4.00 बजे निविदा समिति के समक्ष कार्यालय संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला भोपाल (शेड क्रमांक 1 पुराना सचिवालय कमिश्नर आफिस के पीछे भोपाल) के कार्यालय में खोली जावेंगीं।

निविदा फार्म कार्यालय संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला भोपाल से रुपए 1000/- (रुपए एक हजार मात्र) का एम.पी.टी.सी.6 के माध्यम से कार्यालय में भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा इस कार्यालय से प्रदाय किए गये मूल फार्म में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**संयुक्त संचालक**
**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण**
**भोपाल संभाग भोपाल**

जी -14936/26 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्रं./ लोककर्म/न.नि./2026/20    सागर दिनांक 25/6/26

:: ऑनलाईन निविदा सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत राशि रू. एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. राशि रु | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_517566_1 26-06-2026 | मुख्यमंत्री मत्स्य समृद्धि योजनान्तर्गत विभिन्न 09 स्थानों पर फिश पार्लर निर्माण कार्य | 36,90,000 02 माह | 5,000=00 27,675=00 | 27-07-2026 शाम 17:30 तक |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जोवेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**सागर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**
Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक /3520/ न.पा. / निर्माण / 2026    टीकमगढ, दिनांक 22/06/2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_517274_1 24-06-2026 को शाय 05:00 बजे से | वार्ड नं. 13 में विभिन्न स्थानों पर सीवर लाईन एवं सी.सी रोड एवं आर. सी.सी नाली का निर्माण कार्य। | 6 माह 4639732.00 | 5000 34797 | 27.07.2026 सांय 05:30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र कं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।
नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद टीकमगढ**
**जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)**

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, नर्मदापुरम शाखा, नर्मदापुरम** | | |
| ऋणी: **श्री पर्वत सिंह राजपूत पुत्र सज्जन सिंह राजपूत** पताः 13, डांगीवाड़ा, ग्राम- नागवाड़ा तहसील-बाबई, जिला-होशंगाबाद 461001 सहऋणी: **श्री जगदीश सिंह राजपूत पुत्र श्री सज्जन सिंह** पताः 25, डांगीवाड़ा, ग्राम-नागवाड़ा तहसील-बाबई जिला-होशंगाबाद 461001 | मांग सूचना दिनांक 22.05.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 5,63,138.62/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 18.05.2026 | **संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी प्लाट क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट डायवर्टेड खसरा नंबर 354/1, ग्राम-सामोन, तहसील- बाबई, ज़िला- होशंगाबाद (म.प्र.)** चर्तुसीमाएँः पूर्वः श्याम सुंदर शर्मा का प्लॉट, पश्चिमः राजकुमार गुप्ता का प्लॉट, उत्तरः सड़क, दक्षिणः विक्रेता का शेष क्षेत्र, टाइटल होल्डर का नाम- श्री पर्वत सिंह राजपूत (पिताः सज्जन सिंह राजपूत)। |
| **केनरा बैंक, कुंजन नगर, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्रीमती आशा बाई पति श्री सीता राम साहू** जमानतदारः **श्री सीता राम साहू पुत्र श्री सुंदर लाल** पता-फेस 3, शिव नगर, आटा चक्की भानपुर के पास, भोपाल (म.प्र.) | मांग सूचना दिनांक 17.04.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 27,22,326.08/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 13.04.2026 | **बंधक संपत्ति कामर्शियल डायवर्टेड भूमि स्थित खसरा नं. 23/3 एवं 24/2, ग्राम अर्रावती, हल्का अर्रावती, प.ह.नं. 85/35, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल क्षेत्रफल 0.347 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.357 हेक्टेयर। डीड के अनुसार चर्तुसीमाएँः** पूर्वः मनमोहन शर्मा की जमीन, पश्चिमः चौकीदार की जमीन, उत्तरः गोलू साहू की जमीन, दक्षिणः श्री दयाराम साहू की जमीन। **वास्तविक चर्तुसीमाएं-** पूर्वः सड़क, पश्चिमः चौकीदार की जमीन, उत्तरः गोलू साहू की जमीन, दक्षिणः श्री दयाराम साहू की जमीन। टाइटल होल्डर का नाम- श्रीमती आशा बाई, पत्नी श्री सीताराम साहू। |
| **केनरा बैंक, बैरसिया रोड शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **बालाजी पशु पालन डेयरी (प्रोप. श्री राजेंद्र राजपूत पुत्र श्री चंदर सिंह** पताः खसरा नंबर 68, ग्राम मेहरखेड़ी तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर जमानतदारः **श्रीमती प्रेम बाई पत्नी श्री चंदर सिंह** पताः ग्राम मेहरखेड़ी तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर | मांग सूचना दिनांक 15.06.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 2,73,46,826.05/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 11.06.2026 | **(1) बंधक संपत्ति परिवर्तित भूमि एवं भवन (शेड और जमीन पर बनी किसी भी अन्य संरचना सहित) क्षेत्रफल- 0.408 हेक्टेयर, खसरा नंबर 68, ग्राम मेहरखेड़ी, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर, म.प्र. चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - खसरा नंबर 67 की जमीन, पश्चिम - खसरा नंबर 71 और 75 की जमीन, उत्तर - सड़क, दक्षिण - खसरा नंबर 69 की जमीन, टाइटल होल्डर का नाम- श्रीमती प्रेम बाई पत्नी श्री चंदर सिंह। **(2) बंधक संपत्ति परिवर्तित भूमि एवं भवन (शेड और जमीन पर बनी किसी भी अन्य संरचना सहित) क्षेत्रफल- 1.578 हेक्टेयर, खसरा नंबर 71, ग्राम मेहरखेड़ी, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर, म.प्र. चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - खसरा नंबर 68 की जमीन (मालिक की दूसरी जमीन जो सड़क से जुड़ी है), पश्चिम - खसरा नंबर 72 और 73 की जमीन, उत्तर - खसरा नंबर 74 की जमीन, दक्षिण - खसरा नंबर 70 की जमीन, टाइटल होल्डर का नाम- श्रीमती प्रेम बाई (पत्नी श्री चंदर सिंह) |
| ऋणीः **मेसर्स श्री हरिहर डेयरी प्रोप - श्री चंद सिंह राजपूत पुत्र श्री हरि नारायण राजपूत** पता खसरा नंबर 1½ ग्राम चितौदा पटवारी हल्का नंबर-15 चितौदा, तहसील- सुजालपुर जिला-शाजापुर | मांग सूचना दिनांक 15.06.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 2,65,69,596.25/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 14.06.2026 | **(1) बंधक संपत्ति डायवर्टेड भूमि क्षेत्रफल- 0.405 हेक्टेयर खसरा नं. ½, ग्राम-चितौदा, तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर, म.प्र. चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - खसरा नंबर 04, पश्चिम - कच्चा रास्ता, उत्तर - कच्चा रास्ता, दक्षिण - खसरा नंबर 03, टाइटल होल्डर का नाम- श्री चंद सिंह राजपूत पुत्र श्री हरि नारायण राजपूत **(1) बंधक संपत्ति डायवर्टेड भूमि क्षेत्रफल- 2.97 हेक्टेयर खसरा नं. 1/1, ग्राम-चितौदा, तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर, म.प्र. चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - मालिक की जमीन, पश्चिम - मालिक की जमीन, उत्तर - कच्चा रास्ता, दक्षिण - मालिक की जमीन, टाइटल होल्डर का नाम- श्री चंद सिंह राजपूत, पुत्र श्री हरि नारायण राजपूत |
| **केनरा बैंक, कोहेफिजा शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्री नरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र श्री आर.सी. वर्मा** सहऋणीः **श्री सुरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र श्री आर.सी. वर्मा** दोनों का पता : एम 12 सिद्धार्थ एन्क्लेव राज होम्स, नरेला शंकरी, भोपाल, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश - 462023 | मांग सूचना दिनांक 12.06.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 8,39,428.59/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 04.06.2026 | **संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी फ्लैट नं. Y-12, द्वितीय तल, Y ब्लॉक काम्पलेक्स, सिद्धार्थ इन्क्लेव स्थित रेवेन्यू सर्वे नंबर 239/9 से 239/14 वाली जमीन पर निर्मित, ग्राम- नरेला शंकरी, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल निर्मित क्षेत्रफल- 536 वर्गफिट चर्तुसीमाएं-**पूर्वः फ़्लैट नंबर -Y-09, पश्चिमः सड़क, उत्तरः फ़्लैट नंबर जेड-11, दक्षिणः फ़्लैट नंबर - Y-11, टाइटल होल्डर का नाम- श्री नरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र आर.सी. वर्मा और श्री सुरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र आर.सी. वर्मा |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 26/06/2026**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**केनरा बैंक**





# मानवता की सेवा के 50 वर्ष अनूठा उदाहरण

# योग से शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन, यही सकारात्मकता का संकेत

**वरिष्ठ योगाचार्य, समाज सेवक एवं लेखक डॉ. पवन गुरु से हरिभूमि की विशेष बातचीत**

प्रवीण सक्सेना ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा


वरिष्ठ योगाचार्य डॉ. पवन गुरु

डॉ. पवन गुरु एक ऐसा नाम जो जीवन योग साधना, मानव सेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव और अथक परिश्रम के माध्यम से लाखों लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है। वे वरिष्ठ योगाचार्य, समाज सेवक तथा लेखक हैं। उनके योग जीवन के 50 वर्ष पूरे होने पर 'हरिभूमि' ने उनसे विशेष बातचीत की जिसमें उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन के बारे में वह सब कुछ बताया, जिसके बारे में जानने की जिज्ञासा सबके मन में रहती है।

■ **सवालः आपका जन्म किस परिवार में हुआ, माता-पिता के बारे में बताइए?**
**जवाबः** मेरा जन्म वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार जगदीश गुरु मनोरमा गुरू के पुत्र के रूप में एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। वहीं, मेरी पत्नी ने कंधे से कंधा मिलाकर इस कार्य को आगे बढ़ाया। उनका नाम ममता गुरु है। वे योगाचार्य एवं आहार विशेषज्ञ होने के साथ स्वास्थ्य मार्गदर्शक के रूप में एक समर्पित योगाचार्य एवं स्वास्थ्य जागरूकता विशेषज्ञ हैं।

■ **सवालः योग की शिक्षा कहां से ली?**
**जवाबः** मैंने योग की शिक्षा योगरत्न डॉ केएम गांगुली से ली है। उनका योग, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान है।

■ **सवालः योग क्या है, क्या यह सिर्फ एक व्यायाम है या कुछ और भी?**
**जवाबः** मेरा मानना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण कला है। योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है तथा उसे स्वस्थ, शांत और सकारात्मक बनाता है।

■ **सवालः आपने किस आयु वर्ग को लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया है?**
**जवाबः** मैंने विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया है। इनमें बच्चे, युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक तथा विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष योग कार्यक्रम तैयार किए हैं। मैं योग को सरल, वैज्ञानिक और व्यवहारिक तरीके से प्रस्तुत करता हूं, जिससे सामान्य व्यक्ति भी उसे जीवन में अपना सके।

■ **सवालः क्या योग के माध्यम से लोग बीमारियों से ठीक हुए हैं?**
**जवाबः** अवश्य। योग के माध्यम से अनेक लोगों को तनाव, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, पीठ दर्द और अन्य जीवनशैली संबंधी समस्याओं से राहत पाने में सहायता प्राप्त की है। नियमित योगाभ्यास और संतुलित जीवनशैली से अनेक रोगों की रोकथाम संभव है। योग के साथ-साथ सकारात्मक सोच, संतुलित आहार और नैतिक मूल्यों के महत्व पर भी बल दिया जाए तो ये सब आसान हो जाता है।

■ **सवालः क्या गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों को भी आपके योग से कोई लाभ मिला है?**
**जवाबः** जी हां, मैंने समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अनेक सामाजिक कार्यक्रमों का 100 ज्यादा हेल्थ कैंप संचालन किया है। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निःशुल्क योग शिविर, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा संबंधी गतिविधियों में सहभागिता की है। मेरा विश्वास है कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ, शिक्षित और जागरूक हो।

■ **सवालः समाजसेवा को आप किस तरह से देखते हैं?**
**जवाबः** समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यों का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना भी है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, योग अपनाने और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित करना भी हैं।

■ **सवालः आप एक लेखक भी हैं, अभी तक किन विषयों पर कितनी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं?**
**जवाबः** एक लेखक के रूप में मैंने योग पर आठ पुस्तक लिखी है जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों में हैं। योग, स्वास्थ्य, जीवन प्रबंधन, नैतिक शिक्षा और सामाजिक विषयों पर अनेक लेख लिखे हैं। ये लेख सरल भाषा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक उपयोगिता की पहचान हैं। इसके साथ ही लेखन के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास रहता है कि स्वस्थ जीवन के लिए महंगी दवाओं की अपेक्षा नियमित योग, संतुलित आहार और सकारात्मक जीवनशैली अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। ये लेख विभिन्न समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और सामाजिक मंचों पर 2000 सबसे ज्यादा आर्टिकल प्रकाशित हो चुके हैं। वहीं वीडियो के माध्यम से दूरदर्शन के और अपने चैनलों के माध्यम 400 सबसे ज्यादा एपिसोड हो चुके हैं।

■ **सवालः आपने इतने आर्टिकल, पुस्तकें लिखीं तो सम्मान भी मिले होंगे?**
**जवाबः** अभी तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय 182 से ज्यादा अवार्ड मिल चुके हैं। इस समाज सेवा के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और संस्था 88 वर्षों से जन सेवा के कार्य कर रही है, जो समाज सेवा का अनूठा उदाहरण है, इसलिए मुझे मप्र योग एंबेसडर बनाया गया है।

■ **सवालः क्या आप भी रोज योगाभ्यास करते हैं ?**
**जवाबः** मैं स्वयं नियमित योगाभ्यास करता हूं और जीवन में योग के सिद्धांतों का पालन करता हूं। आज जब तनाव, अस्वस्थ जीवनशैली और विभिन्न रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, तब योगाचार्यों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इसलिए लोगों को केवल योग सिखाने का कार्य नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ, संतुलित और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देना भी है।

**लीग चरण में बेहतर प्रदर्शन और ऊंची रैंकिंग से पाया खास मुकाम**

# रॉयल निमाड़ ईगल्स एमपीएल 2026 के फाइनल में पहुंचा

**बारिश की भेंट चढ़ा रीवा जैगुआर्स के बीच मुकाबला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 के पहले सेमीफाइनल में रॉयल निमाड़ ईगल्स और रीवा जैगुआर्स के बीच गुरुवार को होलकर स्टेडियम, इंदौर में खेला गया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। लगातार बारिश के कारण मैच का परिणाम नहीं निकल सका, लेकिन लीग चरण में बेहतर प्रदर्शन और ऊंची रैंकिंग के आधार पर रॉयल निमाड़ ईगल्स ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। रीवा जैगुआर्स की पारी 7.2 ओवर में 4 विकेट पर 41 रन तक पहुंची थी, तभी बारिश ने खेल रोक दिया और अंततः मुकाबले को 'नो रिजल्ट' घोषित करना पड़ा।

## गेंदबाजी का फैसला

टॉस जीतकर रॉयल निमाड़ ईगल्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। रीवा को पहला झटका 2 रन पर लगा, जब अक्षत रघुवंशी बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद मोहम्मद अरहम आकिल 9 रन और अनंत वर्मा बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। रीवा की ओर से कप्तान पृथ्वीराज सिंह तोमर ने 22 गेंदों में 25 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन 7.2 ओवर में उनके आउट होते ही बारिश ने मैच पर पूरी तरह विराम लगा दिया। उस समय सागर सोलंकी 5 रन बनाकर नाबाद थे।

## कार्तिकेय की गेंदबाजी रही सबसे प्रभावशाली

रॉयल निमाड़ ईगल्स की ओर से गेंदबाजी में कुमार कार्तिकेय सबसे प्रभावशाली रहे। उन्होंने 2 ओवर में सिर्फ 5 रन देकर 2 विकेट झटके। इसके अलावा परुष मंडल और धर्मेश पटेल ने 1-1 विकेट हासिल किया। ईगल्स के गेंदबाजों ने नई गेंद से सटीक लाइन-लेंथ के साथ रीवा के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी।

## 9 मैच में 7 जीत के साथ अर्जित किए थे 15 अंक

रॉयल निमाड़ ईगल्स ने लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 मैचों में 7 जीत के साथ 15 अंक अर्जित किए और अंकतालिका में दूसरा स्थान हासिल किया था, जबकि रीवा जैगुआर्स 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसी बेहतर लीग प्रदर्शन के चलते बारिश से बाधित सेमीफाइनल का फैसला रॉयल निमाड़ ईगल्स के पक्ष में गया और टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में जगह पक्की कर ली।




अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930